जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11

खेल



**टेनिस स्टार गार्बाइन मुगुरुजा ने संन्यास का एलान किया, दो ग्रैंड स्लेम जीते**

Page 10

देश



**बड़ी योजना बना रहा लॉरेंसबिश्नोई, झारखंड के जेल में बंद अमन शाहू के साथ किया...**

शुक्ल पक्ष हस्त संवत 2081


• औरंगाबाद • सोमवार • 22 अप्रैल 2024 • वर्ष 26 • अंक 131 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹74,240 | ₹86,500 |





## आज का इतिहास

- **1921 : स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने देश सेवा के लिए भारतीय सिविल सेवा की नौकरी से इस्तीफा दिया।**
- **1958 : एडमिरल आर डी कटारी भारतीय नौसेना में पहले प्रमुख बने।**

## न्यूज बाइट्स

### आज से शुरू होगी पीपीयू स्नातक पार्ट- 3 की परीक्षा

**पटना (नि.सं.)।** पाटलीपुत्र यूनिवर्सिटी में स्नातक पार्ट थ्री की परीक्षा आज से शुरू होगी। इस परीक्षा के लिए पटना, बाढ़ और नालंदा में 63 केंद्र बने हैं। इस दौरान हर वीक्षक परीक्षा शुरू होने से पहले छात्रों को पूरी जानकारी देंगे। उन्हें बताएंगे कि किन-किन चीजों को अपने उत्तर पुस्तिका में निश्चित रूप से भरना है। परीक्षा नियंत्रक डा. मनोज कुमार ने कहा कि परीक्षा शुरू होने के 45 मिनट पहले प्रश्न को स्ट्रांग रूम से लाया जाएगा। इसके बाद परीक्षा शुरू होने के 15 मिनट पहले केंद्राधीक्षक, पर्यवेक्षक व वीक्षकों की मौजदगी में इसका सील खोलकर परीक्षा कक्षों में वितरण के लिए भेजा जाएगा।

### पटना समेत 8 जिलों में 24 तक लू का अलर्ट

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में पिछले तीन-चार दिनों से गर्म पछुआ हवा चल रही है। इससे अधिकतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है और लोग गर्मी महसूस कर रहे हैं। मौसम विभाग ने 21 से 24 अप्रैल तक पटना, शेखपुरा, जमुई, भोजपुर, औरंगाबाद, बांका, नवादा और नालंदा जिले में लू का अलर्ट किया गया है। पटना में पहली बार लू चलने को लेकर चेतावनी दी गई है।

### महुआ मोइत्रा पर बंगाल सरकार के स्टीकर वाली गाड़ी इस्तेमाल करने का आरोप

**कोलकाता (ए.)।** भाजपा ने बंगाल की कृष्णानगर लोकसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस प्रत्याशी महुआ मोइत्रा पर राज्य सरकार का स्टीकर लगी गाड़ी का इस्तेमाल कर चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। पार्टी की ओर से इस बाबत राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी के कार्यालय में ईमेल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई गई है।

### विकसित भारत के निर्माण में योगदान करें लोक सेवक

**नई दिल्ली (ए.)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लोक सेवा दिवस पर लोक सेवकों को शुभकामनाएं दी है और विकसित भारत के निर्माण में योगदान करने का आह्वान किया है। श्री धनखड़ ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि भारत के प्रशासनिक ढांचे में रीड की हड्डी 'लोकसेवक' का राष्ट्र के विकास और प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान है।

### बाहुबली अनंत सिंह की बिगड़ी तबीयत

**पटना (नि.सं.)।** आईजीआईएमएस में भर्ती कराया गया है। अनंत सिंह को किडनी से संबंधित समस्या के बाद अस्पताल में एडमिट कराया गया है। डॉक्टरों ने उनकी जांच की है और उनका इलाज किया जा रहा है। तीन दिन पहले भी उनकी तबीयत बिगड़ी थी। अस्पताल के एक डॉक्टर ने बताया कि किडनी से जुड़ी समस्या है। उनका क्रिएटिनिन लेवल भी बढ़ा हुआ है।

लोकसभा चुनाव : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बिहार दौरे पर रहे और उन्होंने कटिहार में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा

# मोदी ने देश से परिवारवाद, जातिवाद और तुष्टिकरण को किया समाप्त

**विपक्ष के साथ गए तो अत्याचार मिलेगा, पिछड़ा विरोधी कांग्रेस की गोद में बैठे हैं लालू-तेजस्वी**

**निज संवाददाता | कटिहार**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को बिहार दौरे रहे और उन्होंने कटिहार में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि मोदी जी ने देश से परिवारवाद, जातिवाद और तुष्टिकरण को समाप्त किया है। इसके साथ ही मोदी जी ने हर वर्ग, हर व्यक्ति का विकास किया है। वर्षों से कांग्रेस पार्टी और इनके साथी लालू जी कहते थे कि 'गरीबी हटाओ', लेकिन गरीबी नहीं हटी। मोदी जी ने मात्र 10 वर्ष में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। लालू यादव और राबड़ी देवी ने मिलकर बिहार को जंगलराज में बदल दिया था। अमित शाह ने आगे कहा कि गरीब, पिछड़ा, ओबीसी... सब पर अत्याचार होते थे। आज लालू यादव और इनके बेटे कांग्रेस की गोद में जाकर बैठे हैं। ये वही कांग्रेस पार्टी है, जिसने पिछड़ा समाज को आरक्षण देने वाली काका कालेलकर की रिपोर्ट और मंडल कमीशन की रिपोर्ट का विरोध किया था। उन्होंने कहा कि पीएम ने परिवारवाद खत्म किया। देश को सुरक्षित किया, आतंक को खत्म किया। इंडी गठबंधन के लोग कहते हैं बिहार-राजस्थान को कश्मीर से क्या मतलब। कश्मीर हमारा है। लालू की लालटेन और पंजे के साथ जाएंगे तो अत्याचार, दंगा मिलेगा। कमल के साथ आएंगे तो डबल इंजन की सरकार खुशहाली आएगी।

अमित शाह ने अपने 16 मिनट के भाषण में उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धियां भी गिनवाई। शाह ने कहा कि इंडी गठबंधन वाले बिहार को लालटेन युग में ले जाना चाहते हैं। जबकि नीतीश जी ने घर-घर बिजली पहुंचाई। वहीं सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार में पहले कांग्रेस का राज फिर 15 साल पति-पत्नी का राज। दो बार इनलोगों को हमने मौका भी दिया, लेकिन गड़बड़ किए तो हटा दिया। बीजेपी के साथ मेरा साथ 1995 से है। अब बिहार में सिर्फ काम हो रहा है। 10 दिन में अमित शाह का ये दूसरा बिहार दौरा था।



#### हम दाएं-बाएं भागे हुए थे, अब नहीं जाएंगे : सीएम

नीतीश कुमार ने कहा कि हमलोगों ने हिन्दू-मुस्लिम सहित सभी लोगों के लिए काम किया है। हमने हिन्दू-मुस्लिम का झगड़ा खत्म कर दिया। लड़कियों के पढ़ाने का काम कर रहे हैं। 2005 के बाद पंचायत चुनाव में महिलाओं को 50 प्रतिशत का आरक्षण दिया। आज हम कम बोलेंगे, क्योंकि अमित शाह को सुनना है। हम भागे हुए थे, फिर भी अमित शाह हम से बात करते थे। अब हम दाएं-बाएं भागे हुए थे। अब हम नहीं भागेंगे।

#### देश को पहला ओबीसी पीएम बीजेपी ने बनाया

बीजेपी ने देश को पहला ओबीसी वर्ग के पीएम नरेंद्र मोदी के तौर पर दिया। गरीब चाय बेचने वाले को प्रधानमंत्री किया। मोदी जी ने अपने कैबिनेट में 35 फीसदी पिछड़ा-अति पिछड़ा सांसदों को जगह दी।

#### बिहार और देश तरक्की कर रहा : विजय चौधरी

मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि देश और बिहार तेज गति से तरक्की कर रहा है। कटिहार की जनता बहुत जागरूक है। 26 अप्रैल को एनडीए उम्मीदवार को विजय बनाने की अपील उन्होंने की है।

#### लालू ने बिहार में दिया जंगलराज

आपलोगों को लालू-राबड़ी का शासन याद है ना। बिहार को जंगलराज में बदलकर रख दिया था। पिछड़ा, दलित, गरीब सबके साथ अत्याचार होता था। देश में पीएम मोदी और बिहार में नीतीश कुमार के आने के बाद गरीबों पर अत्याचार बंद हुआ।

#### अमित शाह का 10 दिन में दूसरा दौरा

अमित शाह आज कटिहार में एनडीए प्रत्याशी दुलाल चंद्र गोस्वामी के लिए प्रचार करने पहुंचे हैं। इससे पहले 11 अप्रैल को उनकी गया में सभा हुई थी, जहां जीतनराम मांझी के लिए वोट मांगे थे।

सीएम ने किशनगंज में जनसभा को किया सम्बोधित, कहा

# मेरे लिए पूरा बिहार परिवार



**निज संवाददाता | किशनगंज**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने एक दिवसीय दौरे के तहत रविवार को किशनगंज पहुंचे हैं। लोकसभा चुनाव को लेकर वे ठाकुरगंज अंतर्गत स्थित गांधी मैदान में एक बड़े जनसभा को संबोधित किए है, जहां उन्होंने विपक्षियों पर तंज कसते हुए कई बातें बोलीं। मुख्यमंत्री ने सभी कार्यकर्ताओं, नेताओं और पत्रकारों का धन्यवाद जताया। कांग्रेस पर कहा कि वो लोग ये दावा करते हैं कि मुस्लिम समाज के लोगों का काम करते हैं तो मैं मुस्लिम भाइयों को बताना चाहता हूं कि मेरे राज में सड़क बनी, अस्पताल बने, शाम के बाद पहले लोग निकल नहीं पाता है। पहले हिंदू मुस्लिम का झगड़ा कितना होता था, पहले लड़कियां कितना कम पढ़ पाती थी और अब कितना पढ़ती हैं। उन्होंने सभी प्रकार के योजनाओं का जिक्र किया। उन्होंने आगे तेजस्वी यादव और उनके परिवार पर तंज कसते हुए कहा कि उन लोगों ने किसी को नौकरी दी है ? राजद और कांग्रेस परिवारवादी है, हमेशा अपने परिवार को ही लेकर उठते हैं, बैठते हैं और हम किसी परिवार को रखे हैं क्या? मेरे लिए पूरा बिहार परिवार है। उन्होंने आगे मास्टर मुजाहिद को माला पहनाकर लोगों से जीत की अपील की है और आगे कहा कि अगर कहीं कमी रहेगी तो हम आगे आकर सब पूरा कर देंगे। मास्टर मुजाहिद ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का धन्यवाद जताया और कहा कि आने वाले 26 अप्रैल को चुनाव होना है। आप सभी के सहयोग से बिहार के 40 में से 40 सीट एनडीए जीत रही है। उन्होंने सांसद पर तंज कसते हुए कहा कि आपने जिसे 5 साल पहले जिताया है, उनका चेहरा तक नहीं देख पाया है। एआईएमआईएम के जो कैंडिडेट हैं वो सिर्फ किशनगंज की शांति और सद्भाव माहौल को बिगाड़ने का काम कर रहे हैं। मास्टर मुजाहिद ने कहा कि मेरी हैसियत नहीं है, मैं चुनाव लड़ सकूं। उन दोनों पूंजीपतियों ने पानी की तरह पैसे को बहाया है। सैयद शाहनवाज हुसैन ने कोंग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस बड़े बड़े डिंग हांकते हैं कि हम सेक्युलर हैं और भागलपुर में दंगा कराने वाले कांग्रेस किशनगंज में सेक्युलर की बात करते हैं।

आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़

# सुरक्षा बलों ने आठ आईईडी सहित वायरलेस सेट किए जब्त



**एजेंसी | राजौरी/जम्मू**

जम्मू कश्मीर में सुरक्षा बलों के हाथ बड़ी कामयाबी लगी है। फोर्स ने जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के एक गांव में एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया। इसमें आठ आईईडी, दो वायरलेस सेट और कुछ गोला-बारूद बरामद हुआ। अधिकारियों ने खुद इसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि बरामद सामग्री अत्यधिक जंग लगी हालत में थी। इससे पता चलता है कि दो दशक पहले जिले के उग्रवाद से मुक्त होने से पहले जब आतंकवादी यहां सक्रिय थे, तब इस ठिकाने का उपयोग किया जाता था। सेना की सहायता से पुलिस ने राजौरी शहर से 30 किलोमीटर दूर थन्नामंडी इलाके के अजमताबाद गांव में तलाशी अभियान चलाया। इसी दौरान ठिकाने का पता चला। अधिकारियों ने बताया कि एक आईईडी का वजन एक किलोग्राम है, जबकि बाकी सात का वजन आधा किलोग्राम है। उनके साथ एके-47 राइफल की तीन मैगजीन, 102 राउंड गोला-बारूद, एक चार्जर और दो वायरलेस सेट जब्त किए गए हैं।

# एनडीए की सरकार का बनना आदिवासियों के लिए खतरनाक : कल्पना सोरेन




**निज संवाददाता | रांची**

झारखंड की राजधानी रांची के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में रविवार को इंडिया गठबंधन की ओर से उलगुलान न्याय महारैली आयोजित की गयी। देशभर के नेताओं ने महारैली के जरिए सियासी शक्ति का प्रदर्शन किया। झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने जय झारखंड के साथ लोगों का स्वागत किया। उन्होंने मंच से हेमंत सोरेन का भावुक खत पढ़ा। हेमंत सोरेन ने पत्र के जरिए संदेश दिया कि 2024 में एनडीए की सरकार बनी, तो ये सरकार आदिवासियों के लिए खतरनाक साबित होगी। केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर उन्हें जेल में डाल दिया गया है। यही वजह है कि वे महारैली में उपस्थित नहीं हैं। पत्र के जरिए जेल से संदेश भिजवाने पर मजबूर हैं। हेमंत सोरेन के पत्र को कल्पना सोरेन ने पढ़कर सुनाया। इसमें लिखा था कि झारखंड उलगुलान रैली में मैं आपके साथ नहीं हूं। कई दिनों से केंद्र सरकार ने मुझे और अरविंद केजरीवाल व उनके साथियों को जेल में डाल रखा है। आजादी के बाद पहली बार किसी राज्य के मुख्यमंत्री और शीर्ष नेताओं को जेल में रखा गया है। खैर, मुझे ख़ुशी है कि हम अपने देश के लिए लड़ रहे हैं। उलगुलान का मतलब ही है अब और नहीं चलेगा। देश टूटने नहीं देंगे। एक तरफ इंडिया गठबंधन के लोग हैं और दूसरी तरफ देश को लूटने वाले लोग हैं। 2014 में एनडीए की सरकार बनते ही ये स्थिति है।

# स्वास्थ्य बीमा का बदला नियम, 65 साल से ज्यादा उम्र के लोग भी ले सकेंगे हेल्थ इंश्योरेंस

**एजेंसी | नई दिल्ली**

बाजार को व्यापक बनाने और स्वास्थ्य देखभाल खर्चों से पर्याप्त सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीमा नियामक इरडाई ने स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी खरीदने वाले व्यक्तियों के लिए 65 वर्ष की आयु सीमा हटा दी है। स्वास्थ्य बीमा योजनाओं को खरीदने पर अधिकतम आयु प्रतिबंध को समाप्त करके भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (इरडाई) का लक्ष्य एक अधिक समावेशी और सुलभ स्वास्थ्य देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना है, जो अप्रत्याशित चिकित्सा खर्चों के खिलाफ पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करता है।

पहले के दिशानिर्देशों के अनुसार, व्यक्तियों को केवल 65 वर्ष की आयु तक नई बीमा पॉलिसी खरीदने की अनुमति थी। हालांकि, एक अप्रैल से प्रभावी हुए हालिया संशोधन के साथ किसी भी उम्र का कोई भी व्यक्ति नई बीमा पॉलिसी खरीदने के लिए पात्र है। हालिया गजट अधिसूचना में इरडाई ने कहा कि बीमाकर्ता यह सुनिश्चित करेंगे कि वे सभी आयु समूहों की जरूरतों को पूरा करने के लिए स्वास्थ्य बीमा उत्पादों की पेशकश करें। बीमाकर्ता विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों, छात्रों, बच्चों, मातृत्व और सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्दिष्ट किसी भी अन्य समूह के लिए उत्पाद डिजाइन कर सकते हैं। आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी जैसी प्रणालियों के तहत उपचार को बिना किसी सीमा के बीमा राशि का कवरेज मिलेगा। अधिसूचना में कहा गया कि लाभ-आधारित बीमा वाले पॉलिसीधारक विभिन्न बीमाकर्ताओं के साथ लचीलेपन और विकल्पों को बढ़ाते हुए कई दावे दायर कर सकते हैं।




#### स्वास्थ्य पॉलिसियां देने का आदेश


इसके अलावा, बीमाकर्ताओं को पहले से किसी भी प्रकार की चिकित्सीय स्थिति वाले व्यक्तियों को स्वास्थ्य पॉलिसियां प्रदान करने का आदेश दिया गया है। नतीजतन, बीमाकर्ताओं को कैंसर, हृदय या गुर्दे की विफलता और एड्स जैसी गंभीर चिकित्सा स्थितियों वाले व्यक्तियों को पॉलिसी जारी करने से मना करने से प्रतिबंधित किया गया है। अधिसूचना के अनुसार, बीमाकर्ताओं को पॉलिसीधारकों की सुविधा के लिए किश्तों में प्रीमियम भुगतान की पेशकश करने की अनुमति है। यात्रा पॉलिसियां केवल सामान्य और स्वास्थ्य बीमाकर्ताओं द्वारा ही पेश की जा सकती हैं। इसमें कहा गया है कि आयुष उपचार कवरेज पर कोई सीमा नहीं है।

पीएम ने किया भगवान महावीर के 2550वें निर्वाण महोत्सव का उद्घाटन, कहा

# मानवता के लिए सुरक्षित स्वर्ग है भारत

**एजेंसी | नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को भगवान महावीर के 2550वें निर्वाण महोत्सव का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने वैश्विक कल्याण के लिए भारत की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा कि भारत दुनिया की सबसे पुरानी जीवित सभ्यता होने के साथ-साथ मानवता के लिए एक सुरक्षित स्वर्ग है। उन्होंने कहा कि यह देश सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि पूरी मानवता के लिए सोचता है। वैश्विक मंच पर भारत की उभरती भूमिका का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इस नई जिम्मेदारी का श्रेय भारत की बढ़ती क्षमताओं और विदेश नीति को जाता है। उन्होंने कहा कि आज संघर्ष में फंसी दुनिया भारत से शांति की उम्मीद कर रही है। उन्होंने कहा कि आज भारत इस भूमिका में आया है क्योंकि हम वैश्विक मंचों पर पूरे विश्वास के साथ सत्य और अहिंसा को सामने रखते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर का ये 2,550वां निर्वाण महोत्सव हजारों वर्ष का एक दुर्लभ अवसर है। ऐसे अवसर कई विशेष संयोगों को भी जोड़ते हैं। ये वो समय है, जब भारत अमृतकाल के शुरुआती दौर में है। देश आजादी के शताब्दी वर्ष को स्वर्णिम शताब्दी बनाने के लिए काम कर रहा है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि इस साल हमारे संविधान को भी 75 वर्ष होने जा रहे हैं। इसी समय देश में एक बड़ा लोकतांत्रिक उत्सव भी चल रहा है। देश का विश्वास है कि यहीं से भविष्य की नई यात्रा शुरू होगी।



#### पीएम नरेन्द्र मोदी ने जारी किया सिक्का

पीएम नरेन्द्र मोदी ने महावीर जयंती के इस शुभ अवसर पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चुनाव के कठिन समय में ऐसे पवित्र कार्यक्रम में शामिल होना मन को शांति दे रहा है। उन्होंने भारत मंडपम में महावीर जयंती के अवसर पर 2550वें भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव के उद्घाटन पर एक स्मारक टिकट और सिक्का जारी किया।

# इंटर में नामांकन के लिए 26 अप्रैल तक कर सकेंगे आवेदन

**पटना (नि.स.)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा जिले में संचालित सभी उच्च माध्यमिक विद्यालयों में 11वीं में नामांकन के लिए आवेदन की तिथि को विस्तारित कर दिया गया है। पहले ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 20 अप्रैल तक निर्धारित थी, लेकिन, बोर्ड ने 26 अप्रैल तक आवेदन के लिए मौका दिया है। इच्छुक छात्र-छात्राएं इंटर स्तरीय संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2024-26 में नामांकन के लिए 26 अप्रैल तक ऑफिशियल वेबसाइट ओएफएसएस बिहार डाट इन पर जाकर ऑनलाइन आवेदन फार्म भर सकते हैं। वहीं बोर्ड ने कहा है कि इसके बाद तिथि विस्तारित नहीं की जाएगी। आवेदन भरने में किसी भी प्रकार की जानकारी या समस्या आने पर समिति के हेल्पलाइन नंबर 0612-2230009 पर संपर्क कर सकते हैं।

# बिहार में तीसरे चरण के लिए भरे गए 42 नामांकन हुए रद्द

**निज संवाददाता | पटना**


लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए भरे गए नामांकन पत्रों की शनिवार को जांच हुई। इस दौरान 42 नामांकन पत्र जांच में रद्द हो गए। वहीं, 54 नामांकन पत्र जांच में सही पाए गए हैं। कुल 96 अभ्यर्थियों ने पर्चा भरा था। अब नाम वापसी की अंतिम तिथि 22 अप्रैल है। सर्वाधिक 29 नामांकन अररिया लोकसभा क्षेत्र में हुआ है। इसमें 20 नामांकन रद्द हो गए। तीसरे चरण की पांच लोकसभा क्षेत्रों में झंझारपुर में कुल 17 में सात पर्चे रद्द हुए अब 10 मैदान में हैं। सुपौल में 20 ने नामांकन किया था। इसमें पांच रद्द हुए अब 15 मैदान में हैं। मधेपुरा में 15 ने नामांकन किया था। इसमें सात रद्द हो गए। अब आठ मैदान में हैं। अररिया में 29 ने पर्चा भरा था। इसमें सबसे ज्यादा पर्चे जांच के दौरान रद्द हुए हैं। अब नौ बचे हैं। खगड़िया में 15 ने नामांकन किया था। इसमें तीन के पर्चे रद्द हो गए। अब 12 बचे हैं।




#### सात मई को है मतदान

पांचों लोकसभा क्षेत्र में चुनाव सात मई को है। इस चरण में सभी सीट पर वर्तमान में राजग के सांसद हैं। अररिया सीट भाजपा के पास है। जबकि खगड़िया लोजपा के खाते में है। वहीं, तीन सीट झंझारपुर, सुपौल एवं मधेपुरा में जदयू के सांसद हैं।

BAYC Institute
स्थापित : 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE: DAT Acupressure Theapy | DAYS Acupressure Yoga Science | DY Yoga अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th | DEMS Electrohomeopathy Medicine Science अवधि : 02 वर्ष योग्यता : 10th

DEGREE COURSE: MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure | BAYS Bachelor of Acupressure Yoga Science अवधि : 03 वर्ष योग्यता : 10+2 | BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science | MBAS Bachelor of Medicine in ALT. Science अवधि : 4½ वर्ष योग्यता : 10+2
MD (Acu Yoga) | MD (TM) अवधि : 01 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | MD (EH) अवधि : 02 वर्ष योग्यता : BEMS
BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL: BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL: BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY



Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties
» एक्यूप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।



कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डॉ. अजय प्रकाश
सचिव

Apply Online : www.bayc.in

डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है। सम्बंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में संपर्क करें।

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

तेज रफ्तार कार से बाइक में हो गई थी सीधी टक्कर

# सड़क दुर्घटना में घायल होटल संचालक की बनारस ले जाने के दौरान हुई मौत




- कार के साथ चालक फरार
- घटना के बाद घर मे मचा कोहराम

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** जिले के बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के बिक्रमगंज-डिहरी स्टेट हाइवे पर सलेमपुर गांव के पास सड़क दुर्घटना में घायल बाइक सवार की मौत बनारस ले जाने के क्रम में रविवार को हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक का पहचान कराकाट के मंगरु साह के पुत्र कमलेश कुमार के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि बेहतर इलाज के लिए जख्मी कमलेश को लेकर बनारस ट्रॉमा सेंटर लेकर जा रहे थे, लेकिन दिनारा पहुंचते ही पीएचसी ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद घर मे कोहराम मच गया मृत कमलेश के चार साल पहले शादी हुई था, जो अपने पीछे एक पुत्री को छोड़ गए हैं। बीती रात तेज रफ्तार बरात के कार से बाइक मे टक्कर हो गई, जिसमें बाइक सवार होटल संचालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर जुटे आस-पास के लोगो ने शहर के करुणा अस्पताल पहुंचाया। जख्मी की हालत को गंभीर बताते हुए चिकित्सक कामेंद्र सिंह ने प्रारंभिक इलाज कर बाहर रेफर कर दिया, लेकिन बनारस ले जाने के क्रम में घायल की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि टक्कर लगने के बाद बारात में शामिल कार को लेकर चालक फरार हो गया था।

## मोबाइल चोरी के विवाद में दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट, तीन घायल, एक की हालत गंभीर

निज संवाददाता



**जहानाबाद।** जहानाबाद के घोसी थाना लखवार गांव में मोबाइल चोरी को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें एक पक्ष के तीन लोग घायल हो गए। बताया जाता है कि चंदन कुमार के घर से मोबाइल अनिल कुमार के परिवार चुरा लिया था। इसी बात को लेकर चंदन कुमार ने इसकी शिकायत करने के लिए अनिल कुमार के घर पर गया और मोबाइल देने की बात कही। चोरी करने आरोप उसके परिवार पर लगाया। अनिल कुमार आगबबूला हो गया और लाठी डंडे से दुलारचंद यादव, चंदन कुमार, प्रिया कुमारी को मार कर घायल कर दिया। सभी को इलाज के लिए घोसी पीएससी में भर्ती कराया गया है। घायल व्यक्ति का कहना है कि घटना को अंजाम देने वाले चार-पांच लोग लाठी डंडे लेकर मेरे घर पर आ गए और सभी को मार कर घायल कर दिया। इस घटना की सूचना स्थानीय थाना पुलिस को दी गई है। पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है। वहीं डॉक्टर द्वारा चंदन कुमार की हालत गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

## ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार दो घायल

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** स्थानीय ताराचंडी के समीप एनएच दो पर दरिगांव ओपी क्षेत्र में बालू लदे अनियंत्रित ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायल नंद कुमार व नरेंद्र राम तिलौथू थाना के सरैया गांव के रहने वाले बताए जाते है। घटना के बाद एनएचआई की एम्बुलेंस टीम ने दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। जहां दोनों का इलाज गम्भीर हालत में चल रहा है। बताया जाता है कि दोनों युवक अपने गांव से बाइक पर सवार होकर सासाराम आ रहे थे। इसी दौरान बालू लदे ट्रैक्टर ने ठोकर मार दी।

# आग लगने से 25 बीघा में लगी गेहूं की फसल जलकर राख, मुआवजे की मांग

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** बिहार के गर्म पछुआ हवा किसानों के लिए काल बन चुका है। गर्मी के तपिश से ग्रामीण इलाकों में इन दिनों आग लगने की घटना तेज हो गई है। रोजाना कहीं ना कहीं से आग लगने की घटना सामने आ रही है। रविवार को रोहतास के अकोढीगोला थाना क्षेत्र के भीम करूप तथा बिशैनी कला गांव में भीषण अगलगी की घटना हुई है, जहां गेहूं के फसल में खेत में ही जल कर राख हो गयी। शुक्र रहा कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग पर काबू पा लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, अकोढीगोला थाना क्षेत्र के भीम करूप तथा बिशैनी कला गांव में 25 बीघे में लगी गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। साथ ही कई किसानों का खेत में रखा पुआल भी जल गये हैं। खेतों में अगलगी की सूचना देने के बाद दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू करने में लग गई। वहीं किसी तरह ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया जा सका।

ग्रामीणों का कहना है कि उसके खेत से गुजर कर बिजली की तार जाती है और बिजली कर्मियों के लापरवाही से बार-बार बिजली के खंभे से चिंगारी निकलते रहती है। आरोप है कि इस चिंगारी से आग फैली तथा किसानों का लहलहाता हुआ गेहूं का फसल जलकर राख हो गई। ऐसे में अब किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें उभर आई है। किसानों ने बताया कि काटने के लिए तैयार गेंहू की फसल पूरी तरह से सूखी थी ऐसे में आग ने उन्हें तबाह बर्बाद कर दिया। पीड़ित किसानों का कहना है कि हर साल का यही हाल है। लापरवाही की हद होती है। बिजली विभाग के लोगों की लापरवाही का खामियाजा हम किसान हर साल भुगत रहे हैं। कोई सुननेवाला हैं। इस बार भी हमारा लाखों का नुकसान हुआ। गेंहू और पुआल जलकर राख हो गया। 10 बीघे में लगी फसल जल चुकी है। इस बार अगर मुआवजा नहीं मिला तो बिजली विभाग पर केसे करेंगे।

### वाहन चेकिंग, 15 हजार की वसूली

**नासरीगंज (रोहतास) (नि.सं.)।** कच्छवां थाना क्षेत्र के थाना मोड़ के निकट बरडीहां-सकड्डी मुख्य पथ पर थानाध्यक्ष मितेश कुमार के नेतृत्व में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दुपहिया वाहन सवार के हेलमेट और कार की सीट बेल्ट का इस्तेमाल की जांच के अलावा वाहन से जुड़े अन्य कागजात व ड्राइविंग लाइसेंस इत्यादि की सघन जांच की गई। नियम उल्लंघन करने वालों से पंद्रह हजार रूपये का जुर्माना आनलाइन ई चालान के माध्यम से वसूला गया।

## फाइलेरिया से पीड़ित मरीजों को जारी होगा दिव्यांगता प्रमाण पत्र

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** जिले में फाइलेरिया से पीड़ित लोगों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने का काम शुरू किया गया है। इसके लिए फाइलेरिया पीड़ित मरीजों को जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। दिव्यांगता सर्टिफिकेट प्राप्त करने के लिए पूरी विधि भी बताई जा रही है। जिला फाइलेरिया उन्मूलन केंद्र के साथ पीरामल स्वास्थ्य टीम द्वारा भी लाइन लिस्टिंग किए गए फाइलेरिया मरीजों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र के बारे में जानकारी देते हुए लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## 25 हजार का फरार इनामी बदमाश गिरफ्तार

निज संवाददाता



**सूर्यपुरा (रोहतास)।** रोहतास जिले के सूर्यपुरा थाना पुलिस ने 25 हजार के इनामी अपराधी एवं हत्या के फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उसके पास हथियार ओर कारतूस भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार बदमाश उस समय की गई जब वह गवाहों को धमका रहा था। बिक्रमगंज एसडीपीओ कुमार संजय ने रविवार को आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि रोहतास जिले के सूर्यपुरा थाना क्षेत्र के डबरियां निवासी संतोष साह की पत्नी उर्मिला देवी की हत्या के मामले में अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। मामले में दिनारा थाना के मधुकरपुर गांव के धामा मिश्रा उर्फ प्रेमचंद मिश्रा को एक कट्टा सहित कारतूस के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बताया कि पुलिस को सूचना मिली की धामा मिश्रा उर्फ प्रेमचंद मिश्रा ने महिला की हत्या मामले में शिकायतकर्ता और गवाह को धमकी दे रहा था। इसके बाद सूर्यपुरा थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी के द्वारा तुरंत टीम गठित कर मौके पर भेजा गया। जहां डबरिया मंदिर के पास से धामा मिश्रा को गिरफ्तार किया गया। बताया कि उक्त कांड में कुर्की के बाद भी वह फरार चल रहा था और उसपर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था। बताया कि दिनारा थाना की पुलिस कई मामलों में उसकी तलाश कर रही थी। ट्रेनी डीएसपी सह सूर्यपुरा थाना अध्यक्ष ज्योति कुमारी ने बताया कि डाबरिया के संतोष साह की पत्नी उर्मिला देवी को वर्ष 2023 में हुई हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर अगली कार्रवाई जारी है।

### आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में चार पर प्राथमिकी

**जहानाबाद (नि.सं.)।** नगर थाना क्षेत्र के सरकारी भवन एवं निजी भवन पर राजनीतिक पार्टी का पोस्ट चिपकाए जाने के मामले में प्राथमिक की दर्ज की गई है। सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी किशोर कुणाल के शिकायत पर दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सरकारी भवन बियाडा ऑफिस काको रोड स्थित आनंदम मैरिज हॉल, निजामुद्दीन र स्थित एक अनयूज़्ड गोदाम के मालिक शैलेंद्र कुमार एवं एवं बियाडा ऑफिस के सामने अज्ञात बंद गुमटी के दीवार पर भारतीय जनता पार्टी का पोस्टर एवं दीवार लेखन पाया गया है, जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है।पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## फायरिंग में गोली लगने से एक युवक गंभीर रूप से घायल ग्रामीणों ने चार अपराधियों को किया पुलिस के हवाले

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के बलुवाही गांव में शनिवार की रात हुई फायरिंग में एक युवक गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को बिक्रमगंज के एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। चार युवक बलुआही गांव में गाड़ी से आए थे। वहां हुए विवाद में उनके द्वारा फायरिंग कर दी जिसके बाद ग्रामीण जमा हो गए तो युवक भागने लगे। भागने के क्रम में की गई फायरिंग में गांव के युवक को गोली लग गई। इसके बाद ग्रामीणों ने खदेड़कर चारों को पकड़ लिया और जमकर पीटा।

सूचना पर पहुंचे पुलिस ने चारों को अपने कब्जे में लेते हुए इलाज के बिक्रमगंज भेज दिया। घायल युवक बलुवाही गांव के मंगरू शाह का बेटा उमेश कुमार शाह बताया जाता है, जिसका इलाज बिक्रमगंज के करुणा अस्पताल में चल रहा है। युवक को दो गोली लगी है। एक पेट और दूसरी बांह में, उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। बिक्रमगंज एसडीपीओ कुमार संजय ने बताया कि बलुआही में चार बाहरी युवक दो पक्षों में हुए विवाद को ले पहुंचे थे। उन युवकों द्वारा फायरिंग की गई। इसके बाद जुटे ग्रामीणों द्वारा उन्हें पकड़ा गया, इस क्रम में उनके द्वारा किए गए फायरिंग में गांव के एक लड़के को गोली लगी है। बताया जाता है कि फायरिंग करने वाले युवकों इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। मामले की जांच चल रही है, जल्द ही और जानकारी दी जाएगी।

## आग से बचने को लेकर मॉकड्रिल एवं गोष्टी का आयोजन

निज संवाददाता



**डालमियानगर (रोहतास)।** शहर के मोहिनी एंटरप्राइजेज, विभिन्न गैस एजेंसीयों, सुधा डेयरी मिल्क व ग्रामीण क्षेत्रों में जिला अग्निशमन पदाधिकारी रितेश कुमार पांडेय के उपस्थिति में मॉकड्रिल एवं गोष्टी का आयोजन कर एलपीजी गैस से लगने वाली आग के कारण एवं अन्य कारणों से आग से बचने के उपाय बताते हुए मॉकड्रिल किया गया एवं पंपलेट का वितरण ग्रामीणों के बीच किया गया। मौके पर उपस्थित प्रभारी अनिल तिवारी ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर लोगों को जागरूक किया गया। बताया कि पछुआ बयार व लू के थपेड़ों के साथ आसपास के प्रखंडों में झुकी झोपड़ी व खेत खलिहानों में आग लगी की घटनाएं बढ़ गई है ,इससे मानव क्षति के साथ जानवरों व संपत्तियों की भारी क्षति होती है। अगर लोग सावधानी बरतें तो अगलगी जैसी विनाशकारी घटना को रोका जा सकता है । कहा कि दिन का खाना सुबह 9:00 बजे से पहले तथा रात का खाना शाम 6:00 बजे के बाद बनाएं। खाना बनाने के बाद पानी से पूरी तरह आग बुझा दें। बाल्टी, डब्बा ,टैंक इत्यादि में हमेशा पानी भर कर रखें। गेहूं कटनी के बाद डंठल में नहीं लगाएं आग, अनदेखी पर कार्रवाई कटनी के बाद डंठल में आग नहीं लगाए । हार्वेस्टिंग के समय हार्वेस्टर पर भी पानी रखें। रीपर मशीन पर भी पानी की व्यवस्था जरूरी है। कहा कि पराली जलाने की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई हो सकती है। उन्होंने दमकल के लिए पानी की व्यवस्था रखने व आग लगने पर त्वरित सूचना देने की अपील की। विभाग के जवानों ने आग लगी की घटना को रोकने एवं इससे बचाव के प्रति गैस एजेंसी एवं आम लोगों को जागरुक किया। मौके पर जवानों ने सिलेंडर में आग लगने के बाद बिना घबराए घरेलू संसाधनों से ही आग पर काबू पाने के गुर सिखाते हुए जागरूक किया। अग्निशमन अधिकारी ने कहा कि 14 से 20 अप्रैल तक विभाग अग्निशमन सेवा सप्ताह मना रही है। मौके पर मोहित कुमार सिंह, अजीत कुमार, अदिति कुमारी, रीना कुमारी, प्रज्ञा कुमारी, देवेंद्र प्रसाद, गैस एजेंसी के मैनेजर कपिल मुनि पांडेय के अलावे विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### सड़क हादसे के मामले में प्राथमिकी दर्ज

**जहानाबाद (नि.सं.)।** कड़ौना थाना क्षेत्र के कड़ौना के समीप बीते दिन सड़क दुर्घटना के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। मसौढ़ी थाना क्षेत्र के निवासी पंकज कुमार के बयान पर दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि 11 अप्रैल को भाई संतोष कुमार अपने निजी कार्य से मोटरसाइकिल पर सवार होकर जहानाबाद गए थे एवं कार्य का निपटारा कर जब वह घर लौट रहे थे,तो इसी क्रम में एनएच 83 पटना गया मार्ग पर मैजिक वाहन में धक्का मार दिया। जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गए। मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गया।

## 11 हजार बिजली के पोल पर चढ़ने से झुलसा युवक

निज संवाददाता



**जहानाबाद।** जहानाबाद के मुरहारा में करंट लगने से एक युवक झुलसा गया है। घटना को लेकर बताया गया कि कई दिनों से कृषि फिटर में बिजली की सप्लाई नहीं हो रही थी। ग्रामीणों ने जब इसकी शिकायत बिजली विभाग से की तो कर्मचारी ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। इस दौरान प्रमोद कुमार नामक व्यक्ति जब पावर सबस्टेशन में गया तो ऑपरेटर सुमन कुमार ने मिस्त्री नहीं होने की बता कही। उसने कहा कि आगर कोई मिस्त्री है तो बुलाकर ठीक करवा लीजिए। वहीं घायल गणेश कुमार ने कहा कि वह ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली का काम करता है। इसलिए सभी लोग उसे लेकर पावर सब स्टेशन गए। जब वह बिजली सप्लाई ठीक करने के लिए 11 हजार पोल पर चढ़ा तो करंट लगा और घायल हो गया। दरअसल ऑपरेटर सुमन कुमार ने बिजली की सप्लाई बंद नहीं की थी। इसके बाद सभी ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। घायल के परिजनों ने कहा कि ऑपरेटर सुमन कुमार की लापरवाही के कारण घटना घटी है। इसलिए विभाग को मुआवजा देना चाहिए।

## मतदाता जागरूकता अभियान के तहत संध्या चौपाल का किया गया आयोजन

निज संवाददाता



**करपी (जहानाबाद)।** प्रखंड क्षेत्र के पाठक बीघा गांव में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत संध्या चौपाल का आयोजन किया गया। संध्या चौपाल के पूर्व मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली गई। इसके उपरांत मतदाता चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी देव ज्योति कुमार ने कहा कि लोकतंत्र का महापर्व 1 जून को होने वाला है। लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में अरवल जिला ने 75% मतदान का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी मतदाताओं एवं अन्य लोगों को भी जोर लगाने की जरूरत है। सभी बच्चे एवं बच्चियां अपने अभिभावकों को पहले मतदान फिर जलपान करने के लिए अनुरोध करें। लोकतंत्र का महापर्व 5 वर्ष के बाद आता है। मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपने जनप्रतिनिधि चुनते हैं जो जनप्रतिनिधि जनता की भलाई के लिए योजनाएं बनाते हैं। इतना अधिक महत्वपूर्ण कार्य के लिए जरूरी है कि सभी मतदाता निश्चित रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने मतदान केंद्र पर जाएं। प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव कुमार सिन्हा ने कहा कि मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी प्रकार के प्रबंध किए गए हैं। यहां तक कि दिव्यांग एवं वृद्ध जनों के लिए भी व्यापक प्रबंध किए गए हैं। इन्होंने सभी लोगों से काफी बढ़-चढ़कर मतदान में भाग लेने का अनुरोध किया। उपस्थित लोगों से मतदान में भाग लेने का शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर जिला के अन्य वारीय पदाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी अंजली कुमारी, आईसीडीएस की महिला पर्यवेक्षिका रेखा कुमारी समेत अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### 95 लीटर शराब बरामद

**सासाराम (रोहतास) (नि. सं.)।** शराब के खिलाफ कार्रवाई में पुलिस ने 95 लीटर महुआ शराब बरामद की। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर धंधेबाज की तलाश शुरू कर दी है। एसपी विनीत कुमार ने बताया कि दरिगांव थाना क्षेत्र से 45 लीटर व मुफस्सिल थाना क्षेत्र से 50 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया।

## डीटीओ ने अपने कार्यालय कक्ष में स्कूल प्रबंधकों के साथ की बैठक, वाहन उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** रोहतास में सातवें चरण में 1 जून 2024 को मतदान होना है। मतदान के लिए प्रशासन को 28 सौ से अधिक वाहनों की जरूरत है। इसे लेकर डीटीओ राम बाबू ने अपने कार्यालय कक्ष में निजी स्कूल के प्रबंधकों के साथ बैठक की और चुनाव कार्य के लिए वाहन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। डीटीओ ने बताया कि स्कूल प्रबंघकों से कहा गया है कि चुनाव के तीन दिन पूर्व 28 मई 2024 तक अपनी गाड़ियां वाहन कोषांग में जमा करा दे। कहा कि उनसे वाहनों की सूची ले ली गई है। उनकी सुविधा के लिए तीन दिन पहले गाड़ी ली जाएगी। डीटीओ ने बताया कि कुल 2823 वाहनों की आवश्यकता है। जिसमें सबसे अधिक पोलिंग पार्टी के लिए 2355 वाहनों की जरूरत है। जबकि सेक्टर मजिस्ट्रेट के लिए 250, जोनल मजिस्ट्रेट के लिए 90, सुपर जोनल के लिए 44, एफएसटी के लिए 22 एवं ऑब्जर्वर के लिए सात वाहनों की जरूरत है। स्वीप कोषांग के लिए 19, प्रषिक्षण कोषांग के लिए 1, इवीएम कोषांग के लिए 14, कार्मिक कोषांग के लिए 2, वेब कास्टिंग के लिए 2 एवं व्हिकल सेल के लिए भी दो वाहनों की जरूरत है। बताया कि इसके लिए मैजिक, पिकअप, ट्रैव्लर, क्रूजर, सिटी राइड, बस, कंटेनर ट्रक, बोलेरो, स्कार्पियो आदि की व्यवस्था कर ली गई है।

## अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध 61 हजार रुपये का जुर्माना

निज संवाददाता

**भभुआ (कैमूर)।** लोक सभा चुनाव के मद्देनज़र कैमूर पुलिस मुस्तैदी से वाहन चेकिंग कर रही है। अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कुल 61 हजार राशि शमन की गई है। इसकी पुष्टि एसपी, कैमूर ललित मोहन शर्मा ने की है।जानकारी के मुताबिक,कैमूर जिला मुख्यालय भभुआ स्थित सदर थाना सहित समाहरणालय के समीप भी इन दिनों वाहन जांच को लेकर पुलिस काफी सक्रियता बरत रही है। इसके अलावा परिवहन विभाग और जिले के विभिन्न थानों द्वारा भी वाहनों की नियमित रूप से जांच की जा रही है। वाहनों के जांच के दौरान सभी कागजात की जांच की जा रही है। दरअसल, लोक सभा चुनाव को लेकर वाहनों की जांच में पुलिस द्वारा मुस्तैदी दिखाई जा रही है। प्रतिदिन जिला मुख्यालय भभुआ के अलावे सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस वाहनों की जांच कर रही है। रात्रि पहर में भी सड़कों पर दो पहिया और चार पहिया वाहनों की जांच की जा रही है।वाहनों के दौरान दो पहिया और चार पहिया वाहन चालकों की ड्राइविंग लाइसेंस, बाईक चालकों के हेलमेट,चार पहिया वाहनों के कागजात, सीट बेल्ट,प्रदूषण सर्टिफिकेट आदि कागजातों की जांच की जा रही है। जिसमें विभागीय दिशा निर्देश के आलोक में जुर्माना भी लगाया जा रहा है।

## अनारक्षित समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर निम्नलिखित समर स्पेषल ट्रेनका परिचलन किया जाएगा। 1. गाड़ी संख्या 04497 पटना-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेषल ट्रेन 22 अप्रैल को पटना से 21.30 बजे नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेगी। 2. गाड़ी संख्या 04493 दरभंगा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेषल ट्रेन 22 अप्रैल को दरभंगा से 20.30 बजे नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेगी। 3. गाड़ी संख्या 04411 सहरसा-नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल ट्रेन 23 अप्रैल को सहरसा से 07.00 बजे नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेगी। 4. गाड़ी संख्या 04049 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार अनारक्षित स्पेशल ट्रेन 22 अप्रैल को मुजफ्फरपुर से 17.00 बजे आनंद विहार के लिए प्रस्थान करेगी। 5. गाड़ी संख्या 09002 जयनगर-उधना अनारक्षित स्पेशल ट्रेन 23 अप्रैल को जयनगर से 02.00 बजे उधना के लिए प्रस्थान करेगी। 6.गाड़ी संख्या 09092 जयनगर-उधना अनारक्षित स्पेशल ट्रेन 23 अप्रैल को जयनगर से 11.00 बजे उधना के लिए प्रस्थान करेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### जिले में चुनाव के बाद जीत-हार की चर्चाओं का बाजार हुआ गर्म

**फतेहपुर।** लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद क्षेत्र के चौक-चौराहों पर जीत-हार की चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। पार्टी के समर्थक अपने-अपने प्रत्याशियों के विजयी होने का आंकड़ा प्रस्तुत कर रहे हैं, वहीं मतदाता वर्ग चुप्पी साधकर परिणाम का इंतजार कर रहे हैं। गया लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत फतेहपुर प्रखंड में 19 अप्रैल को लोकसभा का चुनाव संपन्न हुआ। इस चुनाव में प्रत्याशी बने पूर्व सीएम व वर्तमान विधायक सहित अनेक नेता अपने भाग्य के फैसले का इंतजार कर रहे हैं। मतदान के बाद कुछ प्रत्याशियों और उनके समर्थकों ने चुप्पी साध ली है। लेकिन दो के बीच के संघर्ष में शामिल प्रत्याशी और उनके समर्थक मतों के गणित में उलझे हैं। उनके समर्थक आंकड़े को एक-दूसरे के बीच दर्शाते दिख रहे हैं। फतेहपुर झंडाचौक, पहाड़पुर स्टेशन मोड़, बस स्टैंड, बजरंगबली मोड़, डुमरीचट्टी बाजार, जमहेता बाजार, गोपीमोड़ बाजार, लोधवे बाजार, बदउआं बाजार, गुरपा बाजार आदि बाजारों में चुनाव का विश्लेषण आम लोगों द्वारा आपस में बैठकर किया जा रहा है।

### नर्सिंग व फार्मेसी पाठ्यक्रमों में नामांकन को चाणक्य स्कॉलरशिप परीक्षा 19 को

**गया।** चाणक्य रिसोर्स डेवलपमेंट वेलफेयर ट्रस्ट एवं गायत्री मेमोरियल रिसोर्स डेवलपमेंट वेलफेयर ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित नर्सिंग एवं फार्मेसी संस्थानों में नामांकन के लिए चाणक्य छात्रवृति परीक्षा-2024 आयोजित की जा रही है। इसके तहत प्रत्येक छात्र को एक लाख तक की छात्रवृत्ति दी जाएगी। राष्ट्रीय स्तर पर स्कॉलरशिप प्रवेश परीक्षा सम्पन्न कराने से पूरे देश में बिहार व्यावसायिक पाठ्यक्रम संचालित करने का हब कहलाएगा। स्कॉलरशिप प्रवेश परीक्षा का आवेदन फॉर्म ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में छात्र भर सकते हैं। छात्रवृत्ति प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन भरने की प्रक्रिया 08 अप्रैल से शुरु हो गई है। आवेदन फार्म भरने की अंतिम तिथि 13 मई है। छात्र 16 मई से प्रवेश पत्र प्राप्त कर पाएंगे। वहीं परीक्षा का आयोजन 19 मई को किया जाएगा। तीन जून को परीक्षाफल का प्रकाशन किया जाएगा। परीक्षाफल प्रकाशित होने के बाद सफल सफल छात्रों को मेरिट के आधार पर छात्रवृत्ति दी जाएगी। जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि बताया कि सत्र 2024 में नामांकन सह छात्रवृत्ति प्रवेश परीक्षा के लिए संस्था के वेबसाइट www. chanak yafoundati on.net पर आवेदन फॉर्म ऑनलाइन माध्यम से भरा जाएगा और सभी संस्थानों के कार्यालय में हार्ड कॉपी के माध्यम से भी आवेदन फॉर्म जमा लिए जाएंगे। प्रवेश परीक्षा में छात्र-छात्रा जिस संस्थान में जिस कोर्स में नामांकन के लिए सम्मिलित होंगे। उसमें प्रथम स्थान पाने वाले छात्रों को ट्यूशन फीस में 100 प्रतिशत छूट दिया जाएगा। वहीं द्वितीय स्थान पाने वाले छात्रों को 50 प्रतिशत छूट दिया जाएगा।

### पुरुषोत्तम एक्स. से कटकर युवक की मौत

**फतेहपुर।** गया-कोडरमा रेलखंड के पहाड़पुर रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर स्थित गोपालकेड़ा गांव के पास पुरुषोत्तम एक्सप्रेस से कटकर एक युवक की मौत हो गई। युवक बाजार से शादी का सामान लेकर घर जा रहा था। रेल लाइन पार करने के दौरान ट्रेन के चपेट में आने से उसके साथ यह दर्दनाक हादसा हो गई। मृतक युवक फतेहपुर थाना क्षेत्र के गोपालकेड़ा गांव का ही रहने वाला था। यह घटना शनिवार दोपहर की है। बताया गया है कि गोपालकेड़ा गांव निवासी शिवधारी यादव के छोटे पुत्र का रविवार को बारात जाना था। इसी की तैयारी में घर के लगे हुए थे। दूल्हे का बड़ा भाई व शिवधारी का तीसरे नंबर का पुत्र शैलेन्द्र यादव (25) घर से डुमरीचट्टी बाजार कुछ सामान खरीदने गया था। वह सामान खरीदकर घर लौट रहा था। गांव के इस पार से उस पार जाने के लिए रेल लाइन पार कर था था। इसी समय नई दिल्ली से पूरी जा रही 12802 डाउन पुरुषोत्तम एक्सप्रेस तेज गति में आ गई। वह संभल पाता व बचने का प्रयास कर पाता ट्रेन के चपेट में आ गया। इसमें कटकर उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इधर, घटना की खबर मिलते ही परिजन चीख-पुकार करते घटना स्थल पर पहुंच गए। इधर, घटना की सूचना पाकर फतेहपुर थाने की पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई और घटना का जायजा लिया। साथ ही वहां मौजूद परिजनों व लोगों से घटना के बारे में जानकारी ली। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए अंग5नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल गया भेज दिया।

### बीएससी ऑनर्स की परीक्षा 25 अप्रैल से

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय में बीएससी बायोटेक ऑनर्स एवं सब्सिडियरी के द्वितीय वर्ष, सत्र 2022-25 एवं तृतीय वर्ष, सत्र 2021-24 की परीक्षा 25 अप्रैल से शुरू होगी। जो 04 मई तक चलेगी। बीएससी बायोटेक ऑनर्स द्वितीय वर्ष, सत्र 2022-25 की परीक्षा 25 अप्रैल से शुरू होकर 04 मई तक प्रथम पाली में होगी। वहीं तृतीय वर्ष ऑनर्स, सत्र 2021-24 की परीक्षा 25 से शुरू होकर 29 अप्रैल तक चलेगी। यह परीक्षा भी प्रथम पाली में ही 10 से 01 बजे तक होगी। परीक्षा के लिए एकमात्र परीक्षा केन्द्र आरडी कॉलेज शेखपुरा को बनाया गया है। जहां एसके कॉलेज लोहंडा के विद्यार्थी परीक्षा देंगे।

### गंगाजल आपूर्ति परियोजना का बड़े पैमाने पर लाभ उठा रहे लोग



**गया।** मुख्यमंत्री की गंगाजल आपूर्ति योजना का लाभ गया, बोधगया, राजगीर के बाद नवादा को प्राप्त होना इस इलाके के लोगों के लिए गौरव की बात है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस इलाके में पेयजल की समस्या को बहुत संवेदनशीलता के साथ लिया और गंगाजल आपूर्ति परियोजना के लिए वर्ष 2019 में मंजूरी मिली और वर्ष 2020 में शुरु हुई योजना का लाभ बहुत कम समय में इन इलाके के लोगों के लिए उपलब्ध होना किसी वरदान से कम नहीं है। युवा जदयू के गया जिलाध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने आगे यह भी कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का यह ड्रीम प्रोजेक्टों में से एक था। मुझे याद है कि गया में तर्पण करने आने वाले लोगों को फल्गु नदी में पानी की बहुत कमी होती थी, मगर गयाजी डैम के निर्माण हो जाने के बाद किसी को भी पानी की समस्या से जूझना नहीं पड़ता है। श्री सिन्हा ने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री ने बिहार के विकास में योगदान दिया है वो अविस्मरणीय बना रहेगा तथा युवा पीढ़ी को इससे सीख लेकर आगे बढ़ते रहने की ज़रुरत होगी।

### 7 विजेताओं को 15 हजार डालर का मिला पुरस्कार

**टेटिया बंबर।** प्रखंड क्षेत्र के तिलकारी गांव के सूर्यांश कुमार ने विदेश में अपनी प्रतिभा से भारत वासियों को गौरवान्वित किया है। ग्रामीण बैंक के सेवानिवृत शाखा प्रबंधक ब्रह्मदेव प्रसाद मंडल और समाजसेवी सुमित्रा देवी के पुत्र डॉ. सूर्यांश कुमार को अमेरिका के टेक्सास के ए एंड एम इंस्टिट्यूट ऑफ डाटा साइंस 2024 डाटा साइंस कोर्स डेवलपमेंट अवार्डीज प्रतियोगिता में पुरस्कृत किया गया। डॉ. सूर्यांश की इस उपलब्धि पर प्रखंड क्षेत्र के लोगों ने बधाई दी है। सूर्यांश ने डाटा साइंस कोर्स डेवलपमेंट अवार्डीज प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। जिसमे लगभग 850 प्रतिभागियों ने भी हिस्सा लिया था। डाटा साइंस कोर्स डेवलपमेंट ग्रांट प्रोग्राम के तहत बेहतरीन शिक्षा के लिए सात सफल विजेताओं को 15 हजार डालर का पुरस्कार राशि प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में दुनिया के विभिन्न देशों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। जिसमें सात उत्कृष्ट विजेताओं में भारत के डॉ. सूर्यांश कुमार शामिल है। डॉ. सूर्यांश की स्कूलिंग शिक्षा पटना में और कालेज की शिक्षा विजयवाड़ा में हुई है। जम्मू कश्मीर से बी टेक, एमएस ट्रिपल आईटी हैदराबाद से किया। सूर्यांश ने ऑटोमोबाइल रिसर्च फ्रांस से की जबकि पीएचडी ऑस्ट्रेलिया से किया। डॉ. सूर्यांश ज्यूरिख यूनिवर्सिटी में सहायक प्राध्यापक बने। वर्तमान में डॉ. सूर्यांश ए एंड एम यूनिवर्सिटी में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है। उनके सफलता पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित तिलकारी गांव निवासी मशरूम लेडी बीना देवी, राम्या राज, ऋषि कुमार, रितिक राज, राज मणिकांत सिंह, तेज नारायण, भूषण कुमार, डॉ पीयूष ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दिया।

# SDM कार्यालय परिसर में होमगार्ड जवान की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

निज संवाददाता। गया

गया में SDM कार्यालय में तैनात होमगार्ड जवान सुजीत कुमार की दिनदहाड़े चाकू मारकर हत्या कर दी गई। सुजीत की हत्या एसडीएम कार्यालय के परिसर में हुई है।होमगार्ड जवान की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने घटना के 4 घंटे के अंदर ही गिरफ्तार कर लिया है। हत्या में इस्तेमाल कैंची को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी विनोद सिंह मारूफगंज का रहने वाला है। हत्या का कारण होमगार्ड जवान की ओर से आफिस के अंदर घुसने नहीं दिया जाना है। पकड़ा गया आरोपी सनकी टाइप का है। SSP आशीष भारती ने बताया कि हत्या आरोपी अपना इपिक बनवाने आया था, लेकिन गार्ड ने अपनी ड्यूटी धर्म निभाते हुए उसे यह कहते हुए मना कर रहा था कि जिस कमरे में जाना चाह रहे हो। वह कमरा इपिक का नहीं है। इसी को लेकर दोनों के बीच बहस हुई। बहस के दौरान होमगार्ड के जवान सुजीत ने विनोद को दो थप्पड़ जड़ दिए थे। इसके बाद विनोद ने झोले में रखी कैंची निकाली और होमगार्ड के जवान के बाएं पसली में मार दिया। फिर मौके से फरार हो गया। घटना CCTV में कैद है। SSP ने बताया कि SDM दफ्तर में लगे CCTV में सब कुछ साफ दिख रहा है। कैंची मारे जाने का एहसास शुरू में जवान को नहीं हुआ था, लेकिन जब उसे खून निकलने का एहसास हुआ तो वह दूर जाकर वह गिर पड़ा। इस बीच तेजी के से उसके बदन से खून का रिसाव हुआ। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल जवान को मगध मेडिकल कालेज अस्पताल ले गई। इस बीच उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि होमगार्ड जवान के आश्रितों को सरकार से दी जाने वाली सहायता राशि के लिए जिला पुलिस खुद पहल करेगी। इसके अलावा उन्होंने बताया कि पकड़ा गया आरोपी पहले भी कई बार असामान्य रूप में देखा गया है। कई बार सड़कों पर सोया हुआ भी पाया गया है। उसकी हरकत और पहनावा सामान्य आदमी की तरह नहीं है। उसकी दाढ़ी भी असामान्य है। इसपर जब SSP से पूछा गया कि क्या वह मानसिक रूप से दिव्यांग है तो उन्होंने कहा कि यह तो मेडिकल टीम ही स्पष्ट करेगी।



◆ हत्या में इस्तेमाल कैंची को पुलिस ने किया बरामद

**क्या बोला मृतक का भाईः** वहीं, मृतक के भाई अजीत कुमार ने बताया कि मेरे भाई को किसी ने चाकू मारा है। उनके दाहिने पसली के पास चाकू मारे जाने का निशान हैं। अजीत ने कहा कि शुक्रवार को वह चुनाव ड्यूटी कर देर रात घर पहुंचे थे। शनिवार सुबह वो फिर ड्यूटी पर चले गए।

# ई-रिक्शा पलटने से चार लोग हुए जख्मी

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में ई-रिक्शा पलटने से शनिवार की देर शाम चार लोग जख्मी हो गए। घायलों को इलाज के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामला भागन बीघा ओपी अंतर्गत निर्माणधीन बख्तियारपुर रजौली फोरलेन के पतासंग गांव के समीप की है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि ई-रिक्शा भागन बीघा से बिहार शरीफ की ओर आ रही थी। जिस पर कुल 4 लोग सवार थे। तभी पतासंग गांव के समीप बाइक को बचाने के चक्कर में ई-रिक्शा पलट गई। जिसके कारण उसपर सवार कुल चार लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी भागन बीघा पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एबुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।




**घायलों को रेफर किया गयाः** घायलों में रहुई थाना क्षेत्र के दोसुत गांव निवासी सोनू कुमार की पत्नी काजल कुमारी, नूरसराय थाना क्षेत्र के धरमपुर गांव निवासी सिमरन पटेल, सिलाव थाना क्षेत्र के रानी बिगहा निवासी कुंदन कुमार समेत एक अन्य जख्मी हो गया। भागन बीघा ओपी प्रभारी पंकज कुमार पवन ने बताया कि बाइक सवार को बचाने के चक्कर में ई-रिक्शा सड़क पर पलट गई। सूचना मिलने के उपरांत पुलिस को घटनास्थल पर भेजा गया। जहां से घायलों को इलाज के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# प्रत्याशियों को स्ट्रांग रूम के इनर-आउटर का सीसीटीवी फुटेज मिलेगा

निज संवाददाता। गया

स्ट्रांग रूम के बाहर की हर एक हरकत गया लोकसभा के प्रत्याशी हर दिन सीसीटीवी फुटेज में देख सकेंगे। शनिवार को स्ट्रांग रूम के बाहर कौन-कौन ड्यूटी दे रहा और किस-किस ने विजिट किया। इन तमाम बातों की जानकारी सीसीटीवी के माध्यम से उन्हें दी जाएगी। हर दिन सभी प्रत्याशियों को सीसीटीवी फुटेज मुहैया कराया जाएगा। यह सिलसिला 21 अप्रैल से लेकर 4 जून तक जारी रहेगा। प्रशासन सभी प्रत्याशियों को स्ट्रांग रूम का सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराएगा। गया संसदीय क्षेत्र के सभी 6 विधानसभा बेला, गया सदर, वजीरगंज, बोधगया, बाराचट्टी और शेरघाटी विधानसभा के polled evm स्ट्रांग रूम में रखे गए हैं। स्ट्रांग रूम को सील कर दिया गया है। सील किए स्ट्रांग रूम के इनर लेयर में सुरक्षा का जिम्मा CISF के प्लाटून को है। वहीं, आउटर लेयर BSAIF के जिम्मे है। इसके बाद जिला पुलिस के जवान और अधिकारियों को दी गई है।



**स्ट्रांग रूम के दरवाजे देखने के लिए 24 घंटे व्यवस्थाः** स्ट्रांग रूम सील के बाद लकड़ी के सीट से पैक करा दिया गया है। इसके साथ ही सभी खिड़कियों को भी पैक किया गया है। सभी कैंडिडेट्स को सीसीटीवी के सामने, स्ट्रांग रूम के दरवाजे देखने के लिए 24 घंटे की व्यवस्था की गई है।

# 600KM नंगे पैर पशुपतिनाथ मंदिर के लिए निकले 4 युवक, इनका लक्ष्य सनातन को बढ़ाना और किसानों का कल्याण करना

निज संवाददाता। बेगूसराय

तेज धूप के कारण लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। लेकिन ऐसे में भी मुंगेर जिला के तारापुर से तीन भाई अपने एक दोस्त के साथ सनातन धर्म को बढ़ाने, किसानों की बेहतरी और आपदा से बचाव की मन्नत से गंगा जल लेकर 600 किलोमीटर नंगे पैर पशुपतिनाथ मंदिर नेपाल की यात्रा कर रहे हैं। 16 अप्रैल को तारापुर से यह यात्रा शुरू किया गया, जो आज बेगूसराय पहुंचा है। बताया गया कि तारापुर गांव निवासी गोलू गौरव अपने भाई कुंदन कुमार, शिवम कुमार और दोस्त मोनू कुमार के साथ कांवर और गंगाजल लेकर पशुपतिनाथ मंदिर में पूजा के लिए पैदल यात्रा कर रहे हैं। इन भाइयों ने कहा कि इससे पहले 51 दिन में पैदल यात्रा कर केदारनाथ धाम गए थे। अब यह तारापुर से पशुपतिनाथ मंदिर पैदल यात्रा कर रहे हैं। अपनी कोई इच्छा या मन्नत नहीं है, लेकिन सनातन धर्म को बढ़ावा देने और आपदा से किसानों को हो रहे घाटों को लेकर यह बाबा पशुपतिनाथ मंदिर पूजा-अर्चना करने जा रहे हैं। हर जगह लोगों द्वारा भरपूर स्वागत किया है। इनके जज्बे को सराहा जा रहा है। इन लोगों ने बताया कि नंगें पांव पैदल पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना करेंगे। सनातन धर्म को बढ़ावा देने का संदेश रास्ते भर देते जा रहे हैं। इसके साथ ही किसानों को आपदा की वजह से काफी हानि होती है, इसलिए वह भगवान से प्रार्थना करेंगे कि समय पर बारिश होती रहे, जिससे किसानों की आय दोगुनी हो सके।




16 अप्रैल को मुंगेर से की थी शुरुआत

# पुरस्कार से बेहतर करने की मिलती है प्रेरणा- मंडल रेल प्रबंधक, गया में रेल सप्ताह पुरस्कार

## उत्कृष्ट सेवा के लिए रेलकर्मियों को किया पुरस्कृत

निज संवाददाता। गया

पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल मुख्यालय स्थित बाकले जिमखाना क्लब में 68वें रेल सप्ताह समारोह का आयोजन हुआ। इस मौके पर(डीडीयू मंडल) मंडल रेल प्रबंधक राजेश गुप्ता द्वारा डीडीयू मंडल के सभी विभागों से उत्कृष्ट सेवा के लिए चयनित रेलकर्मियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र मंडल रेल प्रबंधक स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए गए। 68वें रेल सप्ताह पुरस्कार-2023 के तहत चयनित कुल 61 रेलकर्मियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। समारोह के मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक राजेश गुप्ता ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल अपने व्यस्ततम रेल नेटवर्क के लिए जाना जाता है। हम मंडल के रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर का उत्तम रख-रखाव कर इसकी क्षमता में निरंतर वृद्धि कर रहे हैं। मंडल गाड़ियों के संरक्षित, सुरक्षित और समय पर चलाने के कार्य को सर्वोपरि रखता है। यात्रियों को उनके गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचाना हमेशा से ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। इसमें मंडल के अधिकारियों और कर्मचारियों का बहुत ही सराहनीय योगदान है। मंडल रेल प्रबंधक ने पुरस्कार प्राप्त करने वाले रेलकर्मियों को बधाई देने के साथ सभी का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पुरस्कार हमें और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देता है। साथ ही, अपनी जिम्मेदारियों और कर्तव्यों के प्रति सजग रहने के लिए आत्मबल प्रदान करता है। कार्यक्रम के दौरान डीडीयू मंडल के स्काउट व गाइड सदस्यों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक दिलीप कुमार, सीपीएम (गति शक्ति) एचसी यादव सहित डीडीयू मंडल महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं, डीडीयू मंडल के विभिन्न उच्चाधिकारी, कर्मचारी यूनियन और एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ रेलकर्मी उपस्थित रहे।




# वृद्धा की गला रेत हत्या, सिर ईंट-पत्थर से कूच डाला, जानवरों को चारा देने के लिए गई थी

● मचान में सोने के दौरान बदमाशों ने किया हमला

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के नवगछिया में बासा (मचान) पर सो रही एक वृद्धा की अज्ञात बदमाशों ने लूटपाट के दौरान गला रेत हत्या कर दी। घटना परवत्ता थाना क्षेत्र के गारेय गांव के बहियार का है। मृतक जगतपुर निवासी जीनालाल यादव की पत्नी हड़िया देवी (70) है। घटना के संबंध में मृतका के परिजनों ने बताया कि हर रोज की तरह जानवर को चारा देने के लिए बासा पर जाती थी। शनिवार को भी गई हुई थी इसी दौरान अज्ञात बदमाशों ने 50 हजार और कान में पहने कीमती गहने लूट लिए। ईंट-पत्थर से भी कूच डाला।



**खून से लथपथ लाश मिलीः** मृतक के पुत्र पिंटू यादव ने बताया कि जानवर को चारा देने के लिए सुबह गई थी। देर शाम जब बासा पर गए तो लहूलुहान स्थिति में चादर से ढकी हुई थी। जैसे ही चादर को हटाया तो खून से लथपथ लाश मिली। अज्ञात बदमाशों ने धारदार हथियार से गला रेत कर उसकी हत्या कर दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

**अपराधियों की पहचान के लिए छापेमारी की जा रहीः** नवगछिया पुलिस ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया कि एक वृद्ध की ईंट-पत्थर से कुच कर हत्या कर दी गई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। सीसीटीवी फुटेज और अन्य साधनों से अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# 89 का दंगा अब राजनीति को प्रभावित नहीं कर रहा, तब कांग्रेस नीचे गई थी

◆ लालू-नीतीश ऊपर आए थे; अब जाति तय करेगी जीत-हार

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में 1989 में हिंदू-मुस्लिम दंगा हुआ। इस दंगे ने बिहार की पूरी सियासत को बदलकर रख दिया। यह 1947 के बाद बिहार के इतिहास का सबसे बड़ा दंगा था। उस समय बिहार में कांग्रेस की सरकार थी। बिहार के मुख्यमंत्री सत्येन्द्र नारायण सिंह थे। लोगों को शांत करने तत्कालीन पीएम राजीव गांधी यहां आए थे। उन्हें लोगों का आक्रोश झेलना पड़ा था। बिहार में लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार की राजनीति को यहां से जैसे संजीवनी मिल गई थी। लालू प्रसाद माई समीकरण का कॉन्सेप्ट ले आए और उसके जरिए वर्षों बिहार पर राज किया। लालू प्रसाद यादव की सरकार 90 में बन गई थी। अब वर्षों बाद भागलपुर में कांग्रेस की तरफ से कोई सवर्ण उम्मीदवार लोकसभा चुनाव के मैदान में है। भागवत झा आजाद के बाद अजीत शर्मा। भागलपुर जेल में 31 विचाराधीन कैदियों की आंख फोड़ दी गई थी। वह दौर 78 का था। प्रकाश झा ने इस पर 'गंगाजल' फिल्म बनाई थी। भागलपुर के कांग्रेस विधायक अजीत शर्मा की ताकत यह है कि वे महागठबंधन के प्रत्याशी हैं। इस लिहाज से लालू प्रसाद के माई समीकरण का फायदा उन्हें मिल सकता है। खुद भूमिहार हैं, इसलिए बीजेपी के भूमिहार वोट में सेंध लगा सकते हैं। दूसरी तरफ जेडीयू के प्रत्याशी हैं, सीटिंग एमपी अजय मंडल। अजय मंडल की ताकत भागलपुर लोकसभा में सबसे अधिक वोट बैंक वाली गंगोता जाति है। वह इसी जाति से आते हैं। उनके साथ नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार की ताकत भी है। इसलिए सवर्ण के साथ ही वैश्य वोट भी उनको मिल सकता है। हालांकि वैश्यों में अजय मंडल के प्रति एंटी इनकंबैंसिंग है, लेकिन राम मंदिर और मोदी फैक्टर इस डैमेज को कंट्रोल कर रहे हैं।



# नालंदा के कृषि विज्ञान केंद्र में किसानों को मिलेगी ट्रेनिंग

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के हरनौत स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में पशुपालकों को 5 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसकी शुरुआत 22 अप्रैल से होगी। इसमें जिले के 30 किसान शामिल होंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। पशु विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक डॉ.विद्या शंकर सिन्हा ने बताया कि हरनौत में सांटिफिक डेरी फार्मिंग विषय पर ट्रेनिंग दी जाएगी। प्रशिक्षण में शामिल होने वाले किसानों का चयन कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि गाय, भैंस और बकरी पालक के विषय में किसानों को विस्तार से बताया जाएगा। विभिन्न पशुओं में होने वाली बीमारियां, उसके इलाज और लक्षण की जानकारी दी जाएगी। साथ ही इन बीमारियों से पशुओं को किस तरह से बचाया जाए, उसके बारे में बताया जाएगा। उन्होंने बताया कि गर्मी के दिनों में पशुओं की बेहतर देखभाल के टिप्स भी किसानों को बताए जाएंगे। दुधारु मवेशियों के रखरखाव में बरती जाने वाली सावधानियों से उन्हें अवगत कराया जाएगा। बकरी पालन के बेहतर कमाई के तरीके बताए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पशुपालन कर अच्छी आमदनी की जा सकती है। जरूरत यह कि मवेशियों के रखरखाव के बारे में किसान अच्छी तरह से जानकारी जरूर रखें। हरनौत कृषि विज्ञान केन्द्र में अलग-अलग विषयों पर हमेशा प्रशिक्षण कार्यक्रम चलता रहता है।




22 अप्रैल से 30 किसान होंगे शामिल, पशुओं में होने वाली बीमारी से बचाव की मिलेगी जानकारी

## संक्षिप्त समाचार

### बिहिया चौरस्ता पर जाम लगने से बढ़ी राहगीरों की परेशानी

**बिहिया**। आरा-बक्सर नेशनल हाईवे पर बिहिया चौरस्ता पर जाम की समस्या थमने का नाम नहीं ले रहा है। हालात यह है कि इन दिनों रोजाना रूक-रूककर कर जाम लगने से त्राहिमाम मच रही है। जाम के दौरान आरा रोड, बक्सर रोड, बिहिया रोड और बेनवलिया रोड में चारों तरफ से वाहनों की लंबी कतार लगना आम बात हो गयी है। इस दौरान छोटे- बड़े वाहनों में सवार लोग जाम की चक्की में पीसते रहते है। बिहिया रोड में रोजाना ट्रकों की लंबी कतार लग रही है। शनिवार की सुबह भी को बिहिया रोड में ट्रकों की लंबी कतार लग रही। बिहिया चौरस्ता पर रूक- रुक जाम लगने से अराजक स्थिति उत्पन्न हो रही है।

### टारी में बिजली जाने के साथ ही गायब हो जाता है मोबाइल से नेटवर्क

**रघुनाथपुर**। स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के में पछूआ हवा के चलते समय बिजली के पोल पर शॉट सर्किट से हो रही अगलगी के घटनाओं के मध्यनजर सुरक्षा के दृष्टिकोण से रोज सुबह 10 बजे विद्युत आपूर्ति बंद कर दी जा रही है। तो वही शाम से लो वोल्टेज के साथ रुक रुक कर पूरी रात तीन चार घंटे ही बिजली मिल रही है। विद्युत आपूर्ति ठप होने के साथ ही प्रखण्ड के टारी बाजार एवं उसके आस पास के इलाकों में एयरटेल उपभोक्ताओं के मोबाईल से नेटवर्क बिल्कुल गायब हो जा रहा है। पिछले एक हफ्ते से बिजली एवं मोबाईल नेटवर्क नहीं रहने से यहाँ का पूरा जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। इस दोहरी समस्या का खासा असर यहाँ के दुकानदारों पर पड़ रहा है। बिजली नहीं रहने से शीतल पेय पदार्थ, वेल्डिंग, इलेक्ट्रिक का व्यवसाय बिल्कुल ठप पड़ गया है तो सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के आने वाले ग्राहक नेटवर्क नहीं रहने से मोबाईल से कैश लेश ट्रांजेक्शन नहीं कर पा रहे है। इससे अन्य व्यवसाय पर भी भारी असर पड़ रहा है। कई जगह नेटवर्क के कारण पैसे का सफल ट्रांजेक्शन नहीं होने से ग्राहकों एवं दुकानदारों के बीच बकझक भी हो रही है। स्थानीय लोगों ने मोबाईल टवार पर लगे जनरेटर का तेल चोरी कर बेच देने का आशंका जताया। एयरटेल के वरीय पदाधिकारी संतोष सिंह जोनल सेल्स मैनेजर मोबाईल नंबर 8755290000 एवं विभु तिवारी जोनल ब्रांच मैनेजर मोबाईल नंबर 9829004127 उक्त समस्या को लेकर संपर्क करने पर कोई जवाब नहीं दिया तो वही दीपक गुप्ता टेरिटोरी मैनेजर मोबाईल नंबर 7541049192 द्वारा पिछले कई दिनों से इस समस्या से जल्द ही निजात मिल जाने का केवल आश्वासन मिल रहा है। इस क्षेत्र के एयरटेल के उपभोक्ता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे है।

### वर्मा कॉलेज ऑफ नर्सिंग के लिए छात्रवृत्ति परीक्षा 28 को

**आरा**। वर्मा फाउंडेशन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस पटना के द्वारा संचालित संस्थानों वर्मा कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंस तथा मोना स्कूल ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल कॉलेज में संचालित पाठ्यक्रमों में नामांकन के लिए छात्रवृति परीक्षा-2024 का आयोजन किया गया है। संस्थान के अध्यक्ष डीके सिंह ने बताया कि 2024 में नामांकन हेतु छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया गया है जिसका आवेदन करने की अंतिम तिथि 26 अप्रैल है। छात्र 26 तक संस्था के वेबसाइट www. varmafoundation. com पर आवेदन फॉर्म ऑनलाइन के माध्यम से भरा जाएगा। आवेदन फॉर्म शुल्क 200 रुपये होंगे। प्रवेश पत्र निर्गत करने की अंतिम तिथि 27.03.2024 एवं प्रवेश परीक्षा की तिथि 28 अप्रैल है। ये छात्रवृत्ति परीक्षा-2024 का आयोजन आरा, बक्सर, भभुआ, सासाराम इन चार जिलों में आयोजित की जा रही है। परीक्षा में जो छात्र-छात्राएं प्रथम स्थान पर आएंगे उन्हें 100 प्रतिशत संस्थान की ट्यूशन फीस में छूट दिया जाएगा तथा द्वितीय स्थान पर जो आएंगे उन्हें 75 प्रतिशत और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को 50 प्रतिशत तक की छूट संस्थान की ट्यूशन फीस में दी जाएगा। वर्मा फाउंडेशन के अंतर्गत संचालित संस्थानों में नामांकन लेने पर 5000 से 20000 रुपये तक की छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी। विशेष जानकारी के लिए संस्थान के 9576189079, 9572513608, 7654007207, 7033773120 नम्बर पर सम्पर्क कर सकते हैं।

### वर्ष 2019 के मुकाबले इस वर्ष बढ़ेगा मतदान प्रतिशत

**बक्सर**। जिले में लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा स्विप गतिविधियां आयोजित कि जा रही है। ताकि मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सके। उक्त बातें डीएम अंशुल अग्रवाल ने बक्सर स्थित कार्यालय कक्ष में कही। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि वर्ष 2019 के चुनाव में जो मतदान प्रतिशत कम था उसे इस वर्ष के लोकसभा चुनाव में बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 के चुनाव में जिले में लगभग 54% मतदान हुआ था। उसमें भी महिलाओं का मतदान प्रतिशत 51% था। इसी को देखते हुए इस वर्ष जिला प्रशासन ने तय किया है कि मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जाए इसी को लेकर जिले में जिले के विभिन्न पदाधिकारी के द्वारा स्विप कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, ताकि मतदाताओं को 1 जून को वोट देने को लेकर जागरूक किया जा सके। उन्होंने बताया कि उम्मीद है कि इस वर्ष मतदान प्रतिशत में अच्छी खासी वृद्धि होगी। मतदाताओं की सुविधा के लिए हम लोग जिले के विभिन्न बूथों का निरीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन तेज गर्मी की संभावना है। जिसको देखते हुए स्वच्छ पेयजल की भी व्यवस्था कराई जा रही है। मतदान के दिन संबंधित मतदान केन्द्रों के अन्य कमरे को भी खुलवाए जाएंगे, ताकि कतारबद्ध जो मतदाता धूप में खड़े होंगे, उन्हें बैठाया जा सके।

### मतदाता जागरूकता को लेकर दिलाई गई शपथ

**बक्सर**। शनिवार को डीएम अंशुल अग्रवाल के निर्देश पर जिले के विभिन्न इलाकों में मतदाता जागरूकता को लेकर शपथ दिलाई गई। बताते चलें कि जिले में सातवें फेज में लोकसभा चुनाव 1 जून को है। जिले का मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला प्रशासन कई प्रकार के उपाय कर रहा है। जिसको लेकर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान ऑथर गांव में जीविका के महिलाओं के द्वारा शपथ दिलाई गई, तो वहीं केशोपुर, खरहाटांड में मतदाता जागरूकता को लेकर शपथ दिलाई गई। वही नियाज़ीपुर में सीएलएफ के द्वारा शपथ कार्यक्रम चलाया गया। बता दे कि जिले में स्विप कार्यक्रम के तहत डीएम अंशुल अग्रवाल के निर्देश पर जिले के विभिन्न इलाकों में पदाधिकारी के द्वारा मतदाता जागरूकता को लेकर अलग-अलग कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। ताकि जिले के मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सके। इसी के तहत कहीं साइकिल रैली तो, कहीं रंगोली प्रतियोगिता तो कहीं मेहंदी जैसे कार्यक्रम आयोजित करके मतदाताओं को 1 जून को शत-प्रतिशत वोटिंग करने को लेकर जागरूक किया जा रहा है।




### अनदेखीः परेशानी की सबब बनी आदर्श थाने के पास खड़ी जब्त गाड़ियां

**बक्सर**। आदर्श थाने के पास सड़क पर खड़ी जब्त गाड़ियां लोगों के लिए परेशानी की वजह बनी गई है। थाने के सामने ट्रक, जीप समेत एक दर्जन से अधिक जब्त की गई गाड़ियां खड़ी की गई है। इसके चलते जहां जाम की समस्या उत्पन्न होती है वहीं दुर्घटना होने का भी डर बना रहता है। वहीं गोलचक्कर पर बड़े वाहनों को घुमाने में भी चालकों को मशक्कत करनी पड़ती है। मामला पुलिस प्रशासन से जुड़ा है इस लिए लोग मुंह खोलने की साहस नहीं जुटा पाते हैं। दबे जुबान लोग कहते हैं कि अतिक्रमण हटाने वाले अधिकारियों को ठेला, गुमटी समेत अन्य कब्जा तो दिखता है पर सड़क पर जब्त गाड़ियां नजर नहीं आती है।




# पारा 43 पार, डीएम ने की अपील जरूरी हो तभी घर से निकलें बाहर

निज संवाददाता। बक्सर

जिले में भीषण गर्मी का कहर जारी है। अधिकतम तापमान के साथ न्यूनतम तापमान भी बढ़ गया है। चल रही तेज हवा व लू से जनजीवन पर असर पड़ा है। इस बीच डीएम अंशुल अग्रवाल ने जिले में बढ़ रहे तापमान को लेकर जिलेवासियों से हीट वेव को अपील की है। उन्होंने कहा कि जिले का तापमान 42 से 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। ऐसे में जिले के लोग जरूरी हो तभी घरों से बाहर निकले। उन्होंने कहा कि हीट वेव को लेकर एडवाइजरी जारी की गई है। नगर पंचायत व नगर परिषद के द्वारा सार्वजनिक जगहों पर प्याऊ की व्यवस्था भी की जा रही है। वहीं सभी अस्पताल को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। अस्पतालों में जरूरी दवाइयां उपलब्ध है। ओआरएस के पैकेट इत्यादि पर्याप्त मात्रा में है। उन्होंने लोगों से अपील किया है कि अत्यावश्यक हो तभी घरों से बाहर निकलें। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल में स्पेशल बेड भी हीट स्ट्रोक के मरीजों को लेकर बनवाने का निर्देश दिए गए हैं।



गर्मीः

**अगले सप्ताह और सताएगी**

मौसम विभाग के अनुसार जिले में अगले सप्ताह और गर्मी सताएगी। अधिकतम तापमान 44° सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। जिससे और तेज लू गर्मी का सामना करना पड़ेगा। गर्मी का आलम यह है कि न्यूनतम तापमान भी 30° के करीब पहुंच गया है। जिससे दिन के साथ रात में भी गर्मी सता रही है। शनिवार को अधिकतम तापमान 43.1° तो न्यूनतम तापमान 27.5° रहा। तेज धूप व लू के कारण तापमान 48° महसूस हो रहा था। 27 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से पछुआ हवा चली। दूसरी ओर जिले के ग्रामीण इलाकों में स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर व स्वास्थ्य उप केंद्रों पर मरीजों की संख्या बढ़ गई है। सदर प्रखंड के कुलहरिया स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के सीएचओ मनीषा कुमारी ने बताया कि तेज धूप व लू चलने से सर्दी, खांसी बुखार के मरीज आ रहे हैं। लू वाले मरीज भी आ रहे हैं। हालांकि उन्हे ओआरएस समेत अन्य जरूरी दवाएं दी जा रही है। गंभीर मरीजों को सदर अस्पताल भी रेफर किया जाता है। फिलहाल पर्याप्त मात्रा में जरूरी दवा उपलब्ध है। उन्होंने सलाह दी है कि ठंडे पदार्थ जैसे खीरा, तरबूज, खरबूज, ककड़ी, टमाटर, छांछ इत्यादि का सेवन करें। फ्रिज के पानी पीने से परहेज करें। अधिक पानी पीएं। तेल, मसाले का सेवन कम करें। ताजा भोजन करें। पूरे बाजू का कपड़े पहने। किसानों को सलाह कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिक डॉ देवकरन ने बताया कि इस प्रकार के मौसम में किसान निम्न बातों पर ध्यान दें पशु पक्षियों को ठंडा पानी पिलाएं, छायादार बाड़े में रखें। दिन को बाड़े को ढंक कर रखें। फसल अवशेष न जलाऐं। गेंहू की कटाई सुबह शाम करें। आम ,लीची के फसल को सीचाईं करें। सब्जी के फसल को जड़ के आसपास पुआल से ढंक दे। ग्रीष्मकालीन गरमा के लिए खेत की जुताई करें। गरमा फसलों को 2-3 दिन के अंतराल पर सिंचाई करें

## आदर्श आचार संहिता के दौरान इन कामों पर कोई रोक नहीं




निज संवाददाता। बक्सर

लोकसभा चुनाव की तिथि जारी होते हीं जिले में आदर्श आचार संहिता लग चुकी है। जिससे कई सरकारी कार्य रूक गया है। हालांकि कई ऐसे सरकारी कार्य हैं जो आदर्श आचार संहिता के लागु होने के बावजूद भी जारी रहेंगे, लेकिन लोगों जानकारी नहीं है जिसके कारण उनका जरूरी काम नहीं हो पाता है। लोकसभा चुनाव को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता के दौरान कौन काम होंगे और कौन नहीं इसकी जानकारी काफी लोगों को नहीं रहती है। प्रायः ऐसा लोग मानने लगते हैं कि अब चुनाव के बाद हीं काम हो सकेगा। हालांकि आदर्श आचार संहिता के दौरान केंद्र सरकार या राज्य सरकार न तो कोई घोषणा कर सकती है, न शिलान्यास और न ही लोकार्पण कर सकती है। लोकसभा चुनाव के दौरान कोई भी मंत्री सरकारी दौरे को चुनाव के लिए इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं। सरकारी वाहनों और भवनों का चुनाव प्रचार या चुनावी दौरों में इस्तेमाल नहीं कर सकते। इसकी अनुमति सक्षम अधिकारी से लेनी होगी। सरकारी खर्च से ऐसा कोई आयोजन नहीं कर सकते हैं, जिससे चुनाव में किसी भी दल को फायदा पहुंचता हो। इस पर निगरानी के लिए चुनाव आयोग पर्यवेक्षक नियुक्त करता है। वहीं सरकारी स्तर पर निबंधन कार्यालय द्वारा जॉब कैंप भी नहीं लग सकता है। पोर्टल ऐप के माध्यम से चुनाव आयोग ने दी है जानकारी बता दें कि भारत निर्वाचन आयोग ने पोर्टल एप, जिला प्रशासन और अन्य माध्यम से इसकी जानकारी दी है। ताकि लोग जागरूक हो सके। लेकिन, बहुत लोगों के पास मोबाइल नहीं होने या कम पढ़े-लिखे होने की वजह से इसके बारे में जानकारी नहीं मिल पाती है।

## एनडीए प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी ने राजद पर किया हमला



निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी ने तेजस्वी यादव की सभा में गाली देने वाले मामले में पलटवार किया है। राजद के नेताओं पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि ये तो लाठी में तेल पिलाने वाले लोग है और ये सभी को गाली देते है। कभी पीएम मोदी को गाली देते है तो कभी अमित शाह को, यह लोग किसी से डरते नहीं है। इनका बस चले तो सब का सिर फोड़ दे। यही इनका असली स्वभाव है। वहीं आगे राजद सुप्रीमो लालू यादव को लेकर कहा कि एक समय था वह सिर्फ हत्या और खून करने वाले को टिकट देते थे। देश और राज्य में एनडीए की सरकार है, इसलिए एक-एक अपराधी पर कार्रवाई हो रही है। चुनाव जीतने के बाद बक्सर में व्यवसायी और महिला को परेशान करने वाले अपराधी जमीन के अंदर होंगे। इसके अलावा तेजस्वी यादव पर हमला करते हुए कहा कि वह बोल रहे है पहले ही शो में भाजपा फ्लॉप हो गई है। वह जरा बता दे कि उन्होंने गिनती कर ली है। यह लोग बूथ छापने वाले है, लेकिन इस बार इनका बूथ नही छप पाएगा।

# सड़क हादसे में किसान समेत चार जख्मी, खेत से काम कर लौट रहे थे घर

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले उदवंतनगर थाना क्षेत्र के कसाप गांव के समीप शनिवार की देर शाम बाइक सवार ने खेत से पैदल जा रहे किसान को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में किसान समेत तीन लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। इसके बाद सभी जख्मियों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां सभी का इलाज कराया जा रहा है। जख्मियों में उदवंतनगर थाना क्षेत्र के कसाप गांव निवासी स्व लक्ष्मण यादव के 40 वर्षीय पुत्र जवाहर यादव और बाइक सवार महिला समेत तीन जख्मी है। इधर, जख्मी किसान के परिजन ने बताया कि जवाहर यादव अपने खेत से काम करने के बाद पैदल घर जा रहे थे। इसी बीच सामने से आ रहे बाइक सवार ने किसान को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक से अनियंत्रित होकर गिर गए। हादसे में तीन लोगों को चोट आई है।



**गंभीर हालत में पटना रेफर कर दिया गयाः** जख्मी किसान को आरा सदर अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गंभीर हालत में पटना रेफर कर दिया गया है। जबकि बाइक सवार अपने स्तर से निजी अस्पताल में इलाज करा रहे है। चिकित्सक ने बताया कि जख्मी अधेड़ का बायां पैर फ्रैक्चर हो गया। सिर में गंभीर चोटे आई। स्थिति काफी नाजुक है। भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के सिअरूआ गांव मोड़ के समीप सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसके बाद परिजन ने उसे इलाज के लिए जगदीशपुर रेफरल अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जख्मी युवक धनगाई थाना क्षेत्र के मिठहां (दलीपपुर) गांव निवासी लाल बहादुर साह का 28 वर्षीय पुत्र छोटू कुमार है।

**बाइक की सर्विसिंग कराने जा रहे थेः** इधर जख्मी युवक के बड़े भाई लालू साह ने बताया कि वह बाइक की सर्विसिंग कराने के लिए जगदीशपुर नयका टोला जा रहा था। उसी दौरान सिअरूआ गांव मोड़ के समीप विपरीत दिशा से आ रहे दूसरे बाइक सवार ने रॉन्ग साइड से आकर उसके बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद पर परिजन ने उसे इलाज के लिए जगदीशपुर रेफरल अस्पताल से आरा सदर अस्पताल लाया।

# क्रिकेट अकादमी भोजपुर ग्रीन 62 रनों से जीता, भोजपुर पैंथर की टीम 169 पर ऑल आउट

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में आयोजित जूनियर डिवीजन क्रिकेट लीग का मैच आज सुबह भोजपुर पैंथर क्रिकेट क्लब बनाम क्रिकेट अकादमी भोजपुर ग्रीन के बीच महाराजा कॉलेज के खेल मैदान पर खेला गया। आज सुबह क्रिकेट अकादमी भोजपुर ग्रीन के कप्तान सचिन ने टॉस जीतकर कर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। क्रिकेट अकादमी भोजपुर ग्रीन की ओर से बल्लेबाजी करने उतरे कप्तान सचिन और आयुष क्रिच पर आए। भोजपुर पैंथर क्रिकेट क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए शुरुआती तीन विकेट महज 40 रनों पर गिरा दिया। आयुष और आर्यमान के बीच शतकीय साझेदारी के कारण 231 रन 6 विकेट के नुकसान पर बनाया।



क्रिकेट अकादमी भोजपुर ग्रीन की ओर से बल्लेबाजी करते हुए आयुष ने नॉट आऊट 112 गेंद पर 107 रन की पारी खेली, आर्यमन ने 60 रन, सचिन 18, युवराज 8, निशांत 11, विराट ने 11 रनों का योगदान दिया। भोजपुर पैंथर क्रिकेट क्लब की ओर गेंदबाजी करते हुए अनमोल ने सर्वाधिक 4 विकेट, विशाल ने 2 विकेट, राजीव ने 1 विकेट प्राप्त किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भोजपुर पैंथर क्रिकेट क्लब ने 169 रन पर सिमट गई। भोजपुरी पैंथर क्रिकेट क्लब की ओर से बल्लेबाजी करते हुए राजीव ने 25 रन, अविनाश 24, अनमोल 33, रितेश राहुल, 12 श्वेतांक और विशाल ने 22 रनों का योगदान दिया।

**शांक और आर्यमन ने चार-चार विकेट प्राप्त किएः** वहीं, क्रिकेट अकादमी भोजपुर ग्रीन की गेंदबाजी करते हुए शशांक और आर्यमन ने चार-चार विकेट प्राप्त किए। वहीं, विशाल और निशांत ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। क्रिकेट एकेडमी ऑफ भोजपुर ग्रीन ने इस मैच को 62 रनों से विजय प्राप्त कर फाइनल में प्रवेश किया। इस मैच के एंपायर शिवम माही और श्रीधर थे। स्कोरर की भूमिका में कुंदन राज सिंह थे। इस मैच के दौरान भोजपुर जिला क्रिकेट संघ के सचिव विनीत कुमार राय के साथ-साथ पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी उपस्थिति थे। इस आशय की जानकारी भोजपुर जिला क्रिकेट लीग के संयोजक आकाश कुमार ने दी।

## साजिश के तहत पिता ने पुत्र के अपहरण की कराई प्राथमिकी

निज संवाददाता। ब्रह्मपुर

नैनीजोर थाने में शुक्रवार को दर्ज अपहरण केस मामले मे पिता द्वारा सोची समझी रची साजिश का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया। दर्ज मामले को ले पुलिस ने छापेमारी कर किशोर को उसके रिश्तेदार के यहां से बरामद कर अपहरण मामले से पर्दा हटा दिया है। बता दें कि नैनीजोर थाने में दर्ज अपहरण केस मामला ने एक नया मोड़ ले लिया है। पिता द्वारा सोची समझी रची साजिश के तहत पुत्र राजा यादव पिता श्री भगवान यादव दक्षिणी नैनीजोर पंचायत के बड़की नैनीजोर निवासी द्वारा नैनीजोर थाने में शुक्रवार 19 अप्रैल 2024 को अपने पड़ोसियों के साथ पूर्व के विवादों में प्रतिशोध की भावना से नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जहां नैनीजोर थानाध्यक्ष मोहम्मद फिरोज आलम मामले को गंभीरता से संज्ञा में लेते हुए त्वरित कठोर और कड़ी से कड़ी कार्रवाई में पुलिस टीम गठित कर विशेष छापेमारी अभियान में शक के आधार पर कई लोगों कस्टडी में कर सघन पूछताछ किया। जहां अपहरण मामले में फर्जी अपहृत राजा यादव उम्र 15 पिता श्री भगवान यादव को डुमरांव स्थित रिश्तेदार के घर से बरामद कर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहृत को बक्सर कोर्ट के समक्ष भेज दिया गया है।



## रामरेखा घाट रोड में अतिक्रमणकारियों पर चला नगर प्रशासन का बुलडोजर

निज संवाददाता। बक्सर

शहर की सड़कों के फुटपाथ पर अवैध रूप से कब्जा कर दुकान लगाने वालों की खैर नहीं। नगर परिषद प्रशासन अभियान चलाकर अवैध कब्जेधारियों से सड़क के फुटपाथ से अतिक्रमण हटवा रहा है। अभियान के तहत शनिवार को शाम को करीब तीन बजे नगर परिषद के ईओ अमित कुमार कार्यालय कर्मियों के साथ बुलडोजर व ट्रैक्टर लेकर रामरेखा घाट पहुंचे। अचानक धमके नगर परिषद के अधिकारियों की टीम व बुलडोजर को देखते ही दुकानदारों के बीच हड़कंप मच गया। नगर परिषद बक्सर क्षेत्रांतर्गत वीर कुंवर सिंह चौक से रामरेखा घाट तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी की देखरेख में सामानों की जब्ती तथा रास्ते के किनारे बने अवैध दुकानों को ध्वस्त किया गया। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाने से पूर्व कई दिनों तक माइकिंग कराकर खुद से अवैध कब्जा हटा लेने की सूचना दुकानदारों की दी गई थी।



# हर वर्ष बाढ़ झेलने को क्यों अभिशप्त है बक्सर जिला

निज संवाददाता। बक्सर

जिले में सियासी रंग गाढ़ा होने लगा है। चुनावी मौसम में प्रत्याशी लुभावने वादों की बौछार कर रहे हैं। क्षेत्र भ्रमण कर रहे प्रत्याशी मतदाताओं को एक से बढ़कर एक भरोसा देने से नहीं चूक रहे। सरकार के पक्ष में तर्क देने वाले नेता राममंदिर, धारा 370, उज्जवला योजना जैसे अन्य योजनाओं की बात कर रहे हैं। वहीं विपक्ष सरकार की नाकामी को गिनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। दूसरी ओर मतदाता यह हिसाब लगा रहे हैं कि बीते पांच वर्षों में क्या होना चाहिए था और हुआ क्या। कहने का सीधा मतलब है कि स्थानीय तौर पर मुद्दा उठने लगे हैं। बाढ़ का दंश झेल रहे ग्रामीणों का कान आश्वासन सुनते-सुनते पक गये हैं। सच भी यही है कि हर साल बक्सर जिला बाढ़ का अभिशप्त बन जाता है। बाढ़ की त्रासदी से यहां हर साल जहां सैकड़ों परिवार घर छोड़ कर ऊंचे स्थान की ओर पलायन कर जाता है। वहीं दूसरी ओर खेती-बारी और मवेशियों को बचाना मुश्किल हो जाता है। लोकसभा चुनाव 2024 में बाढ़ मुद्दा तेजी से उठ रहा है। प्रत्याशियों से इसके समाधान पर मतदाता सवाल उठा रहे हैं। गंगा नदी के तट पर बसा बक्सर जिला बाढ़ का अभिशप्त झेलने को विवश है। बिहार के मैदानी इलाके में गंगा का प्रवेश चौसा से होता है। चौसा प्रखंड से लेकर ब्रह्मपुर प्रखंड के दर्जनों गांव डूब जाते हैं। गंगा जीवनदायनी होने के साथ ही अभिशप्त भी बन जाती है। जब गंगा का जलस्तर उफान पर होता है तो यहां के लोगों को अच्छा खासा नुकसान झेलना पड़ता है। गंगा कटाव में सैकड़ों एकड़ कृषि योग्य भूमि गंगा में समा गई। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार यहां गंगा का वार्निंग लेबल 59.320 और डेंजर लेबल 60.320 है। हर साल या तो वार्निंग लेबल के करीब गंगा पहुंच जाती है या फिर पार कर जाती है। बता दें कि वर्ष 2013 में 61.435 मीटर गंगा का जलस्तर पहुंच गया था। उस समय जान माल का काफी नुकसान हुआ था। गंगा की सहायक नदियां भी मचाती हैं जिले में तांडव गंगा मं बढ़ते जलस्तर का दबाव सहायक नदियों में भी दिखने लगता है। जिले के सहायक कर्मनाशा नदी, ठोरा, कंचन, धर्मावती और कंचन नदी का पानी खेतों में उतर जाता है। इससे जिले के चौसा, बक्सर, सिमरी, चक्की, ब्रह्मपुर और इटाढ़ी प्रखंड के इलाकों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगता है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र मंझरिया के रविंद्र सिंह, इटाढ़ी के पंकज गुप्ता, अहिरौली के जयशंकर चौबे, चौसा के रमेश कुमार आदि ने कहा कि हर साल बाढ़ झेलने को बक्सर अभिशप्त क्यों। चुनाव में वोट भरोसा का गठरी लेकर घूमने वाले प्रत्याशियों का दोष नहीं है क्या।



## एक नजर

### एसएसबी ने एक मुस्लिम युवक को दूसरे धर्म की नाबालिग लड़की के साथ किया गिरफ्तार



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण) (नि.सं.)।** पूर्वी चंपारण के रक्सौल बॉर्डर पर 'द केरला स्टोरी' जैसा एक मामला सामने आया है। बॉर्डर पर एसएसबी ने एक मुस्लिम युवक को दूसरे धर्म की नाबालिग लड़की के साथ पकड़ा है। युवक ने नाबालिग को धोखे में रखकर शादी की। इसके बाद उसे नेपाल लेकर जा रहा था, जहां नाबालिग को बेचने वाला था। युवक की पहचान समीर आलम (26) के रूप में हुई है। समीर पहले भी दूसरे धर्म की लड़कियों को बहला-फुसलाकर धर्मांतरण करने और बेचने के आरोप में जेल जा चुका है। उसके मोबाइल से लड़कियों की आपत्तिजनक फोटो-वीडियो मिले हैं। एसएसबी की मानव तस्करी रोधी यूनिट ने मिशन निर्भया के तहत इस कार्रवाई को अंजाम दिया है। एसएसबी के इंस्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा ने इस मामले में चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया कि समीर आलम की हरकत बॉलीवुड फिल्म 'द केरला स्टोरी' की कहानी से बहुत हद तक मिलता है। युवक के साथ बरामद नाबालिग की उम्र 17 साल है और वह बेतिया की रहने वाली है। आरोपी भी वहीं का रहने वाला है। इंस्पेक्टर मनोज शर्मा ने बताया कि पहले तो नाबालिग बहुत सहमी थी। कुछ भी बताने को तैयार नहीं थी। ऐसा लग रहा था कि उसे लड़के से बहुत प्रेम है। फिर काउंसिलिंग के बाद उसने पूरी कहनी बताई। नाबालिग ने बताया कि वो लड़के को केवल दो माह से जानती है। अपनी एक सहेली सलमा खातून के यहां शादी में गई थी, वहां लड़के ने उससे बात करने की कोशिश की, लेकिन उसने रिस्पॉन्स नहीं दिया था। समीर स्कूल जाते वक्त उसका पीछा करने लगा और दोस्ती करने की कोशिश करता था। एक दिन उससे बात की तो लड़के ने अपना नाम समीर बताया, उसे अपने धर्म का पता नहीं चलने दिया। दोनों में बातचीत और मुलाकात होने लगी। कुछ दिन बाद फिर समीर उससे मिला और उसे अपने घर ले जाने की जिद करने लगा। पहले नाबालिग ने मना किया, फिर वापस लौटने की शर्त पर उसके घर चली गई। घर पहुंचते ही समीर ने नाबालिग की साइकिल छुपा दी और कहा कि तुम अब अपने घर नहीं जाओगी। मैं तुमसे शादी करूंगा। नाबालिग ने मना किया और जाने की कोशिश करने लगी तो समीर ने अपनी जान पहचान की महिलाओं को बुला लिया। जबरदस्ती मांग में सिंदूर भरने की कोशिश की। नाबालिग ने पुलिस से कहा कि वो समझ गई थी कि अब फंस गई है तो उसने अपने आपको उनके हवाले कर दिया। फिर दोनों साथ रहने लगे। लड़की ने कहा कि वह दो बार मौका पा कर वहां से भाग भी गई थी, लेकिन उसे दोनों बार पकड़ लिया गया। लड़की के पास कोई फोन भी नहीं था और मोहम्मद समीर आलम उसके घर बात भी नहीं करने देता था। एक दिन लड़की ने छुप कर बात करने का प्रयास किया, लेकिन समीर को पता चल गया तो बहुत डांटा। अगले दिन लड़के ने उससे कहा कि चलो तुम्हें रक्सौल मार्केट घुमा कर लाता हूं। यह कहकर वह नेपाल ले जाकर बेचने की कोशिश में था, लेकिन इंस्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा के इंटेलिजेंस नेटवर्क ने उसे पकड़ लिया। इंस्पेक्टर शर्मा को जानकारी मिली थी कि एक व्यक्ति 17 वर्षीय नाबालिग लड़की को रक्सौल या इसके आसपास के क्षेत्र से नेपाल ले जाने की कोशिश में हैं। पुलिस ने सभी को ड्यूटी में अलर्ट कर दिया। कुछ समय बाद एएचटीयू टीम को एक व्यक्ति के साथ नाबालिग लड़की जाती हुई दिखी तो उनको संदेह हुआ। रोककर पूछताछ की गई तब व्यक्ति की ओवर एक्टिंग देख सभी आश्चर्यचकित रह गए। वह किशोरी से कुछ भी पूछताछ नहीं करने दे रहा था और वह भी आरोपी के पक्ष में ही बात कर रही थी, लेकिन दोनों को देख कर संदेह लग रहा था कि मामला तो कुछ और ही है। उनको पूछताछ के लिए थाना लेकर गए तो पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसका नाम मोहम्मद समीर आलम है। उसके अब्बा का नाम मोहम्मद गुड्डू मियां है। वह गांव किशुनबाग थाना नगर बेतिया का रहने वाला है। उस पर 11 मई 2022 को यूपी की एक नाबालिग लड़की के तस्करी के संदर्भ में प्रतापगढ़ में धारा 363, 366, 376, 370 और पॉक्सो एक्ट 03 (2) एसटी, एससी एक्ट में मुकदमा भी चल रहा है। वह बेल पर बाहर है। जब उससे कहा गया कि तुम पहले भी नाबालिग के मामले में जेल जा चुके हो, तब उसने कहा कि कोई बात नहीं दोबारा भी जेल चला जाऊंगा, फिर बेल पर जेल से बाहर आ जाऊंगा। पुलिस ने कहा कि मोहम्मद समीर आलम बेहद ही शातिर है। उसके फोन से अन्य लड़कियों के आपत्तिजनक वीडियो और फोटो भी पाए गए हैं। उसपर सामाजिक कार्यकर्ता और एनजीओ स्वच्छ रक्सौल के डायरेक्टर रणजीत सिंह ने अभियुक्त प्राथमिकी दर्ज कराई है। धारा 363, 366, 376, 370 और पोक्सो एक्ट 03(2) एससी/एसटी एक्ट, बाल विवाह आदी की धाराएं लगी हैं।

### हाइवा ने मां, बेटी और बहू को रौंदा, तीनों महिला घायल



**पटना (नि.सं.)।** पटना के कंकड़बाग थाना क्षेत्र के जगनपुरा के नजदीक सड़क पार कर रही मां, बेटी एवं बहू को हाइवा ने रविवार को कुचल डाला। इस हादसे में तीनों महिला घायल हो गई, जिसमें एक की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद ड्राइवर गाड़ी मौके पर छोड़कर फरार हो गया। जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। बताया जा रहा है कि तीनों महिला शादी समारोह में शामिल होने पटना के जगनपुरा पहुंची थी। पटना के आलमगंज निवासी मीरा देवी 60 वर्ष, ममता देवी 45 वर्ष एवं चुन्नी देवी 50 वर्ष शादी समारोह में शामिल होने के लिए जगनपुरा पहुंची थी। रविवार को सड़क पार करने के क्रम में तेज रफ्तार हाईवा ने तीनों महिला को कुचल डाला। आसपास के लोगों ने बताया कि तीनों महिला एक ही परिवार की मां, बेटी एवं बहू हैं। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना कंकड़बाग एवं रामकृष्ण नगर थाने को दी। सूचना मिलते ही दोनों थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां एक महिला की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद मौके पर काफी देर तक अफरा तफरी का माहौल बना रहा। घटना की पुष्टि करते हुए कंकड़बाग थाना प्रभारी ने बताया कि मौके से फरार ड्राइवर की तलाश की जा रही है।

### बाइक के बीच टक्कर, घायल पटना हुआ रेफर

**जमुई (नि.सं.)।** सरकारी बस स्टैंड स्थित राजद कार्यालय के पास रविवार की सुबह तेज रफ्तार में आ रहे दो बाइक के बीच टक्कर हो गई। इसमें खड़गपुर थाना क्षेत्र के वर्मा गांव निवासी सुबोध कुमार घायल उम्र 47 साल गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां पर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। घायल के परिजनों ने बताया कि वह रविवार को अपने ससुराल जमुई के थाना चौक के पास गए था। वहां से लौटने के दौरान बस स्टैंड के पास घटना हो गई। सिर व चेहरे पर गंभीर चोट लगने के कारण हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं डॉक्टर अभिषेक गौरव ने बताया कि मरीज की स्थिति गंभीर होने पर उसे पटना रेफर किया गया है। इधर सूचना पर पहुंची टाउन थाने की पुलिस मामले की जांच में लग गई है। बता दें कि दो दिनों के अंदर सड़क हादसे में कुल छह लोगों की मौत हो चुकी है। शनिवार को एक ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हुई थी। जबकि सिकंदरा में कार ने एक बच्चे को कुचल दिया था।

गाड़ी नहर में गिरने के पूर्व चालक वाहन से कूदकर हुआ फरार

# अनियंत्रित होकर नहर में गिरा डीजे वाहन, दो नाबालिग बच्चे की मौत



- बांका में बारात से लौट रहा था डीजे लेकर वाहन

निज संवाददाता

**बांका।** बांका में एक डीजे वाहन अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरा। इस हादसे में वाहन में सवार दो नाबालिग बच्चे की मौत हो गयी। घटना जिला के नगर थाना क्षेत्र के शंकरपुर के पास ढाका मोड़-बांका मुख्य सड़क मार्ग पर की है। जहां रविवार की अहले सुबह शादी समारोह में डीजे बजा कर घर लौट रहे डीजे वाहन के चालक ने वाहन पर से अपना नियंत्रण खो दिया और ये दर्दनाक हादसा हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, डीजे वाहन का चालक तेज रफ्तार से वाहन लेकर जा रहा था। इसी क्रम में वाहन अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरा। जिससे उस वाहन पर सवार दो नाबालिग की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। मृतक की पहचान बाराहाट थाना क्षेत्र के चपरा कोलहत्था निवासी उमेश पासवान के 14 वर्षीय पुत्र ओम कुमार तथा पवन हरिजन के पुत्र 16 वर्षीय दीपक हरिजन के रूप में हुई है। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही बांका नगर थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बांका भेज दिया है।

बताया जा रहा है कि रजौन बाजार के किफायतपुर मोहल्ला निवासी मुकेश पासवान के घर से शनिवार रात्रि डीजे वाहन बारात को लेकर बांका के करहरिया मुहल्ला गया था। करहरिया मुहल्ले में बारात लगाने के बाद डीजे वाहन चालक किफयतपुर निवासी राजेश पासवान वाहन को लेकर लौट रहा था। मिल रही जानकारी के अनुसार, नशे में होने के कारण चालक तेज रफ्तार वाहन से नियंत्रण खो बैठा। जिसके बाद डीजे वाहन सीधे नहर में जा गिरा। नहर में गिरने के पूर्व चालक राजेश पासवान वाहन से कूद कर फरार हो गया। जबकि नहर में वाहन पलटने से वाहन पर सवार डीजे के दो नाबालिग कर्मी की दबकर मौके पर ही मौत हो गई। किफायतपुर निवासी डीजे वाहन चालक राजेश पासवान ने आरोप लगाया है की डीजे वाहन को लेकर लौटने के क्रम में बांका पुलिस ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया। इसी से बचने में वाहन अनियंत्रित होकर सीधे नहर में जा गिरा। वहीं किफयतपुर के निवासियों का कहना है की वाहन चालक ने रजौन व बांका में शराब पी लिया था। नशे में होने के कारण चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। जिसके कारण इतनी बड़ी घटना घटी।

### रोड क्रॉस कर रहे बालक की मौत

निज संवाददाता

**गोपालगंज।** गोपालगंज के फुलवरिया थाना क्षेत्र के माड़ीपुर भरपटिया गांव के पास सड़क पार कर रहे नौ वर्षीय मासूम बच्चे को बाइक सवार ने जोरदार धक्का मार दिया। धक्का लगते ही वह मौके पर गिर गया, जिसे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक की पहचान फुलवरिया थाना क्षेत्र के माड़ीपुर भरपटिया गांव निवासी मनोज 9 वर्षीय बेटा बंटी कुमार के रूप में की गई। परिजनों ने बताया कि वह सड़क पार कर अपने घर लौट रहा था। इसी बीच एक मोटरसाइकिल सवार ने उसे जोरदार धक्का मार दिया। धक्का लगते ही वह मौके पर ही गिर गया, जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया। जख्मी अवस्था में उसे स्थानीय लोगो के सहयोग से इलाज के लिए फुलवरिया रेफरल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत होने की सूचना पाकर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### प्लास्टिक फैक्ट्री में लगी आग, लाखों रुपए के समान व एक ऑटो जला



निज संवाददाता

**पटना।** पटना के गौरीचक थाना क्षेत्र के गणपति इंटरप्राइजेज प्लास्टिक फैक्ट्री में रविवार को अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। फैक्ट्री धू धूकर जलने लगी। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना गौरीचक थाने को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस और अग्नि दस्ते की गाड़ी ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस बीच प्लास्टिक फैक्ट्री में रखी गई लाखों रुपए के समान और एक ऑटो जलकर नष्ट हो गया। घटना की पुष्टि करते हुए गौरीचक थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि फिलहाल उनके पास कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है, जिससे नुकसान का सही आंकड़ा लगाया जा सके। घटना के बाद मौके पर घंटे अफरा तफरी मची रही। गौरीचक थाना क्षेत्र के पावर ग्रिड के नजदीक गणपति इंटरप्राइजेज प्लास्टिक की एक फैक्ट्री है। रविवार को अचानक प्लास्टिक फैक्ट्री के एक कोने से तेजी से धुआं निकलना शुरू हो गया। इसे देखते ही वहां काम करने वाले मजदूरों ने शोर करना शुरू कर दिया। पहले तो लोगों ने आग पर काबू पाने के लिए आसपास से पानी का छिड़काव करना शुरू कर दिया। गौरीचक थाने के अग्नि दस्ते की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस बीच फैक्ट्री की लगभग सभी सामान जलकर नष्ट हो गया।

लोगों का मानना है कि इस आग लगी में कंपनी को लगभग 10 लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। इस मामले को लेकर गौरीचक थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि प्लास्टिक फैक्ट्री के प्रोपराइटर की तरफ से अभी तक कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। इससे नुकसान के बारे में कुछ बोल पाना उचित नहीं होगा।

## आग लगने से 50 घर जलकर राख, एक करोड़ का हुआ नुकसान

निज संवाददाता

**बेतिया (पश्चिमी चम्पारण)।** बेतिया में अचानक आग लगने से 50 घर जलकर राख हो गया है। घटना श्रीनगर थाना क्षेत्र के दक्षिण पटजिरवा पंचायत के रनहां बीन टोली का है। इस घटना में एक करोड़ से ज्यादा के नुकसान का अंदेशा जताया जा रहा है। जिन घरों में आग लगी, उनमें दो में शादी होनी थी। घटना की सूचना पर तीन गाड़ियों के साथ पहुंचे फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया है। अचानक आग लगी के घटना से पूरे गांव में अफरा-तफरी का माहौल है। थानध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया है। उन्होंने बताया अब तक कारणों का पता नहीं चल पाया है। क्षति का आकलन किया जा रहा है। अंचल अधिकारी को भी घटना की जानकारी दी गई है। ग्रामीणों ने बताया कि अग्नि पीड़ित राधा मुखिया के पुत्र विनायक कुमार का 23 अप्रैल को शादी है। जबकि प्रभु मुखिया के पुत्र दिलीप कुमार का 25 अप्रैल को शादी है। विनायक का शादी नवलपुर थाना क्षेत्र के कमलापुर निवासी बच्चा मुखिया के बेटी से होने वाला है। जबकि दिलीप का शादी बगहा पुलिस जिला के भैरोगंज थाना क्षेत्र के भोलापुर खरहटवा गांव निवासी रामायण मुखिया के बेटी से होने वाला है। दोनों के घर शादी की तैयारी पूरी कर ली गई थी। लेकिन अचानक आग लगी के घटना ने सभी के खुशी को एक पल में मिटा दिया है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल बना हुआ है।

## पुलिस ने हथियार के साथ दो अपराधी को किया गिरफ्तार



निज संवाददाता

**बेगूसराय।** बेगूसराय पुलिस ने दो बदमाशों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर मंझौल थाना ने बैंगा गाछी के समीप से दोनों को 2 देसी कट्टा, 4 गोली, लोहे का एक चक्र और दो मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने बताया कि रात में मंझौल थाना को गुप्त सूचना मिली कि दो लड़का हाथ में पिस्टल लिए हुए किसी घटना को अंजाम देने के लिए बैंगा गाछी में पहुंचा हुआ है। मंझौल थानाध्यक्ष रिशा राय, अवर निरीक्षक देव नारायण राम, ब्रह्मा प्रसाद, महेन्द्र सिंह और सशस्त्र बल ने छापेमारी की। दोनों संदिग्ध लड़कों कमला गांव निवासी निक्कू कुमार और पवड़ा निवासी मो. अली खान को पकड़ा गया। तलाशी में दोनों के पास से एक-एक लोडेड देसी कट्टा, एक-एक कारतूस और लोहे का एक चक्र, दो मोबाइल बरामद किया गया। पकड़ाए दोनों बदमाशों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। एसपी ने बताया कि अपराध और अपराधी के विरुद्ध बेगूसराय पुलिस एक्शन मोड में कार्रवाई कर रही है। सभी थाना की पुलिस, डायल-112, कंट्रोल रूम और सोशल मीडिया सेल एक्टिव मोड में है। लगातार कार्रवाई की जा रही है।

### अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

निज संवाददाता

**अररिया।** भरगामा थाना क्षेत्र के सिरसिया कला पंचायत में जेबीसी नहर के पास अवैध हथियार के साथ एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने युवक के पास से 2 देसी कट्टा, 2 जिंदा कारतूस और दो खोखा बरामद किया है। इसके साथ ही एक बाइक भी जब्त किया। घटना को लेकर उप मुखिया रंजय कुमार राय, वार्ड सदस्य अखिलेश यादव आदि लोगों ने बताया कि शनिवार को जिलेबिया मोड़ पर बैठे हुए थे। इस दौरान गांव से एक और लोग वहां आ रहा था। उसने बताया कि पुल के पास एक काले रंग की अपाची बाइक को खड़ी करके तीन लड़के आपस में बात कर रहे है। इसके साथ ही कहा कि वह लोग किसी साथी के आने का इंतजार कर रहे है। जब शक हुआ तो सभी ने गांव से कुछ और लोगों को बुलाया और अखिलेश यादव इन तीनों को बात में उलझाने लगा। जब पता चला कि तीनों लड़के आपराधिक प्रवृत्ति के है तो रंजय राय व अखिलेश ने तीनों को पकड़ना चाहा। इसके बाद बदमाशों ने कट्टा निकालकर फायरिंग शुरू कर दिया। कई राउंड फायरिंग के बाद जब मौके मिला तो दो बदमाश मक्का के खेत से भाग निकले। जबकि एक बदमाश को रंजय राय व अखिलेश यादव ने पकड़ लिया। आरोपी को फिर पुलिस के हवाले कर दिया। जब उससे पूछताछ कि गई तो अपना नाम मो साकिर पिता का नाम मंसूर आलम और थाना जदिया जिला सुपौल का स्थायी निवासी बताया।

## विकास और विरासत दोनों को साथ लेकर चलती है भारतीय जनता पार्टी : गिरिराज सिंह

निज संवाददाता




**बेगूसराय।** बीजेपी के फायर ब्रांड नेता गिरिराज सिंह ने आज एक बार फिर देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून को जरूरी बताया है। बेगूसराय में कर्नाटक सरकार पर हमला करने के साथ ही लालू यादव के परिवारवाद भी सवाल खड़ा किया है। तेजस्वी के यह कहने पर कि हम कलम बांटते हैं और भाजपा वाले तलवार। इस पर गिरिराज सिंह ने कहा कि सब लोग जानते हैं तेजस्वी यादव को। चरवाहा विद्यालय में भी कलम बांटा गया था। अब यह लोग नए कलम बांट रहे हैं, भारतीय जनता पार्टी विकास और विरासत को लेकर चलती है। गिरिराज सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विकास और विरासत दोनों को साथ लेकर चलती है। हमारी विरासत शिक्षा से भरी हुई है। इसलिए मुझे तेजस्वी यादव से ज्ञान लेने की जरूरत नहीं है, तेजस्वी यादव हमें ज्ञान नहीं दें। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लालू यादव के परिवारवाद पर सवाल उठाने और कौन इतने बच्चे पैदा करता है कहने पर गिरिराज सिंह ने कहा कि नीतीश जी लालू जी के छोटे भाई हैं। राज्य के मुख्यमंत्री हैं, लालू जी पूर्व मुख्यमंत्री। नसीहत पर लालू जी चाह कर भी कुछ नहीं कर सकते हैं। गिरिराज सिंह ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू होना बहुत जरूरी है, आने वाले दिन में जब हम सब पूरे देश में कॉमन सिविल कोड लागू करेंगे तो जनसंख्या नियंत्रण कानून की आवश्यकता होगी, देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून की जरूरत है, यह कानून जरूर लागू होगा। कर्नाटक के कॉलेज कैंपस में फैयाज नाम के मुस्लिम युवक द्वारा हिंदू लड़की को चाकू से गोदने की घटना सामने आने पर गिरिराज सिंह ने कहा की सभी लोग पश्चिम बंगाल की नकल कर रहे हैं, कर्नाटक सरकार बंगाल से बढ़ना चाहती है, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। गिरिराज सिंह ने कहा कि तुष्टीकरण के कारण ही फैयाज नाम हो, इस्लाम हो या सलमान ऐसा कर रहे हैं। उन लड़कियों का दोष क्या था। कर्नाटक में चाकू से गोद दिया। वहां की सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। ममता बनर्जी के राज्य में यह सब होते रहे है, अब कर्नाटक बंगाल से बढ़ना चाहता है, जिसे देश से बर्दाश्त नहीं करेगा।

### अपराधियों ने घर में सो रहे व्यक्ति को मारी गोली, घायल

**लखीसराय (नि.सं.)।** लखीसराय के हलसी थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात घर में सो रहे एक व्यक्ति को अज्ञात अपराधी ने गोली मार दिया। जानकारी के अनुसार घटना बिल्ली गांव की बताई जा रही है। वहीं परिजनों ने आरोप लगाया कि इलाज के लिए जब घायल को लेकर लखीसराय के सदर अस्पताल में लेकर गए तो तीन घंटे तक कोई इलाज नहीं हुआ। जब जिला के अधिकारियों को फोन किया गया तब 2 घंटे बाद जिलाधिकारी ने सभी को अस्पताल भेजा। परिजनों ने बताया कि 55 साल के राजो यादव अपने घर में सो रहे थे। इस दौरान किसी अज्ञात ने दो गोली मार दी। वहीं घटना को लेकर हलशी थाना अध्यक्ष विजय कुमार ने बताया कि बिल्ली गांव में गोलीबारी कि सूचना मिली है। मामले की जांच की जा रही है, इसमें जो भी व्यक्ति शामिल है उन्हें जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल घायल को बेहतर इलाज के लिए पटना के पीएमसीएच में रेफर कर दिया गया है।

### मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, तीन लोग घायल



निज संवाददाता

**लखीसराय।** लखीसराय के तेतरहट थाना क्षेत्र में मामूली विवाद को लेकर शनिवार देर रात दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। इसमें एक पक्ष से एक महिला सहित तीन व्यक्ति घायल हो गए। फिलहाल सभी का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। घायलों की पहचान रूबी कुमारी, दीपक कुमार, सुरेश मिस्त्री और मुकेश कुमार के रूप में किया गया है। घायल सुरेश मिस्त्री ने बताया कि पड़ोस के ही श्याम देव प्रसाद मोदी, रंजीत वर्णवाल और विक्कू वर्णवाल के साथ पहले से जमीन को लेकर विवाद चला रहा है। इसको लेकर वह अक्सर किसी न किसी बहाने से झगड़ा और मारपीट करते रहते है। शनिवार रात को उन लोगों ने चाचा को मारना शुरू कर दिया। जानकारी मिलते ही जब उनको बचाने गए तो मेरे साथ भी मारपीट शुरू कर दिया। इस दौरान बीच बचाव करने आई भाभी को भी उन लोगों ने घायल कर दिया गया। वहीं मामले को लेकर तेतरहाट थाना अध्यक्ष राजाराम ने बताया कि थाना क्षेत्र के बाजार में मारपीट की सूचना मिली है। पीड़ितों की ओर से अभी तक आवेदन नहीं दिया गया है। शिकायत मिलते ही जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मिठाई की दुकान में लगी, छह लाख की सपंत्ति जलकर राख

निज संवाददाता

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)।** मोतिहारी के एक होटल में अचानक आग लग गई, जिससे दुकान एम रखे सारा सामान जल कर राख हो गया। आग कैसे लगी है, इस बात की अब तक पता नहीं चल पाया है। घटना घोड़ासहन थाना क्षेत्र के श्रीपुर की है। पीड़ित दुकानदार चिरैया थाना क्षेत्र के बरैठा निवासी राजेश चौरसिया ने बताया कि उसका दुकान घोड़ासहन थाना के श्रीपुर रोड में जय श्री राम स्वीट्स के नाम से चलता है। दुकान में अचानक से आग लग गया, जब तक कुछ समझ पाते तब तक आग दुकान में चारो तरफ से आग फैल गया, जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ी आ कर आग बुझती तब तक दुकान में रखा सारा सामान जल कर राख हो गया। राजेश ने बताया कि आग कैसे लगी है, इस बात की जानकारी नहीं मिल पाई है। अंदाजा लगाया जा रहा कि शॉट सर्किट से आग लगी होगी। दुकानदार राजेश ने बताया कि आग लगने से करीब छह लाख रुपए से अधिक का सामान जल कर राख हो गया, जिसमें एक बाइक, दो फ्रिज, शोकेस, इन भटर, बैटरी, फर्नीचर सामान, बर्तन, 50 हजार कैश, सीसीटीवी कैमरा सेट, पानी टंकी, मोटर आदि जल गए।

## नगर कार्यपालक पदाधिकारी ने कंचनजंगा पर लहराया तिरंगा

- हर 15 मिनट में बदलता क्लाइमेट रहा चैलेंज,
- ऑक्सीजन लेवल कम होने बावजूद सफर किया पूरा



निज संवाददाता

**बेगूसराय।** किताबों में पढ़ी गई कहानी और देखे गए फोटो वाले स्थान पर पहुंचने से कितनी खुशी होती है ये बेगूसराय के वीरपुर निवासी किसान राम बच्चन पंडित के पुत्र अमित कुमार ने महसूस की। बीपीएससी पास कर नगर कार्यपालक पदाधिकारी बने अमित ने जब हिमालय पर्वत श्रृंखला के कंचनजंगा पर राष्ट्रीय ध्वज लहराया। अमित ने बताया कि 67वां बीपीएससी परीक्षा पास करने के बाद उनका चयन नगर कार्यपालक पदाधिकारी के पद पर हुआ है। फरवरी से बिपार्ड गया में पांच महीने की प्रारंभिक ट्रेनिंग चल रही है।

ट्रेनिंग के दौरान ही 25 अन्य सहयोगियों के साथ पीटी सर के नेतृत्व में एडवेंचर टूर पर भेजने का चयन किया गया। अमित ने बताया कि दजोंगरी में जब कैंप लगाए तो सुबह में स्लीपिंग बैग बर्फ से पूरी तरह ढंका हुआ था, पानी का बोतल छूते ही शरीर में सनसनी फैल गई थी। 10-15 मिनट पर ही वेदर चेंज होता था, कभी बारिश तो कभी बर्फ की आंधी चलती थी, लेकिन एक-दूसरे के सपोर्ट से पूरा रास्ता आसान हो रहा था। माइनस 13 डिग्री टेम्परेचर में ऊपर पहुंचे तो टारगेट फूल करने का प्राउड हो रहा था। अमित ने कहा कुछ साथी वोमेटिंग और हेडैक से परेशान हुए, ऑक्सीजन का लो लेवल भी परेशान कर रहा था, लेकिन लिए गए ट्रेनिंग के कारण मेंटली फिट थे। रुकते हुए 17 अप्रैल को जब चोटी पर पहुंच गए तो रास्ते की सभी कठिनाई को भूल चुके थे, अपना राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहराया। उसके बाद नीचे की यात्रा शुरू हुई और 19 अप्रैल को प्रारंभिक बेस कैंप पहुंच गए। अमित ने कहा 7 अप्रैल को 26 लोगों की टीम सिलीगुड़ी पहुंची। सिलीगुड़ी से ट्रैक द हिमालय के गाइड के नेतृत्व में युक्सुम बेस कैंप से कंचनजंगा फतह करने के लिए निकल पड़ा। 10 अप्रैल की रात साचेन में रुक अगले दिन की चढ़ाई शुरू हुई। फेदांग होते हुए दजोंगरी पहुंचा तो क्लाइमेट पूरी तरह से बदला हुआ था। दजोंगरी ही वह जगह है, जहां से अधिकतर लोग लौट जाते हैं।क्लाइमेट में जबरदस्त परिवर्तन और ऑक्सीजन की कमी आगे का रास्ता रोक लेती है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# कोशिका संवाद

हमारा शरीर कोशिकाओं का समूह है और कोशिकाएं परस्पर संवाद करती हैं, यह धारणा पुरानी है और अब वैज्ञानिक इस धारणा का वैज्ञानिक आधार भी सुनिश्चित करने की दिशा में पुख्ता तौर पर आगे बढ़ चले हैं। नेचर में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, हमारे शरीर में मौजूद प्रतिरक्षा और स्ट्रोमल कोशिकाओं के बीच परस्पर संवाद होता है, जिसे समझने की विधि का और विकास हुआ है। प्रतिरक्षा कोशिकाएं स्ट्रोमल कोशिकाओं का सहयोग करती हैं और स्ट्रोमल कोशिकाएं भी प्रतिरक्षा या इम्यून कोशिकाओं के साथ मिलकर काम करती हैं। इम्यून कोशिकाएं, मतलब रोग प्रतिरोधक कोशिकाओं के बारे में हम ज्यादा जानते हैं, पर स्ट्रोमल कोशिकाओं के बारे में जानना दिलचस्प है। ये ऐसी कोशिकाएं हैं, जो सहज शब्दों में अगर समझें, तो ये शरीर में मरम्मत के काम करती हैं। ये अंग संयोजक कोशिकाएं हैं और पूरे शरीर में पाई जाती हैं और कुछ ऐसे अंगों में, जहां कोशिकाओं के निर्माण की लगातार जरूरत है, ये ज्यादा रहती हैं। स्ट्रोमल कोशिकाओं के काम को हम समझें, तो त्वचा को देखना उपयोगी होगा। नई त्वचा नीचे से स्वतः ही ऊपर आकर ऊपरी त्वचा का स्थान लेती है, यह कार्य मुख्यतः स्ट्रोमल कोशिकाओं के मार्फत होता है।अनेक अमेरिकी विश्वविद्यालयों के संयुक्त प्रयास से यह शोध संभव हुआ है और इसमें सबसे प्रमुख भूमिका रॉकफेलर यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञों की है। वैज्ञानिकों का एक पूरा समूह कोशिकाओं के बीच संवाद को समझने की कोशिश में लगातार जुटा हुआ है और नित नए रहस्योद्घाटन हो रहे हैं। बहरहाल, इम्यून और स्ट्रोमल कोशिकाओं के संवाद से शरीर में जरूरी कोशिकाओं के निर्माण को बल मिलता है। विशेष रूप से सूजन या जलन होने पर इनका संवाद बहुत बढ़ जाता है और स्ट्रोमल कोशिकाएं कुछ ज्यादा ही सक्रियता से अपने काम को अंजाम देने लगती हैं। प्रतिरक्षा-विज्ञानी हालिया खोज से काफी खुश हैं। होमोस्टैसिस में और रोग की प्रगति के दौरान, इन सभी अंतःक्रियाओं को रेखांकित करने वाले तंत्र को पहचानने से प्रतिरक्षा विकारों के लिए नए, अत्यधिक प्रभावकारी उपचारों को सामने लाने में मदद मिल सकती है। त्वचा, आंत, जोड़ों और फेफड़ों की सूजन संबंधी बीमारियों में नवीन चिकित्सीय क्षमता को बल मिलेगा। हालांकि, रोगों हर चरण में मापने के पैमानों की अभी कमी है, जिससे उपचार में समस्या बनी रहती है। कोशिकाओं का अध्ययन और उनके परस्पर व्यवहार को समझना इसलिए भी जरूरी है, ताकि किसी रोग में होने वाले बदलावों और शरीर के अंदर रोग या विषाणुओं से होने वाली प्रतिरोधक कोशिकाओं की लड़ाई को समझने और हार-जीत को मापने में सुविधा हो। निश्चित ही इससे उपचार पद्धतियों को बल मिलेगा। साफ तौर पर इस जरूरी शोध का मकसद स्ट्रोमल कोशिकाओं और न्यूरॉन्स द्वारा प्रतिरक्षा तंत्र में हमारे ज्ञान का विस्तार करना है। हम अगर कोशिकाओं के बारे में सब कुछ जान पाते हैं, तो इससे चिकित्सा की दुनिया में उपचार के नए तरीकों के सृजन के साथ ही, पुराने तरीकों को बदलने-सुधारने में पर्याप्त मदद मिलेगी। वैज्ञानिक तरह-तरह की कोशिकाओं की पहचान करने में जुटे हुए हैं। उनके हाथ एक ऐसी वैज्ञानिक विधि लग गई है, जिसे 'युलिपस्टिक' कहा जा सकता है, यह मोटे तौर पर एक ऐसी उपयोगी तकनीक है, जिससे अलग-अलग जैविक तंत्र में कोशिकाओं के परस्पर संवाद को समझना संभव है।

# सांप्रदायिक सौहार्द की सीख देती हजारीबाग की रामनवमी

**विजय केसरी**

हजारीबाग की रामनवमी 106 वें वर्ष में प्रवेश कर गई है। हजारीबाग रामनवमी की लोकप्रियता जिस रूप में उभर कर सामने आई है, इसका इतिहास उतना ही गौरवशाली है। हजारीबाग की रामनवमी वर्ल्ड फेमस रामनवमी और इंटरनेशनल रामनवमी के नाम से जानी जा रही है। हजारीबाग की रामनवमी ने समाज के सभी वर्ग के लोगों को एक साथ जोड़ दिया है। इस महापर्व पर सभी लोग एक साथ मिलकर नाचते गाते देखे जाते हैं। इस पर्व ने छोटे-बड़े और अमीर - गरीब के भेद को एक सूत्र में बांध दिया है। हजारीबाग की रामनवमी अपने स्थापना काल से ही सांप्रदायिक सौहार्द की सीख देती चली आ रही है। इस महपर्व में हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सहित विभिन्न धर्मावलंबी के लोग मिलजुल जुलूस में भाग लेते हैं, तथा परस्पर सहयोग से जुलूस को आगे बढ़ते देखे जाते हैं। इस महापर्व पर सरकारी और सामाजिक संगठनों द्वारा जुलूस में भाग लेने वाले लोगों का हर तरह से खिदमत किया जाता हैं। यह महपर्व हम सबों को परस्पर सहयोग और आपसी भाईचारे की भी सीख देता है। हजारीबाग की रामनवमी अब इंटरनेशनल रामनवमी के रूप में जानी जा रही है। हजारीबाग की रामनवमी देखने के लिए आसपास के जिलों सहित विभिन्न प्रांतो के लोग भी हर वर्ष आते हैं। यहा रामनवमी की रामनवमी की शुरुआत सन् 1918 में चैत्र शुक्ल नवमी के दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान रामचंद्र की जंयती पर हजारीबाग नगर के जेपीएम मार्ग निवासी स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर ने अपने पांच मित्रों के साथ मिलकर महावीरी झंडा निकालकर की थी। तब शायद किसी ने यह कल्पना भी न की थी कि पांच व्यक्तियों द्वारा निकाला गया यह जुलूस एक दिन इंटरनेशनल रामनवमी के रूप में तब्दील हो जाएगी । 1918 में महावीर झंडा निकालने से पूर्व स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर ने अपने मित्रों से और परिवार के सदस्यों से कहा था कि एक रात उनके स्वप्न में भगवान राम आए और चैत्र शुक्ल नवमी के दिन महावीरी झंडा निकालने के लिए कहा । स्वर्गीय गुरु सहाय ठाकुर बचपन से ही धार्मिक प्रकृति के व्यक्ति थे। वे राम और भक्त हनुमान के अनन्य भक्त थे। जहां भी राम कथा होती, गुरु साहब ठाकुर सब काम छोड़ कथा में सम्मिलित हुआ करते थे । उन्होंने अपने पांच मित्रों क्रमशः हीरालाल महाजन, यदुनाथ बाबू, कन्हाई गोप, टीभर गोप, जटाधार बाबू और घरवालों से राय- मशवरा कर उसी साल चैत्र शुक्ल नवमी के दिन पहला महावीरी झंडा लेकर हजारीबाग नगर के कुम्हार टोली महावीर मंदिर, महावीर स्थान मंदिर, बड़ा अखाड़ा, पंच मंदिर आदि मंदिरों में पूजा अर्चना कर भ्रमण किया था। स्व. गुरु सहाय ठाकुर द्वारा निकाला गया महावीरी झंडा जुलूस धीरे धीरे कर हर वर्ष पांच से दस, दस से बीस और सौ से हजार होते देर न लगा। आज रामनवमी के जुलूस में लाखों की संख्या में श्रद्धालु जुटते हैं। 160 से अधिक झांकियां जुलूस में सम्मिलित होती हैं। जिस गुरु सहाय ठाकुर ने हजारीबाग में रामनवमी महापर्व जैसे गौरवशाली विरासत को दिया, उनके व्यक्तित्व पर दो शब्द लिखना जरूरी हो जाता है। वे सहज, सरल और मृदुभाषी स्वभाव के थे। वे एक पक्के समाजसेवी थे। वे सभी के दुःख सुख में साथ देने वाले व्यक्ति थे। इस कारण उनके आवास पर शहर के गणमान्य लोगों का आना-जाना बना रहता था। वे स्त्री शिक्षा के प्रबल पक्षधर थे। उन्होंने हजारीबाग कुम्हार टोली में पहला बालिका विद्यालय खोला था। उस कालखंड में स्त्रियों को स्कूल भेजे जाने पर कई सामाजिक पाबंदियां लगी हुई थीं। यह बात उन्हें कदापि पसंद न थी। उन्होंने अपनी बड़ी बेटी को इसी स्कूल में दाखिला भी दिया था। वे समाज में व्याप्त कुरीतियों को जड़ से मिटा देना चाहते थे। उनका मत था कि समाज में जो कुरीतियां व्याप्तह, जिसका उन्मूलन बहुत जरूरी है। यह सब सामाजिक कुरीतियों अशिक्षा के कारण उत्पन्न हुई थी। गुरु सहाय ठाकुर महावीरी झंडा के माध्यम से समाज में नवजागरण लाना चाहते थे। समाज में व्याप्त कुरीति को दूर करना चाहते थे। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाना चाहते थे। वे चाहते थे कि समाज मर्यादित हो, समाज में अनुशासन हो, अमीरी - गरीबी का भेद मिटे, जात- पात का भेद मिटे, समाज से अस्पृश्यता पूरी तरह खत्म हो। वे चाहते थे कि हर हिंदू के मन में हनुमान की तरह राम के प्रति भक्ति हो । गुरु सहाय ठाकुर महावीरी झंडा सिर्फ भगवान राम के जन्मदिन पर जरूर निकालते थे, लेकिन वे इस जुलूस के विस्तार मे सालों भर लगे रहते थे। वे निरंतर लोगों से मिलते और महावीरी झंडा के महत्व को बताते थे। वे लोगों को कहते थे कि भगवान राम के प्रति मन में सच्ची भक्ति से सारे बिगड़े काम बन जाते हैं। उनकी बातों का लोगों पर गहरा असर होता था। यही कारण है कि एक महावीरी, कुछ ही सालों में सैकड़ों महावीर झंडे में तब्दील हो गया था । 1947 के आसपास तक हजारीबाग नगर में चैत्र नवमी के ही दिन रामनवमी का जूलूस निकलता था। इस एक दिवसीय रामनवमी जुलूस में हजारों की संख्या में नगर और ग्रामीण लोग शामिल हुए थे । तब जुलूस में कोई झांकी शामिल नहीं होती थी। उस समय लोगों के हाथों में बड़े और छोटे महावीरी झंडे होते थे । लोग हर चौक - चौराहे पर शस्त्र का परिचालन व प्रदर्शन किया करते थे । जुलूस में शामिल शहनाई, नगाड़ा, ढोलक आदि के धुन पे लोग नाचते - गाते आगे बढ़ाते थे। लोग शस्त्र परिचालन देखने के लिए दूर-दूर से यहां आते थे। शस्त्र परिचालन करने वाले बीते कई महीने के अभ्यास के बाद ही सार्वजनिक रूप से शस्त्र परिचालन दिखा पाते थे। जुलूस पूरी तरह मर्यादित और अनुशासन में होता था। 1949- 50 तक पहुंचते पहुंचते रामनवमी जुलूस के स्वरूप में काफी बदलाव आ गया था। ग्रामीण क्षेत्रों के काफी संख्या में जुलूस रामनवमी के जुलूस में शामिल होने लगे थे। पहले जुलूस संध्या होते - होते विसर्जन हो जाया करता था । जैसे-जैसे जुलूस के स्वरूप का विस्तार होता गया, समय सीमा बढ़ती चली गई। तब जुलूस में पेट्रोमैक्स और लालटेन शामिल होने लगे थे। इस दौरान जुलूस में रौशनी हेतु बड़े-बड़े मशाल भी शामिल होने लगे थे। इसी कालखंड में रामनवमी जुलूस के दूसरे दिन चैती दुर्गा की प्रतिमाएं शामिल होने लगी थी। इसी दरम्यान चैती दुर्गा की कई प्रतिमाएं देवी मंडपों में स्थापित हुई थी। इन देवी मंडपों में स्थापित दुर्गा जी की प्रतिमाओं का विसर्जन रामनवमी के दूसरे दिन होता था। इसलिए नवमी के दिन निकलने वाला रामनवमी जुलूस, नवमी और दसवीं अर्थात दो दिनों में तब्दील हो गया था।

> *अब रामनवमी का जुलूस एक दिन की जगह दो दिन अर्थात नवमी और दशमी को निकलने लगा था। उस समय रामनवमी का जुलूस दोपहर दो बजे के आसपास निकल जाता और रात के लगभग नौ से दस बजे के बीच समाप्त हो जाया करता था। दशमी के दिन भी यह जुलूस दो बजे के आसपास निकलता और रात्रि के नौ से दस के बीच समाप्त हो जाया करता था । आगे के दशक में धीरे धीरे कर जुलूस में शामिल होने वालों की संख्या बढ़ती चली गई थी। रामनवमी का जुलूस और भव्य ढंग से निकले।*

# किस दल का घोषणा-पत्र कितना प्रभावशाली?

नाव के समय विभिन्न राजनीतिक दल अपने घोषणा पत्र जारी करते हैं। यह दरअसल लोक लुभावना घोषणा पत्र होते हैं, जिन्हें पढ़कर समझदार नागरिक अपनी मानसिकता बनता है कि आखिर किसे वोट देना है। हालांकि लोकतंत्र में अनुभव यह भी आया है कि ज्यादातर घोषणाएं सत्ता में आने के बाद लागू नहीं होतीं। उन्हें लंबित ही रखा जाता है। तारीख पर तारीख दी जाती है और वे घोषणाएं लागू नहीं होती। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने हाथ में गंगाजल लेकर कसम खाई थी कि हम शराब बंदी लागू करेंगे, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया । यह जनता के साथ एक तरह का छल है। इस पर ऐसी कुछ व्यवस्था बननी चाहिए कि सत्ताधीश दल अगर अपनी घोषणाओं को लागू नहीं करता, तो उसके अध्यक्ष या मुखिया को कानूनी तौर पर दंडित किया जाए। बहरहाल आगामी आम चुनाव को लेकर दो बड़े राष्ट्रीय दलों ने अपने-अपने घोषणा पत्र जारी कर दिए हैं। उनको मैं देख रहा था। एक सप्ताह पहले कांग्रेस ने अपना घोषणा पत्र न्याय पत्र के रूप में जारी किया, तो संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के जन्मदिन पर भारतीय जनता पार्टी ने अपना घोषणा पत्र जारी किया है। उसे संकल्प पत्र कहा है। दोनों दलों के घोषणा पत्रों को देखने के बाद मेरा अपना निष्कर्ष है कि भारतीय जनता पार्टी का घोषणा पत्र ज्यादा व्यावहारिक और राष्ट्रहित में लिए जाने वाले अनेक महत्वपूर्ण निर्णयों से भरा पड़ा है, जबकि कांग्रेस का घोषणा पत्र राष्ट्र की चिंता करने के बजाय वोट बैंक को कैसे साधा जाए, इस उद्देश्य में अधिक नजर आता है। और कुछ घोषणाएं ऐसी हैं जो केवल हवा- हवाई है कि हम ऐसा करेंगे वैसा करेंगे। जैसे कांग्रेस ने कहा, भूमिहीन को जमीन दी जाएगी। राष्ट्रव्यापी आर्थिक सामाजिक जाति गणना होगी। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग के आरक्षित सभी खाली पड़े पद एक वर्ष के भीतर भरे जाएंगे। और व्यापक परामर्श के बाद समलैंगिक समुदाय के जोड़ों कानूनी मान्यता देने के लिए कानून बनाएगी। ये सारे चालाक वादे हैं। जो पूरे न भी हों तो यह कहा जाता रहेगा कि हम इसदिशा में काम कर रहे हैं । यह सब लटकाने वाली बातें हैं। युवाओं के लिए भी अनेक वादे हैं कि 30 लाख खाली पदों को भरा जाएगा। नौकरी देने की गारंटी वाला अधिनियम लाया जाएगा । 40 वर्ष से कम उम्र के युवकों को व्यवसाय शुरू करने के लिए फंड उपलब्ध कराया जाएगा। सभी शैक्षणिक ऋण की ब्याज की राशि माफ कर दी जाएगी। सबसे महत्वपूर्ण घोषणा है गरीब महिलाओं को प्रतिवर्ष एक लाख रुपये प्रदान करने वाली महालक्ष्मी योजना। यानी हर गरीब महिला को प्रतिमाह 8333 रुपये प्राप्त होंगे। यह ऐसा जबरदस्त जुमला है जो किसी भी सूरत में संभव नहीं है। लेकिन गरीब महिलाओं को आकर्षित करने के लिए घोषणा कर दी गई है । समझदार महिलाएं समझेंगी कि यह बिल्कुल असंभव है , लेकिन जो बेचारी अनपढ़ हैं, भावना प्रधान हैं, वे प्रसन्न होकर कांग्रेस की ओर आकर्षित हो सकती हैं। किसानों के लिए भी कम से कम समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा दिए जाने की घोषणा की गई है। कर्ज माफी आयोग भी गठन गठित किया जाएगा। न्यूनतम मजदूरी बढ़ाकर 400 रुपये की जाएगी ।यह अच्छी घोषणा है। बशर्ते उसका पालन हो। कांग्रेस ने अल्पसंख्यकों के हित के लिए भी कुछ योजनाएं घोषित की है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने यह घोषणा की है कि पचास प्रतिशत सरकारी नौकरी महिलाओं को देंगे और अग्निवीर योजना तुरंत खत्म करेंगे। कश्मीर की धारा 370 को पुन बहाल करने की बात भी कहीं जा रही है। कांग्रेस अल्पसंख्यक समुदाय के लिए पर्सनल लॉ की गारंटी दे रही है।यह अपने आप में दुर्भाग्यजनक है ।एक देश में एक संविधान होना चाहिए ।एक वर्ग के लिए विशेष कानून लाना सामाजिक वर्ग भेद पैदा करने की मानसिकता ही दर्शाता है। कांग्रेस की इस घोषणा पर भाजपा ने प्रहार करते हुए कहा कि यह तो एक तरफ से मुस्लिमपरस्ती है। उसने यह गलत नहीं कहा। पूरे देश में कोई भी कानून सबके लिए लागू होने चाहिए किसी एक वर्ग विशेष की बात करना सीधे-सीधे उन्हें अपनी ओर आकर्षित करना है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5347


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | 2 | 9 | | | |
| | | | | | | 1 | 7 | |
| 7 | 9 | 6 | | | 3 | 2 | | |
| | | | | 1 | 5 | | 9 | |
| 3 | 6 | | | | | | 2 | 1 |
| | 4 | | 6 | 9 | | | | |
| | | 2 | 8 | | | 3 | 1 | 4 |
| | 1 | 8 | | | | | | |
| | | | 2 | 7 | | | 5 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5346

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 | 1 | 4 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 8 | 6 | 5 | 7 |
| 8 | 4 | 6 | 7 | 1 | 5 | 2 | 9 | 3 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 3 | 7 | 1 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 5 | 1 | 8 | 6 | 9 |
| 6 | 8 | 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 | 4 |
| 1 | 5 | 7 | 8 | 6 | 9 | 4 | 3 | 2 |
| 3 | 9 | 8 | 5 | 2 | 4 | 7 | 1 | 6 |
| 4 | 6 | 2 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 5 |

## वर्ग पहेली 5347



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. मुगल सम्राट जहांगीर की पत्नी का जन्मदिन 31 मई 1577 है जिनका मूल नाम मेहरून्निसा था (4)
5. पुराणानुसार अयोध्या नगरी को यह भी कहते थे, यह मिथिली शरणगुप्त रचित महाकाव्य है जिसका प्रथम प्रकशान 1931 में हुआ था (3)
8. उपद्रव, उत्पात, हलचल (4)
9. बालचद्र, नवचंद, नया चांद (4)
10. नमस्कार, प्रणाम (3)
11. स्वर, देवताओं की स्थिति या अवस्था, देवगति, आवाज (2)
12. पंजाब की पांच नदियों में से एक जिस पर भाखड़ा नांगल बांध बंधे है (4)
13. घपला, ऋषिकेश मुखर्जी के निर्देशन में अमोल पालेकर, बिंदिया गोस्वामी, उत्पल दत्त की एक स्वस्थ हास्स फिल्म (4)
16. क्षमा किया हुआ (2)
17. यज्ञ करने या कराने वाला (3)
19. गर्व, घमंड, फख्र (2)
21. आर्द्रता, गीलापन (2)
22. वे प्राणी जो पृथ्वी पर विचरित होते हो
23. बहादुरी, पराक्रमी (3)

**ऊपर से नीचे**

1. नया (3)
2. दयालु, कृपालु (3)
3. ग्रीष्म अनुभूति, झुलस, चरपरापन (3)
4. खदेड़, खेदा, हंकरावा, पशुपालक (2)
5. पुरानी फिल्मों के गीतकार (8)
6. भगवान के भोग के निमित्त जाने वाले फलों में प्रमुख फल, कदली (2)
7. इच्छा, मांगना, ख्वाहिश (3)
11. पुत्र, बेटा (2)
12. पूर्वज, बहुत पुराने लोग (3)
13. गोपियों के स्वामी होने के कारण भगवान श्रीकृष्ण का एक नाम यह भी है (4)
14. माता का भाई, मातुल (2)
15. टेढ़ापन, वक्रता (2)
18. अंतरात्मा, अंतकरण, कानशंस (3)
20. वारि, आब, पंचतत्वों में से एक (2)

### वर्ग पहेली 5346 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गो | वा | | | बां | ग्ला | दे | श |
| व | र | ना | | सु | | हा | ल |
| र्ध | | म | दा | री | | त | ज |
| न | मा | ज | | | अ | | म |
| | म | द | र | इं | डि | या | |
| बा | ला | | त्रा | | ग | या | ना |
| ब | | सी | क | र | | व | ह |
| र | | ना | र | | का | र | क |

# आज का राशिफल

### मेष

विद्यार्थियों के लिये दिन बहुत अच्छा है। जीवनसाथी के प्रति मन में सम्मान भाव बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में काम क दबाव कम होगा। दोस्ती प्रेम सम्बन्धों में बदल सकती है। आपको कुछ शुभ समाचार मिल सकते हैं। धन के लेन-देन में सावधानी रखें। आर्थिक स्थिति उत्तम रहने वाली है।

### वृष

पारिवारिक जीवन में थोड़ी परेशानी होगी। आज का दिन आपके लिये काफी खर्चीला रहेगा। दोस्तों से अपने मन की बातें शेयर करने से अच्छा लगेगा। यात्रा कर रहे हैं तो सामान और धन की स्थिति का ध्यान रखें। पुराने कर्ज को उतारने के लिये दिन बहुत अच्छा है।

### कर्क

आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। नया व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। व्यवसाय में बिक्री बढ़ने से मन प्रसन्न रहेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलने की सम्भावना बन रही है। आज रिश्तेदारों और मित्रों के साथ अच्छा समय बिता सकते हैं।

### सिंह

करियर को लेकर काफी आशावादी और प्रयत्नशील रहेंगे। लेखन आदि कार्यों में सफलता मिलेगी। जीवन के प्रति आपका दृष्टिकोण किसी कारणवश बदल सकता है। अपने स्वभाव में लचीलापन बनाये रखें। कार्यक्षेत्र में काम का दबाव बढ़ने की आशंका है।

### मिथुन

सरकारी कार्यों की रुकावटें दूर होंगी। आज मन काफी चञ्चल रहेगा। लेकिन फिर भी आपके विचारों को लोग काफी महत्व देंगे। पुराने सामान को बेचकर धन कमा सकते हैं। छोटे व्यापारियों की आय में अचानक वृद्धि हो सकती है।

### कन्या

आपके मन में कुछ नया करने की इच्छा जागृत होगी। किन्तु आपके चलते हुये कार्यों में किसी कारण बाधा आ सकती है। सर्द-गर्म के कारण बुखार की समस्या होगी। अपने खर्चों पर नियन्त्रण रखें। बीमार लोगों को अपनी सेहत को लेकर लापरवाह नहीं होना चाहिये।

### तुला

अनावश्यक कार्यों से आपको बचना चाहिये। पुराने उधार के कारण समस्या हो सकती है। आपका स्वास्थ्य थोड़ा कमजोर रहेगा। युवाओं को वैवाहिक जीवन में मनमुटाव से बचना चाहिये। स्वार्थी प्रवृत्ति के लोगों से आपको नुकसान हो सकता है।

### वृश्चिक

आज आपको घुटनों और पेट दर्द की शिकायत हो सकती है। व्यवसाय में टीमवर्क की भावना ध्यान रखें। दूसरों की कही-सुनी बातों को ज्यादा महत्व न दें। इससे आपके काम बिगड़ सकते हैं। आज शान्त होकर परिस्थितियों का आकलन करें। नया काम शुरू न करें।

### मकर

आज आप काफी प्रसन्न रहने वाले हैं। टीमवर्क में काम करने से काम शीघ्र सफल होंगे। काफी समय से रुका हुआ धन आपको वापस मिल सकता है। व्यापारिक सम्बन्ध और सुदृढ़ होंगे। कार्यक्षेत्र में बेहतरीन धन लाभ होगा।

### कुंभ

सन्तान के जिद्दी व्यवहार के कारण परेशानी होगी। बाहर का तला भुना व गरिष्ठ भोजन न करें। पेट में जलन की शिकायत हो सकती है। आपको अपने मान-सम्मान की चिन्ता रहेगी। जीवनसाथी से वैचारिक तनाव दूर होगा। प्रेमी जन से झगड़ा हो सकता है।

### धनु

आज आपके सभी कार्य तय समय पर पूर्ण हो जायेंगे। व्यवसाय को लेकर कड़े निर्णय लेने के लिये दिन उत्तम है। प्रेमी जन के साथ महत्वपूर्ण डेट्स पर जाने की योजना बना सकते हैं। सन्तान के करियर को लेकर चिन्ता दूर होगी। तकनीकी शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को जॉब के अवसर मिलने की सम्भावना बन रही है।

### मीन

व्यापार में नया प्रयोग करने से आपको बचना चाहिये। विद्यार्थियों को पढ़ाई में कुछ समस्या होगी। वैवाहिक जीवन में थोड़ी अशान्ति हो सकती है। नजदीकी लोगों को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे। गुप्त शत्रु खुलकर आपको नुकसान पहुँचाने की कोशिश कर सकते हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



## संक्षिप्त समाचार

### दामाद के साथ मारपीट करने का आरोपी ससुर गिरफ्तार

**गुमला/रायडीह, एजेंसी।** रायडीह थाना क्षेत्र के जमगाई गोसाईकोना में ससुर दमाद मे हुए मारपीट को लेकर आरोपी ससूर बिरसू प्रधान को रायडीह पुलिस गिरफ्तार कर शुक्रवार को गुमला जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार रामनवमी के दूसरे दिन गोसाईकोना गांव मे नशा के हालत में दमाद और ससुर के बीच बकझक हुआ था। जिससे आक्रोशित हो ससुर बिरसू प्रधान ने दमाद को लाठी से सिर मे वार कर अधमरा कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद रायडीह थाना प्रभारी अमित कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पहुंच कर आरोपी बिरसू प्रधान को हिरासत मे लिया और घायल दमाद को बेहतर ईलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया।

### बसिया में आदिवासी एकता मंच की बैठक

**बसिया, एजेंसी।** आदिवासी एकता मंच की बैठक शनिवार को कोनबीर सरहुल मैदान में आयोजित हुई। बैठक में बसिया अनुमंडल क्षेत्र के ग्राम प्रधान, मुंडा मानकी, पाहन पुजार व ग्राम स्तर के सदस्य शामिल हुए। मौके पर संरक्षक शशिकांत भगत ने कहा कि आदिवासियों को गठबंधन के साथ जाने को जरूरत है चमरा लिंडा आदिवासी समाज को बरगला कर वोट में सेंधमारी कर समाज को बांटने का काम कर रहे हैं। सभी आदिवासियों को सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होने कहा कि लोहरदगा लोकसभा चुनाव में आदिवासी विरोधी ताकतों के खिलाफ वोट करने का निर्णय लिया गया। बैठक को सुकरात उरांव, अजीत गुड़िया, सुजीत टेटे, मुखिया फिलिसिता टोप्पो, पूर्व प्रमुख ओरियानी बड़ा, जॉन फेड्रिक, कार्तिक भगत, सुगाड़ टोपनो, कल्याण टोपनो, ज्योति कुजूर जसिंता केरकेट्टा आदि वक्ताओं ने संबोधन किया ।

### जोरापोखर के जीतपुर में शहीद के घर पहुंचीं कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह शनिवार को जामाडोबा जीतपुर निवासी शहीद नायक प्रज्ञानंद सिंह के आवास पहुंची। शहीद के पिता गजेंद्र सिंह, मां सुनैना देवी ने पुत्र ने उन्हें घटना की जानकारी दी। उन्होंने परिजन से मिलकर उनके सुख–दुख में हर तरह का सहयोग देने की बात कहीं। उनके साथ संतोष महतो, पिंटू तुरी सहित दर्जनों कांग्रेस के कार्यकर्ता पहुंचे थे। सनद हो कि जम्मू–कश्मीर के उद्दमपुर में 6 अप्रैल को गश्ती के दौरान खाई में गिरने से मौत हो गई थी।

### धनबाद स्टेशन पर यात्रियों को उपलब्ध करा रहे सस्ता भोजन

**धनबाद, एजेंसी।** आईआरसीटीसी धनबाद स्टेशन पर यात्रियों को 20 रुपये और 50 रुपये में किफायती दर पर भोजन का पैकेट उपलब्ध करा रहा है। ट्रेनों के आने के टाइम पर आईआरसीटीसी के कर्मी फूड स्टाल से दूर लगने वाले कोच के पास अस्थाई स्टाल लगा भोजन का पैकेट व ठंडा पानी का बोतल भी दिया जा रहा है। ट्रेनों में अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए और यात्रियों की सुविधा के लिए आरपीएफ विशेष रूप से निगरानी कर रहा है।

### हमारा उद्देश्य तानाशाही को समाप्त करना है, सीएम चम्पाई सोरेन ने केंद्र सरकार पर बोला हमला

**रांची, एजेंसी।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने उलगुलान रैली की तैयारियों का जायजा लेने के बाद शनिवार के दोपहर मीडिया से बात करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य इस देश से तानाशाही को समाप्त करना है। आप लोगों ने देखा है कि कैसे लोकतंत्र पर हमले किए जा रहे हैं। जिसके नाम पर हम लोगों ने सरकार बनाई है उसे साजिश के तहत फंसाकर जेल भेज दिया गया है। ऐसा ही कांड नई दिल्ली की सरकार के साथ भी हुआ है। इस रैली का मकसद देश में लोकतंत्र और संविधान की रक्षा करना भी है। पहले दिल्ली में सरकार को गलत तरीके से हटाया गया। झारखंड में भी ऐसे ही प्रयासों को देखकर झामुमो को नेतृत्व में परिवर्तन का निर्णय लेना पड़ा। जरा सोचिए, जिस चेहरे को दिखाकर हमें बहुमत मिली वही सलाखों के पीछे धकेल दिया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भाई और झारखंड कैबिनेट में मंत्री बसंत सोरेन ने शनिवार को उलगुलान रैली को लेकर प्रभात तारा स्कूल के मैदान में तैयारियों का जायजा लेने के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि जब–जब झारखंड की जनता का शोषण हुआ है, यहां उलगुलान हुआ है। उन्होंने इस बात पर आपत्ति जताई कि कुछ लोगों को उलगुलान नाम पर विरोध है और कहा कि जब–जब झारखंड की जनता के साथ शोषण हुआ है, तब–तब उलगुलान हुआ है।

### बच्चों ने दादा-दादी व नाना-नानी की पूजा कर उतारी आरती

**जमशेदपुर, एजेंसी।** शास्त्रीनगर ब्लॉक– 4 स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय में शनिवार को विद्यार्थियों ने दादा–दादी, नाना–नानी के चरण धोकर एवं आरती उतार कर उनकी पूजा की और उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष श्याम किशोर सिन्हा एवं प्रधानाचार्य ने दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके बाद छात्राओं ने स्वागत गीत गाए। प्रधानाचार्य सत्येंद्र कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों में बुजुर्गों के प्रति सम्मान का भाव जागृत करने के उद्देश्य से कार्यक्रम किया गया है। इसके बाद विद्यार्थियों ने अपने दादा–दादी, नाना–नानियों को तिलक कर उनकी आरती उतारी और उन्हें मिष्टान्न खिलाया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्याम किशोर सिन्हा एवं प्रधानाचार्य ने सभी बुजुर्गों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

---

न्याय रैली पर आरोप-प्रत्यारोप

# सनातन विरोधी और आदिवासी विरोधी को लेकर एनडीए और इंडी गठबंधन में चले बयानों के बाण

**रांची, एजेंसी।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया है कि इंडी गठबंधन की रैली में झारखंड विरोधी, आदिवासी विरोधी, देश विरोधी व सनातन विरोधी एक मंच पर होंगे। ये वही लोग हैं, जिन्होंने भगवान राम के बारे में अपमानजनक शब्द बोले। सनातन धर्म की तुलना डेंगू से की।

गठबंधन के बड़े नेता कहते हैं कि लोग मंदिरों में लड़कियां छेड़ने जाते हैं। पर, अन्य धर्म के बारे में कुछ नहीं बोलते। इस रैली में शामिल होनेवालों में झामुमो ने झारखंड आंदोलन बेचा था, जबकि कांग्रेस ने पैसे के बल पर आंदोलन को समाप्त किया था। शनिवार को प्रेस वार्ता में मरांडी ने दावा किया कि अगर अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री नहीं होते, तो आज झारखंड अलग राज्य नहीं बनता। आदिवासियों के विकास, उन्हें सम्मान देने और राज्य को विकास के पथ पर ले जाने का काम भाजपा ने किया है।



मरांडी ने कहा है कि आदिवासी जमीन के लुटेरों को उलगुलान जैसे पवित्र शब्द के प्रयोग से बचना चाहिए। उलगुलान विद्रोह मूल निवासियों के संसाधनों, उनकी जमीनों और उनके अधिकारों को जमींदारों और साहूकारों द्वारा छीने जाने के विरोध में हुआ था।आज इंडी गठबंधन उलगुलान का राजनीतिकरण कर जनता को बरगलाने का प्रयास कर रहा है। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में आदिवासी की जमीनों को कब्जा कर बैंक्वेट हॉल बनाने का सपना संजोया जा रहा है, ऐसे व्यक्ति के लिए उलगुलान जैसे क्रांतिकारी शब्द का प्रयोग भगवान बिरसा मुंडा का अपमान है।बाबूलाल ने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार के दलदल में धंसे हेमंत सोरेन को बचाने के लिए यह रैली हो रही है। पिछले 4 साल के कार्यकाल में हेमंत ने आदिवासी समाज के मान, सम्मान और पहचान को न सिर्फ धूमिल किया है, बल्कि आदिवासी धरोहरों को नष्ट कर उनके संसाधनों को बिचौलियों के हाथों बेचा।

उनकी जमीनों पर अवैध तरीके से कब्जा किया। जिस आदिवासी समाज के हितों का दिखावा कर, झूठे सपने दिखाकर हेमंत ने खुद को सत्ता पर काबिज किया था, वही हेमंत आज आदिवासी समाज की जमीनों को निगलने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा सनातन विरोधी का इल्जाम लगा रही है, जबकि गोकशी वाली कंपनी से इलेक्ट्रॉल बांड के नाम 250 करोड़ का चंदा लिया। अभी मुद्दा यह नहीं है कि कौन सनातन विरोधी या आदिवासी विरोधी है। अभी तो मुद्दा है महंगाई और बेरोजगारी। भाजपा के दस साल के शासन में हर साल दो करोड़ लोगों को नौकरी मिली या नहीं। उन्होंने कहा कि राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दौरान चारों शंकराचार्यों ने यह तय कर दिया कि कौन सनातन विरोधी है।

ठाकुर ने कहा कि भाजपा झारखंड को लूटने और बेचने का आरोप लगाती है। भाजपा के शब्द कोष में झारखंड शब्द था ही नहीं। भाजपा ने तो वनांचल नाम दिया और आदिवासियों को वनवासी। ऐसे में आदिवासी विरोधी और आदिवासियों को अपमानित करने वाला कौन है। यह जनता जानती है।

राजेश ने कहा कि झारखंड अलग राज्य का निर्माण झारखंड नामधारी पार्टियों व कांग्रेस ने किया। जिस तरह से घर बनाने के लिए ईंट, बालू, सीमेंट और मजदूर का इंतजाम किया जाता है। वह इंतजाम इन्हीं दलों ने किया। भाजपा तो गृह प्रवेश के नाम पर झारखंड को हथियाने का प्रयास किया। 17 साल तक भाजपा ने झारखंड में राज किया। लेकिन, अब भाजपा को यहां राज करने का मौका नहीं मिलेगा। इसलिए, भाजपाई बौखलाए हुए हैं और अनाप शनाप बयान दे रहे हैं। यहां की जनता इसबार सबकुछ बदल कर रख देगी।उन्होंने कहा कि केंद्रीय एजेंसियों के निशाने पर विपक्षी दलों के ही नेता हैं। 90 फीसदी विपक्ष के नेताओं या गैर भाजपाई दलों के नेताओं के यहां ही छापे पड़ते हैं।

### रांची से भागलपुर के बीच चलेगी एक और ट्रेन

**रांची, एजेंसी।** ट्रेनों में अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 08014/08013 रांची – भागलपुर – रांची साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन होगा। ट्रेन संख्या 08014 रांची – भागलपुर समर स्पेशल 25 अप्रैल से 27 जून तक प्रत्येक गुरुवार को रांची से प्रस्थान करेगी। कुल दस ट्रिप ट्रेन का परिचालन होगा। इस ट्रेन का रांची प्रस्थान ( गुरुवार ) 23¬25 बजे, मुरी आगमन 00.30 बजे, प्रस्थान 00.32 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 01.40 बजे, प्रस्थान 01.45 बजे, धनबाद आगमन 03.45 बजे, प्रस्थान 03.50 बजे, जसीडीह आगमन 06.47 बजे, प्रस्थान 06.49 बजे, किउल आगमन 09.02 बजे, प्रस्थान 09.04 बजे एवं भागलपुर आगमन ( शुक्रवार ) 12.00 बजे होगा। वहीं ट्रेन संख्या 08013 भागलपुर – रांची समर स्पेशल 26 अप्रैल से 28 जून तक प्रत्येक शुक्रवार को भागलपुर से प्रस्थान करेगी। ट्रेन का भागलपुर प्रस्थान ( शुक्रवार ) 14.30 बजे, किउल आगमन 16.55 बजे प्रस्थान 17.00 बजे, जसीडीह आगमन 19.35 बजे, प्रस्थान 19.40 बजे, धनबाद आगमन 22.55 बजे, प्रस्थान 23.00 बजे, बोकारो स्टील सिटी आगमन 01.00 बजे प्रस्थान 01.05 बजे, मुरी आगमन 02.10 बजे प्रस्थान 02.12 बजे एवं रांची आगमन (शनिवार) 03.30 बजे होगा। इन ट्रेनों में एसएलआरडी का 01 कोच, जनरेटर यान का 01 कोच, सामान्य श्रेणी के 06 कोच, द्वितीय श्रेणी स्लीपर के 07 कोच, वातानुकूलित 3-टियर के 06 कोच एवं वातानुकूलित 2-टियर के 01 कोच होंगे।

### 10वीं के बाद 10 दिनों में ही घोषित हो जाएंगे 12वीं के नतीजे भी

**रांची, एजेंसी।** झारखण अधिविद्य परिषद, राँची द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए इस साल फरवरी में आयोजित मैट्रिक बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024 को घोषित कर दिए। जैक अध्यक्ष ने परीक्षाफल जारी करते हुए 12वीं कक्षाओं के नतीजों की भी जानकारी साझा की। प्राप्त जानकारी के अनुसार झारखण्ड बोर्ड इंटर परीक्षाफल की घोषणा भी अगले 10 दिनों में कर दी जाएगी।

ऐसे में झारखण्ड बोर्ड से इंटर की परीक्षाओं में सम्मिलित हुए छात्र-छात्राएं जल्द ही अपना परिणाम देख पाएंगे। इसके लिए स्टूडेंट्स को जैक रिजल्ट पोर्टल पर विजिट करना होगा। इसके बाद जैक 12वीं रिजल्ट लिंक पर क्लिक करना होगा। फिर नये पेज पर स्टूडेंट्स अपना रोल नंबर और रोल कोड की डिटेल भरकर सबमिट करके अपना परिणाम देख सकेंगे। साथ ही दिए गए लिंक से अपनी मार्कशीट का प्रिंट-आउट भी ले सकेंगे।बता दें कि झारखण्ड बोर्ड द्वारा बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन इस साल 6 फरवरी से 26 फरवरी तक किया गया था। परीक्षाओं के समापन के बाद जैक द्वारा इन परीक्षाओं में सम्मिलित हुए लाखों स्टूडेंट्स की कॉपियां की जांच का काम पूरा किया गया। इसके बाद अब बारी-बारी से नतीजे घोषित किए जा रहे हैं, जिन्हें आमतौर पर मई-जून में जारी किया जाता था। हालांकि, इस बार हो रहे लोक सभा चुनावों के मद्देनजर परिणाम जल्दी घोषित किए जा रहे हैं।

## हेमंत सोरेन मामले में सद्दाम हुसैन को न्यायिक हिरासत में भेजा, ईडी ने 12 दिनों तक रिमांड पर की ये पूछताछ

**रांची, एजेंसी।** जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार जमीन कारोबारी सद्दाम हुसैन को 12 दिनों तक रिमांड पर पूछताछ के बाद ईडी ने शनिवार को रांची स्थित पीएमएलए की विशेष अदालत में प्रस्तुत किया। अदालत के आदेश पर ईडी ने सद्दाम हुसैन को न्यायिक हिरासत में रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में भेज दिया है।

सद्दाम हुसैन गत वर्ष 14 अप्रैल 2023 को सेना के उपयोग वाली भूमि की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री मामले में गिरफ्तार हुआ था। उसके बाद से ही वह जेल में था। उस वक्त बड़गाईं अंचल का तत्कालीन राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद भी पकड़ा गया था, जिसके आवास से भारी मात्रा में सरकारी दस्तावेज मिले थे।

इसके बाद बड़गाईं अंचलाधिकारी के बयान पर भानु प्रताप प्रसाद के विरुद्ध एक जून 2023 को सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। ईडी ने रांची के सदर थाने में भानु प्रताप प्रसाद



के विरुद्ध दर्ज कांड में ईसीआइआर दर्ज कर पूरे मामले की जांच की तो पाया कि बरियातू की 8.86 एकड़ भुइहरी प्रकृति की भूमि को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हड़पने की कोशिश की।

इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया। हेमंत सोरेन के बाद पहले से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद पूर्व राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, जमीन कारोबारी सद्दाम हुसैन, अफसर अली को इस केस में भी ईडी ने गिरफ्तार किया। सद्दाम हुसैन को इस केस में नौ अप्रैल को ईडी ने गिरफ्तार दिखाते हुए रिमांड पर लिया था, जिससे 12 दिनों तक पूछताछ हुई है।

12 दिनों तक पूछताछ के दौरान सद्दाम ने ईडी को बताया है कि हेमंत सोरेन के कब्जे वाली 8.86 एकड़ जमीन के दो प्लाट का जाली दस्तावेज उसने अपने सहयोगी अफसर अली, झामुमो नेता अंतु तिर्की, विपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय आदि के साथ मिलकर तैयार किया।

इसमें रुपयों के लेन-देन भी हुए और सद्दाम ने किसको कितनी राशि का भुगतान किया, इसके बारे में भी ईडी को जानकारी मिल गई है। अब ईडी एक-एक कर सबको समन करेगी और पूछताछ के लिए बुलाएगी। वर्तमान में ईडी की रिमांड पर पांच अन्य आरोपित हैं, जिनसे 22 अप्रैल तक पूछताछ होनी है। इन आरोपितों में झामुमो नेता अंतु तिर्की, जमीन कारोबारी विपिन सिंह, अफसर अली, प्रियरंजन सहाय व इरशाद शामिल हैं। ईडी ने हेमंत सोरेन से जुड़े केस में इन सभी को गिरफ्तार किया था, जिनसे पूछताछ जारी है।

ईडी के दूसरे समन पर भी जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा शनिवार को ईडी के सामने उपस्थित नहीं हुए। ईडी ने उन्हें समन कर पत्नी सहित ईडी के रांची एयरपोर्ट रोड स्थित कार्यालय में बुलाया था। उन्होंने ईडी के सामने उपस्थित नहीं होने के पीछे के कारणों को भी नहीं बताया है।

## झारखंड के 14 जिलों में लू का अलर्ट : बंगाल की खाड़ी में बन रहा लो प्रेशर, 22 अप्रैल से मिलेगी गर्मी से थोड़ी राहत

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में गर्मी का कहर जारी है। पिछले 24 घंटे में कोल्हान प्रमंडल के बहरागोड़ा सबसे अधिक गर्म रहा। यहां का अधिकतम तापमान 46.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है।

मौसम विभाग के अनुसार राज्य में उत्तर-पश्चिम की ओर से गर्म हवा चल रही है। इससे चिलचिलाती धूप निकले के साथ साथ लोगों को तीखी गर्मी महसूस हो रहा है। मौसम विभाग ने 14 जिलों में लू चलने का यलो अलर्ट जारी किया है। हालांकि, 22 अप्रैल से बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर बनेगा, जिससे राज्य में बादल छा सकते हैं। इससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है।

इन जिलों में लू का यलो अलर्ट



मौसम विभाग ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, बोकारो, धनबाद, रामगढ़, रांची, पलामू, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज में तापमान में बढ़ोतरी और गर्म हवा चलने की संभावना जताई है। लू की स्थिति को देखते हुए यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है कि अगर जरूरत न हो तो अनावश्यक धूप में न निकलें। नियमित रूप से पानी पीते रहें।

वज्रपात और हल्की बारिश की संभावना

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, 23 अप्रैल को पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला में वज्रपात के साथ हल्की बारिश हो सकती है। जबकि, राजधानी रांची में बादल छाए रह सकते हैं।इससे अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। लेकिन 24 और 25 अप्रैल को एक बार फिर तापमान में वृद्धि हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार झारखंड में 15 जून तक गर्मी बेहद सताएगी। अधिकतम तापमान में हर दिन बदलाव होगा। बहरागोड़ा के बाद सरायकेला जिला है, जहां अधिकतम तापमान 45.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। साहिबगंज, रांची, लातेहार जिले का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पार होने की संभावना है।

### उलगुलान महारैली में जुगसलाई से शामिल होंगे 5 हजार कार्यकर्ता

**जमशेदपुर, एजेंसी।** इंडी गठबंधन की ओर से 21 अप्रैल को रांची में उलगुलान महारैली का आयोजन किया जा रहा है। महारैली को सफल बनाने के लिए तमाम विधायक अपने इलाके के लोगों से संपर्क कर महारैली में भाग लेने की अपील कर रहे हैं। शुक्रवार को जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने रैली की तैयारियों के लिए बैठक की। बैठक में विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार सरकार ने आदिवासी मुख्यमंत्री को साजिश कर जेल भेज दिया है।

इसके खिलाफ उलगुलान का आयोजन किया जा रहा है। इस महारैली के माध्यम से झारखंड की जनता भारतीय जनता पार्टी को करारा जवाब देगी। उन्होंने कहा कि इस रैली में जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र से पांच हजार से अधिक लोग रांची पहुंचकर शामिल होंगे। मौके पर मनव्वर हुसैन, मिथुन चक्रवर्ती, पलटन मुर्मू, नागी मुर्मू, जितेंद्र सिंह, नीलम बाड़ा, गोविंदो महतो, विजय महतो, लखन मुर्मू, राम टुडू, रूस धिवर, मलिन मुर्मू मौजूद थे।

प्रदेश भाजपा महामंत्री आदित्य साहू ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि इंडी गठबंधन के नेता सनातन को गाली देकर वोट पाना चाहते हैं। अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण ठुकराने वालों को सनातन के बारे में बोलने का अधिकार नहीं। पिछले लोकसभा चुनावों में सनातन प्रेमियों ने इंडी गठबंधन को औकात दिखाई थी, 2024 में भी उनका यही हाल होनेवाला है।

## झारखंड के गोड्डा में 16 घरों में लगी आग, कई जानवर झुलसे; लाखों की संपत्ति स्वाहा

**गोड्डा, एजेंसी।** गोड्डा जिला के मेहरमा प्रखंड के बलबड्डा थाना क्षेत्र के बड़ी धनकुड़िया गांव में दस व गोड्डा के बसंतराय थाना क्षेत्र के सोरायकित्ता गांव में छह घरों में आग लग गई। इससे लाखों की संपत्ति जल कर राख हो गई। इस हादसे में कई जानवर झुलस गए। भुक्तभोगियों ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

मेहरमा प्रखंड अंतर्गत बलबड्डा थाना क्षेत्र के बड़ी धनकुड़िया गांव में शनिवार को अचानक आग लग जाने से दस घर जल कर राख हो गया। जिससे लाखों का नुकसान हो गया। धनकुड़िया गांव निवासी विशो तांती, शंभु तांती, रामसागर तांती, देवनारायण तांती, अरूण तांती, सिकन्दर तांती, जयराम तांती, काली तांती, अभिषेक तांती, पगला तांती का घर जल कर राख हो गया है। हालांकि आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

इधर पीड़ित परिवारों ने बताया कि सुबह जलपान कर सभी लोग खेत एवं मजदूरी करने के लिए चले गये थे। तभी दोपहर के समय घरों से तेज लपटें उठने की बात ग्रामीणों ने बताई। इसके बाद सभी आग




बुझाने में जुट गए। इधर काफी प्रयास के बाद बाद आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन जब तक आग पर काबू पाते तब तक सबकुछ जल चुका था। वहीं पगला तांती की दो गाय ,एक बछड़ा, दो बकरी आग की चपेट में आने से काफी बुरी तरह झुलस गये।मेहरमा पशु चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार जारी है।आग लगने की सूचना मिलते ही मेहरमा बीडीओ सह अंचलाधिकारी अभिनव कुमार, बलबड्डा थाना प्रभारी राहुल कुमार चौबे, राजस्व उप निरीक्षक सत्यनारायण रबानी आदि घटनास्थल पहुंचे और मामले की जांच की।

इधर बीडीओ अभिनव कुमार ने बताया कि पीड़ित परिवारों को सरकारी लाभ उपलब्ध कराने के लिए नियम संगत प्रक्रियाओं को पूर्ण कर लाभ अवश्य दिया जाएगा । धनकुड़िया पंचायत के मुखिया जंग बहादुर सिंह ने पीड़ित परिवारों को तत्काल पांच-पांच किलो चूड़ा गुड एवं जन वितरण प्रणाली की दुकानों से 10- 10 किलो चावल एवं खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई।

सोरायकित्ता में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

वहीं गोड्डा जिला के बसंतराय प्रखंड के सोरायकित्ता गांव में शॉर्ट सर्किट से एक घर में आग लग गई।

## प्रवासी श्रमिक मतदान करने को इच्छुक, लेकिन आर्थिक हालात के कारण नहीं आ पा रहे झारखंड

**दुमका, एजेंसी।** झारखंड के 1.70 लाख से अधिक निबंधित श्रमिक दूसरे राज्यों में काम कर रहे हैं। अनिबंधित श्रमिक की संख्या इससे कई गुना ज्यादा है। मतदान प्रोत्साहन योजना के तहत जिलों के श्रम अधिकारी इनसे संपर्क कर मतदान में हिस्सा लेने का आग्रह कर रहे हैं। ये प्रवासी श्रमिक वोट देने झारखंड आना चाहते हैं। लेकिन सफर का महंगा खर्च उन्हें रोक रहा है।




श्रम विभाग ने एक सेल का भी गठन किया है। यह सेल प्रवासी श्रमिकों से बात कर रहा है। इस सेल ने दुमका जिले के करीब 1500 श्रमिकों को फोन किया और झारखंड आने का आग्रह किया। लेकिन अधिकतर श्रमिकों ने आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए आने में असमर्थता जताई।

**श्रमिकों ने बताई पीड़ा... महंगा है सफर कैसे करें मतदान :** राहुल रॉय ने कहा-मैं वोट देने के लिए उत्सुक हूं। यह मेरा मौलिक अधिकार है। लेकिन आर्थिक संकट के कारण मैं ऐसा नहीं कर पाऊंगा। लेकिन महंगे सफर का खर्च उठाना मुश्किल है।राहुल दुमका जिले के मुर्गनी गांव के रहने वाले हैं और सिक्किम में रहते हैं। इसी तरह की मिलती-जुलती कहानी सूरत में डायमंड कंपनी में पॉलिश का काम कर रहे दुमका जिले के अजय कुमार ने कहा कि वोट देने की इच्छा तो है, लेकिन घर जाने के पैसे नहीं हैं।

**निर्वाचन अधिकारी की अपील-वोट डालने जरूर आएं :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि हमने उन सभी लोगों से अपने गांव-शहर आने की अपील की है, जो नौकरी, रोजगार या पढ़ाई के सिलसिले में बाहर रहते हैं। दूसरे राज्यों में काम करने वाले श्रमिकों से भी घर आकर वोट डालने की अपील की है।

उन्होंने कहा-मेरा बेटा भी बाहर पढ़ रहा है। मैंने उसे भी वोट देने के लिए आने को कहा है। वहीं दुमका के श्रम अधीक्षक रमेश कुमार सिंह ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हर वर्ग को शामिल होना चाहिए। इसलिए प्रवासी श्रमिकों से संपर्क किया जा रहा है।

# रायबरेली लोकसभा: 72 साल में 37 साल महिलाएं रही हैं यहां से सांसद, आखिरी के बीस साल लगातार सोनिया गांधी

**रायबरेली, एजेंसी।** राजनीति के सुनहरे पन्नों में रायबरेली के नाम कई रिकॉर्ड दर्ज हैं। महिला सशक्तीकरण में भी इसका अपना अलग ही अंदाज है। महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण से इतर केंद्र सरकार में रायबरेली संसदीय सीट से सांसद बनी महिलाओं ने फिफ्टी-फिफ्टी का प्रतिनिधित्व किया। यहां से सांसद बनकर इंदिरा गांधी ने देश के प्रधानमंत्री की कुर्सी संभाली तो जग जाहिर है कि सोनिया गांधी ने सुपर पीएम के रूप में काम किया। पिछले 72 साल में महिला सांसदों ने 37 साल तक संसद में रायबरेली की प्रतिनिधित्व किया, जबकि पुरुष सांसदों को 35 साल ही जिले के प्रतिनिधित्व का मौका मिला।

रायबरेली से 1967 में इंदिरा गांधी ने पहली बार जिले से महिला सांसद के रूप में जीत दर्ज की। 1971 के चुनाव में भी वह रायबरेली होकर संसद पहुंचीं। 1977 तक जिले का नेतृत्व करने वाली इंदिरा गांधी ने हार का सामना करने के बाद 1980 में फिर जीतने के बाद सीट छोड़ दी। 1989 तक पुरुषों के जिम्मे रायबरेली संसदीय सीट रही।

1989 में हुए चुनाव में शीला कौल कांग्रेस से जीतीं। 1991 में भी वह सांसद चुनी गईं। 1996 तक उन्होंने रायबरेली का प्रतिनिधित्व किया। इंदिरा गांधी 10 साल तो शीला कौल सात साल सांसद रहीं। 2004 में पहली बार चुनाव लड़ने आईं सोनिया गांधी 2004 से लगातार सांसद के रूप में जिले का प्रतिनिधित्व करती रहीं।

सोनिया सबसे अधिक 20 साल तक जिले की लगातार सांसद रहीं। 72 साल में जिले से 10 लोग सांसद बनें। इनमें फिरोज गांधी, आरपी सिंह, बैजनाथ कुरील, अरुण नेहरू, राज नारायण, अशोक सिंह और सतीश शर्मा को 35 साल जिले का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला। इंदिरा गांधी, शीला कौल और सोनिया गांधी ने 37 साल तक केंद्र में रायबरेली की शान बरकरार रखी।




### फिर भी लोकतंत्र के महापर्व में महिलाओं की उपेक्षा

जिले में एक हजार पुरुषों पर महिलाओं की संख्या बढ़कर 946 हो गई है, लेकिन मतदाता सूची में प्रति हजार पुरुषों पर 916 महिलाओं के नाम ही दर्ज हैं। एपिक रेशियो भी वर्ष 2022 के चुनाव की तुलना में 1.42 प्रतिशत बढ़ा, लेकिन महिलाओं वोटरों में बड़ा इजाफा नहीं हुआ। 2022 में एपिक रेशियो 59.66 था। इस साल यह बढ़कर 61.08 हो गया है। लोकतंत्र के महापर्व में कहीं न कहीं महिलाओं के वोटर बनने में अब भी सुस्ती है। तमाम प्रयासों के बाद भी एक हजार पुरुषों पर 30 महिलाएं मतदाता बनने से अब भी वंचित हैं। लोकतंत्र के महापर्व में महिला और पुरुष वोटरों को लेकर अंतर कहीं न कहीं जागरूकता में कमी को दर्शा रहा है। जनसंख्या के हिसाब से वोटर बनने में इजाफा तो हुआ है, लेकिन महिलाओं को वोटर बनाने की प्रगति में ज्यादा सुधार देखने को नहीं मिला।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी का मौसम: लू की चपेट में आया प्रदेश, वाराणसी रहा सबसे गर्म

**लखनऊ , एजेंसी।** अप्रैल के तीसरे सप्ताह से ही प्रदेश में लू का दौर शुरू हो चुका है। मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ ने शनिवार को बहराइच में लू चलने की पुष्टि की है। बहराइच में दिन का तापमान 42.4 रहा, जो कि सामान्य से 4.9 डिग्री अधिक रहा। यहां पर न्यूनतम तापमान 22.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं प्रदेश में वाराणसी सर्वाधिक गर्म



रहा। यहां तापमान 43.7 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं प्रयागराज में भी पारा 43.2 डिग्री रहा। इन दोनों इलाकों में रातें भी 25.4 डिग्री तापमान के साथ गर्म रहीं। प्रदेश के कई ऐसे शहर रहे जहां तापमान चालीस के आंकड़े को छूता हुआ दिखा। इन सभी जगहों पर गर्म हवा के थपेड़े लोगों को परेशान करते रहे।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र मुताबिक, बाराबंकी, कानपुर, गोरखपुर, चुर्क, फतेहपुर, सुल्तानपुर, अयोध्या, फुरसतगंज फतेहगढ़, झांसी, उरई, हमीरपुर, आगरा और बुलंदशहर में पारा 40-42 डिग्री से अधिक रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 21 डिग्री से 28.9 डिग्री के बीच रहा।

वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, रविवार से लू में कुछ दिन राहत रहेगी, लेकिन गर्म हवा के थपेड़े अभी झेलने होंगे। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में बूंदाबांदी भी हो सकती है। कई जगहों पर हल्की आंधी चल सकती है। साथ ही धूल भरी हवाओं की भी संभावना प्रकट की गई है।

### मैनपुरी सड़क हादसा: मां की गोद ने बचा ली दो मासूमों की जान

**आगरा, एजेंसी।** मैनपुरी के भोगांव में ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में ट्रॉली सवार चार महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 24 लोग घायल हुए। इस बीच मां के आंचल में लिपटे दो मासूमों के लिए गोद सुरक्षा की ढाल बन गई। ट्रॉली में बैठे किसी भी बच्चे को गंभीर चोट नहीं लगी। सभी को प्राथमिक उपचार से राहत मिल गई।

बिछ्वां क्षेत्र के गांव बेलधारा से शनिवार की तड़के ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार हुए लोगों में अधिक संख्या महिलाओं की थी। मां की गोद में बच्चे किसी भी भय से परे गहरी नींद में सोए हुए थे। अभी कुछ ही दूरी तय हुई थी कि अचानक एक तेज धमाका हुआ और ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। हादसे में ट्रॉली में बैठी सभी महिलाएं घायल हुईं। लेकिन दो मासूम जो अपनी मां की गोद में थे, उनके लिए मां की गोद एक सुरक्षा ढाल की तरह बन गई।

### डीजे पर डांस और चुपके से आई मौत: नाचते-नाचते जमीन पर लेट गई दूल्हे की बुआ

**आगरा, एजेंसी।** आगरा के बाह क्षेत्र के बिजौली गांव में शुक्रवार को आधी रात के बाद लग्नोत्सव में डीजे पर डांस करते समय दूल्हे की बुआ की मौत हो गई। इससे परिवार में शादी की खुशियों की जगह मातम पसर गया।

बाह के पास बिजौली गांव के रहने वाले गौरव की 23 अप्रैल को शादी है। शुक्रवार को लग्नोत्सव का कार्यक्रम चल रहा था। आधी रात के बाद परिवार और रिश्तेदार महिलाएं डीजे पर डांस कर रही थीं। सभी मस्ती में झूम रहे थे। दूल्हे की बुआ सरमथुरा के चांदपुरा गांव में रहने संगीता (37) भी भतीजे के लग्नोत्सव में जमकर नाची। बताया गया है कि वो नाचते-नाचते अचानक जमीन पर लेट गईं। लोगों की समझ ही नहीं आया कि आखिर हुआ क्या है। लोग समझ रहे थे कि ये मजाक है, लेकिन काफी देर तक जब संगीता जमीन से उठीं नहीं, तो पास पहुंचे। यहां संगीता की हालत देख लोगों के होश उड़ गए।

## पत्नी की दगाबाजी: पति की मौत के बाद अकेले छोड़ दिए बच्चे, बेच दी जमीन...फिर भी नहीं छोड़ रही पीछा

**आगरा, एजेंसी।** आगरा में पति की मौत के बाद पत्नी दो मासूम बच्चों को ससुराल छोड़कर मायके चली गई। इसके बाद वारिस होने का फायदा उठाकर जमीन बेच दी। रुपये लेने के बाद पिता ने भी घर से निकाल दिया। अब आश्रम में रह रही है। फिर से बची जमीन बेचने की कोशिश की तो महिला की बेटी विरोध करने लगी। मामला परिवार परामर्श केंद्र पहुंचा। काउंसलर ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया। मगर बात नहीं बन सकी। अगली तारीख दी गई है।

सदर के छावनी निवासी युवक की शादी 2004 में राजपुर चुंगी क्षेत्र की एक युवती के साथ हुई थी। पति स्कूल संचालक था। शादी के बाद महिला ने दो बच्चों को जन्म दिया। 2015 में पति की बीमारी चलते मौत हो गई। स्कूल भी बंद हो गया। पत्नी दोनों बच्चों को ससुराल छोड़कर मायके चली गई। आरोप है कि दो साल पहले पिता के साथ मिलकर बंद पड़े स्कूल की जमीन में से 200 वर्ग गज जमीन बेच दी। पिता के साथ मिलकर बाकी जमीन को बेचने का प्रयास किया, तो बेटी ने विरोध किया। इस पर महिला के पिता ने परिवार परामर्श केंद्र में प्रार्थनापत्र दिया। काउंसलर डॉ. सतीश खिरवार ने बताया कि महिला की बेटी और ससुर बेची हुई जमीन से मिले रुपयों का हिसाब मांग रहे हें। वहीं, ससुर-बहु को साथ रखने के लिए तैयार हैं। महिला का पिता बेटी के पति की वारिस होने के नाते बाकी जमीन बेचना चाहता है। शनिवार को दोनों पक्षों को काउंसिलिंग के लिए बुलाया गया था।

## सीएम योगी बोले: शोभा यात्राओं को सुरक्षा नहीं दे पा रही हैं गैर भाजपाई सरकारें, तुष्टीकरण है दंगों की वजह

**लखनऊ , एजेंसी।** सीएम योगी ने कहा कि होली और रामनवमी के मौके पर पश्चिम बंगाल सहित देश की कई गैर भाजपाई सरकारों में हुए दंगे चिंता का विषय हैं। जनता को यह सोचना चाहिए कि रामनवमी या दूसरे धार्मिक पर्वों पर शांतिपूर्ण ढंग से चल रहीं शोभा यात्राओं को जो सरकारें सुरक्षा नहीं दे पा रही हैं वह सरकारें बहन-बेटियों को सुरक्षित कैसे रखेंगी।

एएनआई से बात करते हुए सीए योगी ने कहा कि वोट बैंक की राजनीति ने एक नए तरह के तनाव को जन्म दिया है। तुष्टीकरण की वजह से सरकारें सही फैसले नहीं ले पाती हैं। चुनाव के समय में वेस्ट यूपी में भी कुछ ऐसी घटनाएं हुई हैं। सीएम योगी ने कहा कि चुनाव का समय है। देश की जनता को यह देखना चाहिए कि कथित तौर पर सेक्युलर पार्टियां धार्मिक मामलों में किस तरह का स्टैंड लेती हैं। लोगों को वोट देते समय भी इन बातों का ध्यान रखना चाहिए।



**कांग्रेस ने आतंकियों को बिरयानी खिलाई : योगी–** राजस्थान के चित्तौड़गढ़ की रैली में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस की जातिवादी और सांप्रदायिक सोच के कारण देश को बहुत नुकसान हुआ है। कांग्रेस ने आतंकवादियों को बिरयानी तक परोसी है। उन्होंने सबसे पुरानी पार्टी पर लोगों की सुरक्षा और विश्वास के साथ खेलने का आरोप लगाया।

योगी आदित्यनाथ ने कहा, आज भारत में जरा सा भी विस्फोट होने पर पाकिस्तान अपनी सफाई देने को तैयार रहता है, लेकिन कांग्रेस के जमाने में आतंकियों को बिरयानी खिलाई जाती थी। वे कहते थे कि भगवान राम कभी थे ही नहीं, ऐसे लोगों को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले चरण में शुक्रवार को 102 लोकसभा सीटों पर हुए मतदान के रुझान फिर एक बार, मोदी सरकार की देशव्यापी भावना को रेखांकित करते हैं। योगी आदित्यनाथ ने भाजपा उम्मीदवार और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के पक्ष में जोधपुर में एक रोडशो भी किया।

## एसपी ट्रैफिक पहुंचे गोलघर, स्कूल प्रबंधकों को दिए ये सख्त निर्देश- असर स्कूल खुलने पर दिखेगा?



**गोरखपुर , एजेंसी।** गोरखपुर के कैंट क्षेत्र के सिविल लाइंस इलाके में स्कूलों के सामने जाम की समस्या का संज्ञान लेकर शनिवार को एसपी ट्रैफिक संजय कुमार खुद मौके पर पहुंचे। उन्होंने गाड़ियों को हटवाया। साथ ही स्कूल प्रबंधकों को चेतावनी दी कि जाम से निजात के उपाय तलाशें नहीं तो सख्त कार्रवाई होगी।

चारों तरफ जाम देखकर वह भी सीओ और ट्रैफिक के जवानों के साथ बेतरतीब खड़ीं गाड़ियों को हटवाने लगे। उन्होंने सिविल लाइंस में स्कूलों के सामने की सड़क पर घूमकर अव्यवस्था और जाम के कारण को समझा और इसके समाधान की बात कही। शनिवार को दोपहर 12:20 बजे सिविल लाइंस इलाके में डीएम आवास से लगायत हरिओम नगर और यूनिवर्सिटी की तरफ जाने वाली सड़क पर वाहनों की कतार लगनी शुरू हो गई। जैसे ही स्कूल की छुट्टी हुई, एक कार बीच सड़क पर पुलिस बूथ के सामने खड़ी कर अभिभावक बच्चे को लेने चले गए। इसके बाद वहां चारों तरफ की सड़क जाम हो गई। उसी समय ट्रैफिक जवानों और सीओ के साथ एसपी यातायात संजय कुमार पहुंचे।

**स्कूल रोड पर लगेगा डिवाइडर, एक घंटे वन-वे रहेगी लेन–** एसपी यातायात संजय कुमार ने कहा कि स्कूल इस समस्या की तरफ जरा भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। उनके साथ इस पर पहले भी मीटिंग की जा चुकी है। अब एक और मीटिंग कर वार्निंग दी जाएगी कि स्कूल के सामने वाहन ना खड़े हों, यह स्कूलों को भी देखना होगा।

समस्या को देखते हुए प्लान तैयार किया गया है। स्कूल रोड पर डिवाइडर लगवाए जाएंगे। एक घंटे तक रोड वनवे किया जाएगा। रोड पर नो वेंडिंग जोन और नो पार्किंग जोन बनाया जाएगा। छुट्टी के समय ट्रैफिक संचालन का अच्छा अनुभव रखने वाले जवानों की डयूटी लगाई जाएगी। इसके लिए जल्द ही स्कूलों के साथ एक मीटिंग भी की जाएगी।

### बोले प्रबंधक

आरपीएम एकेडमी के निदेशक अजय शाही ने बताया कि बच्चों को लेकर आने-जाने वाले अभिभावकों को स्कूल गेट तक कार लाने से परहेज करना चाहिए। इससे छुट्टी के समय अन्य बच्चे भी सुरक्षित सड़क पर चल सकेंगे। जाम की समस्या न हो, इसके लिए क्लास की छुट्टी अलग-अलग समय पर की जाती है।

स्प्रिंगर लोरेटो गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रबंधक रीमा श्रीवास्तव ने कहा कि स्कूल के सामने सड़क पर वाहन खड़ा करने से मना किया जाता है। अभिभावकों को भी कहा जाता है कि एक बच्चे के लिए वे कार लेकर स्कूल ना आएं। लेकिन किसी को ऐसा करने से मना भी नहीं किया जा सकता। अभिभावकों को समझाया जाएगा कि जाम से निपटने में वह भी स्कूल प्रबंधन की मदद करें।

## संकट में स्वामी प्रसाद मौर्य: हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत, बेटी का बिना तलाक दूसरी शादी कराने का मामला



**लखनऊ।** स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ जारी गैरजमानती वारंट के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ से राहत नहीं मिली। कोर्ट ने यह कहते हुए मौर्य की याचिका खारिज कर दी कि पहली नजर में उनके खिलाफ आरोप हैं, जिन पर ट्रायल कोर्ट में ही विचार हो सकता है। इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने परिवाद की कार्यवाही समेत उनके खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट निरस्त करने की आग्रह वाली याचिका खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश स्वामी प्रसाद की याचिका पर दिया। शहर के सुशांत गोल्फ सिटी निवासी दीपक स्वर्णकार ने अदालत में स्वामी प्रसाद मौर्य, संघमित्रा समेत अन्य के खिलाफ परिवाद दाखिल किया है। परिवादी का आरोप है कि वह और संघमित्रा 2016 से लिव इन रिलेशन में थे।

संघमित्रा और स्वामी प्रसाद मौर्य ने परिवादी को बताया कि संघमित्रा की पहली शादी में तलाक हो चुका है। इस पर, परिवादी ने 3 जनवरी 2019 को संघमित्रा से घर पर शादी कर ली। हालांकि, बाद में उसने विधि विधान से शादी करने को बोला तो उस पर जानलेवा हमला कराया गया। इसी परिवाद को स्वामी प्रसाद ने हाईकोर्ट में चुनौती देकर कहा कि मामले में उनके खिलाफ कोई ठोस आरोप नहीं हैं, लेकिन कोर्ट ने उनकी याचिका का खारिज कर दिया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, मायके वालों ने ससुरालियों पर लगाया हत्या का आरोप

**आजमगढ़ , एजेंसी।** आजमगढ़ जिले के सरायमीर कस्बा के महाजनी टोला की एक विवाहिता की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। ससुराल वाले जहां बीमारी से मौत की बात कह रहे हैं, वहीं सूचना पर पहुंचे मायके वाले दहेज प्रताड़ना से मौत होना बता रहे हैं। मायके वालों की सूचना पर पहुंची सरायमीर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

**यह है पूरा मामला** – महाजनी टोला मोहल्ले की रहने वाली मुस्कान (20) की शनिवार की रात घर पर ही अचानक से तबीयत बिगड़ गई। जब तक उसे इलाज के लिए ले जाया जाता, इससे पहले ही उसने दम तोड़ दिया। ससुराल वालों ने रात में ही सूचना मृतका के मायके वालों को दी। सूचना पर मायके जौनपुर जिले के खुटहटन थाना अंतर्गत ख्वाजापुर से पिता इस्लाम व परिवार के अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए।

मायके वालों ने पति असफाक, ससुर झिनक उर्फ अतहर, सास बेबी, ननद मोना व साहवा पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए सूचना पुलिस को दी। पिता इस्लाम ने बताया कि शनिवार को बेटी के पति ने फोन पर सूचना दी कि मुस्कान की तबीयत खराब है। इस पर वह उसके घर पहुंचे तो बेटी बिस्तर पर बदहवास पड़ी थी। उसका दम निकल चुका था।

उधर, मायके वालों की सूचना पर पहुंची सरायमीर थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके साथ ही पुलिस मौका मुआयना कर जांच पड़ताल की कवायद में जुटी है। ससुराल वाले पीड़िता की बीमारी से मौत होने की बात कह रहे हैं। वहीं मायके वाले दहेज प्रताड़ना का आरोप लगा रहे हैं।

## गाजे बाजे के साथ काशी में हुआ धर्मशाला का भूमिपूजन, वित्तमंत्री सीतारमण ने कार्यक्रम में लिया हिस्सा

**वाराणसी , एजेंसी।** नाटकोट्टम क्षत्रम की ओर से दक्षिण भारत के श्रद्धालुओं के लिए काशी में बनने वाली श्री काशी नटूकोट्टई नगर क्षत्रम धर्मशाला का भूमिपूजन धूमधाम से किया गया। रविवार को केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की मौजूदगी में धर्मशाला की आधारशिला रखी गई। इसका निर्माण डेढ़ साल में पूरा हो जाएगा। अक्तूबर 2025 में धर्मशाला को श्रद्धालुओं को समर्पित कर दिया जाएगा। सिगरा स्थित नटराज सिनेमा के सामने क्षत्रम की जमीन पर बनने वाली दसमंजिला धर्मशाला में 135 कमरे होंगे।

क्षत्रम के अध्यक्ष लेना नारायण ने बताया कि पिछले 210 वर्षों से लगातार दिन में तीन बार भगवान विश्वनाथ और मां विशालाक्षी को पूजन सामग्री भेजते हैं। क्षत्रम ने यह जमीन 23 नवंबर 1894 में महज पांच हजार रुपये में खरीदी थी।



उन्होंने बताया कि 65 हजार स्क्वायर फीट जमीन को बाबा विश्वनाथ के लिए फूल और विल्व पत्र अर्पित करने के लिए खरीदा गया था। पिछले 50 साल से जमीन, पर अवैध कब्जे को शासन व प्रशासन की मदद से हटवाया गया। अब इस पर 135 कमरों वाली 10 मंजिला धर्मशाला श्री काशी नकोट्टई नगर क्षत्रम का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही यहां छात्रावास, आवास और बैंक्वेट हॉल भी होगा।

### धर्मशाला का शिलान्यास है आचार संहिता का उल्लंघन: कांग्रेस

दक्षिण भारतीय श्रद्धालुओं के लिए सिगरा में बनने वाली धर्मशाला के शिलान्यास कार्यक्रम में वित्तमंत्री और मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई है। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष ने राघवेंद्र चौबे ने कहा कि आचार संहिता की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। चुनाव के दौरान ऐसा कार्यक्रम अनुचित है। बनारस में प्रशासन सत्ता के दबाव में मूकदर्शक बना हुआ है।



दो ग्रैंड स्लैम जीते

जनवरी 2023 के बाद से टेनिस कोर्ट में नहीं उतरी

साल 2016 में फ्रेंच ओपन जीता।

# टेनिस स्टार गार्बाइन मुगुरुजा ने संन्यास का ऐलान किया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व वर्ल्ड नंबर एक खिलाड़ी गार्बाइन मुगुरुजा ने 30 साल की उम्र में ही पेशेवर टेनिस से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। उन्होंने ये फैसला लंबे समय से टेनिस से दूर रहने की वजह से किया है।

मुगुरुजा 2023 जनवरी से टेनिस नहीं खेली हैं। उन्होंने शनिवार को मैड्रिड में प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि मुझे लगता है कि अब संन्यास लेने और अपनी जिंदगी में एक नया अध्याय खोलने का समय आ गया है।

**विलियम्स बहनों को ग्रैंड स्लैम फाइनल में हरा चुकी हैं**

मुगुरुजा विलियम्स बहनों को ग्रैंड स्लैम फाइनल में हराने वाली इकलौती खिलाड़ी हैं। उन्होंने साल 2016 में फ्रेंच ओपन के फाइनल में सेरेना विलियम्स को और 2017 में विम्बलडन फाइनल में वीनस विलियम्स को हराया था। वहीं स्पेनिश खिलाड़ी मुगुरुजा के नाम 10 करियर खिताब है।


वह 2015 विम्बलडन तथा 2020 आस्ट्रेलियाई ओपन में उप विजेता रही थीं गार्बाइन मुगुरुजा ने 2017 में विम्बलडन फाइनल में वीनस विलियम्स को हराया कर खिताब अपने नाम किया था।

**1998 के बाद फ्रेंच ओपन जीतने वाली पहली स्पेनिश खिलाड़ी**

मुगुरुजा के पिता स्पेनिश हैं। जबकि मां वेनेजुएला की हैं। मुगुरुजा ने टेनिस का प्रशिक्षण लेने के लिए बार्सिलोना चली गई। उन्होंने 2016 में फ्रेंच ओपन जीता।

# विनेश फोगाट ने जीता ओलंपिक कोटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की विनेश फोगाट ने शनिवार को एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में महिलाओं के 50 किग्रा सेमीफाइनल में कजाकिस्तान की लॉरा गनिक्यज़ी को 10-0 से हराकर पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल किया। एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल चैंपियन फोगाट ने लॉरा गनिक्यजी के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 4 मिनट 18 सेकंड में मुकाबला जीत लिया।



## IPL 2024

### मेरे लिए धोनी मतलब क्रिकेट और क्रिकेट मतलब धोनी...

# शिवम दुबे की वाइफ ने माही की तारीफ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक्ट्रेस और क्रिकेटर शिवम दुबे की पत्नी अंजुम खान ने शनिवार को भारत के महान कप्तान एमएस धोनी के लिए सोशल मीडिया पर एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया है। अंजुम खान ने धोनी के साथ अपनी मुलाकात की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है और उनके लिए लंबा कैप्शन भी लिखा। वह धोनी को कितना मानती हैं और उनका कितना सम्मान करती हैं। यह सब उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा। अंजुम ने धोनी के खेल के लिए अपने क्रेज को खुलेआम स्वीकार भी किया है।

**शिवम दुबे की वाइफ ने धोनी के लिए शेयर किया खास पोस्ट**

अंजुम खान ने सोशल मीडिया के सबसे चर्चित प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर धोनी के साथ अपनी मुलाकात की फोटो शेयर की। उसकी कैप्शन में उन्होंने लिखा, अल्हम्दुलिल्लाह धोनी यह नाम मैंने सुना था एक न्यूज चैनल पर...जब उनको कप्तान बनाया गया था भारतीय टीम का... और उसके पहले क्रिकेट पसंद था मुझे पर इतना नहीं कि मैं देखती रहूं... और मैं वो न्यूज चैनल पर रुक गई पता नहीं क्यों मैंने पूरा इंटरव्यू देख लिया। वो इंटरव्यू नॉर्मल नहीं था...एक कनेक्शन एक इमोशन वो इंटरव्यू से जुड़ गया था...और मैंने क्रिकेट पूरी तरह से फॉलो करना शुरू कर दिया...और तबसे आज तक जब तक...धोनी इंडिया में थे कोई मैच कुछ मिस नहीं किया। उन्होंने आगे लिखा, मेरे लिए धोनी मतलब क्रिकेट और क्रिकेट मतलब धोनी। सॉरी मैं सर यूज नहीं कर रही...पीर यही तो उनका सम्मान है कि बच्ची बच्ची उनको माही धोनी बुलाता है और चेन्नई के बाद थाला...और सच में वो एक इमोशन है।



अभी भी मैं पूरी इमोशनल हूं...इसके पहले इमोशनल हुई ये सीजन उनके बाल देखकर क्योंकि ये टाइम इतना जल्दी क्यों बढ़ता है।

उन्होंने आगे कहा, एक दम मेरा सारा बचपन मेरी आंखों के सामने आ गया...और आज भी मैं वो ही उनको देखकर आज भी एक शब्द मुंह से नहीं निकलता है...मैं वेसे ही एक्साइटेड होती हूं क्योंकि टीवी पर उनका मैच देखकर आती थी और होती हूं। मेरे लिए माही वो ही है जो बचपन में थे...पूरी टीम आउट हो जाए पर...माही है ना वो जिता देगा...कुछ नहीं होगा हम जीतेंगे...अगर कोई आउट भी हो जाए जल्दी आज तक मैं वो ही हूं कि कोई नहीं ये तो होता है पर माही तो माही ही है।



# जैक फ्रेजर ने लगाया आईपीएल 2024 का सबसे तेज अर्धशतक

## एक साथ तोड़ा ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा का रिकॉर्ड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के 35वें लीग मैच में दिल्ली कैपिटल्स को अपने घरेलू मैदान पर बेशक हार मिली, लेकिन इस मैच में इस टीम के बल्लेबाज जैक फ्रेजर ने कमाल की बल्लेबाजी की और आईपीएल 2024 का सबसे तेज अर्धशतक लगा दिया। इस मुकाबले में हैदराबाद की टीम ने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 266 रन का विशाल स्कोर बनाया और इसके जवाब में दिल्ली की टीम लड़खड़ा गई और 19.1 ओवर में 199 रन बनाकर आउट हो गई और उसे 67 रन से हार मिली।

**जैक फ्रेजर ने तोड़ा हेड और अभिषेक का रिकॉर्ड**

जैक ने इस मैच में 15 गेंदों पर अर्धशतक लगाया और आईपीएल 2024 में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। इस सीजन में इससे पहले ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा ने 16-16 गेंदों पर अर्धशतक लगाया था। जैक ने इस मैच में 18 गेंदों पर 7 छक्के और 5 चौकों की मदद से 65 रन की जोरदार पारी खेली।

**आईपीएल 2024 का सबसे तेज अर्धशतक**

15 गेंद – जेक फ्रेजर बनाम एसआरएच, दिल्ली, 2024
16 गेंद – अभिषेक शर्मा बनाम एमआई, हैदराबाद 2024
16 गेंद – ट्रेविस हेड बनाम डीसी, दिल्ली, 2024

क्रिस मौरिस से आगे निकले जैक

जैक अब दिल्ली के लिए भी आईपीएल में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। इससे पहले ये रिकॉर्ड क्रिस मौरिस के नाम पर दर्ज था जिन्होंने इस टीम के लिए 17 गेंदों पर अर्धशतक लगाया था, लेकिन जैक ने 15 गेंदों पर ऐसा करते हुए उन्हें पीछे छोड़ दिया।

**दिल्ली के लिए सबसे तेज आईपीएल अर्धशतक लगाने वाले बैट्समैन**

15 गेंद – जेक फ्रेजर बनाम एसआरएच, 2024
17 गेंद – क्रिस मॉरिस बनाम जीएल, 2016
18 गेंद – ऋषभ पंत बनाम एमआई, 2019
18 गेंद – पृथ्वी शॉ बनाम केकेआर, 2021
19 गेंद – ट्रिस्टन स्टब्स बनाम एमआई, 2024

**आईपीएल में सबसे तेज अर्धशतक**

13 गेंद – यशस्वी जयसवाल बनाम केकेआर (2023)
14 गेंद – केएल राहुल बनाम डीसी (2018)
14 गेंद – पैट कमिंस बनाम एमआई (2022)
15 गेंद – यूसुफ बनाम एसआरएच (2014)
15 गेंद – नरेन बनाम आरसीबी (2017)
15 गेंद – पूरन बनाम आरसीबी (2023)
15 गेंद – जैक फ्रेजर बनाम एसआरएच (2024)



### अभिषेक शर्मा 12 गेंदों में 46 रन बनाने के बावजूद किस बात से घबराए

# युवराज सिंह मुझसे खफा होंगे क्योंकि...

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सनराइजर्स हैदराबाद के ऑलराउंडर अभिषेक शर्मा आईपीएल 2024 में अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से जमकर सुर्खिया बटोर रहे हैं। उन्होंने अब तक सात मैचों में 215.96 के स्ट्राइक रेट से 257 रन बनाए हैं।

उन्होंने शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ भी कमाल की पारी खेली। उन्होंने दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में 12 गेंदों में 46 रन बनाए, जिसमें दो चौके और 6 सिक्स शामिल हैं। अभिषेक ने ट्रैविस हेड (32 गेंदों में 89, 11 चौके, 6 छक्के) के साथ पहले विकेट के लिए 131 रन की साझेदारी की। हालांकि, तूफानी पारी खेलने के बावजूद अभिषेक एक बात को लेकर घबराए हुए हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर युवराज सिंह दिल्ली के विरुद्ध उनके आउट होने के तरीक से खफा होंगे। अभिषेक को स्पिनर कुलदीप यादव ने सातवें ओवर की दूसरी गेंद पर पवेलियन की राह दिखाई थी। कुलदीप ने फुलर गेंद डाली, जिसके बाद अभिषेक ने ड्राइव किया लेकिन कवर पर अक्षर पटेल को कैच थमा बैठे। अक्षर ने आगे की ओर डाइव लगाकर कैच लिया।

अभिषेक शर्मा ने मैच के बाद कहा, जिस तरह से मैं आउट हुआ, उससे युवराज सिंह मुझसे खफा होंगे लेकिन कुल मिलाकर वह मेरी प्रोग्रेस से खुश होंगे। उन्होंने कड़ी मेहनत की है। बता दें कि युवराज 23 वर्षीय ऑलराउंड अभिषेक के मेंटॉर हैं। अभिषेक घरेलू क्रिकेट में पंजाब की ओर से खेलते हैं। युवराज भी पंजाब टीम से खेलते थे। अभिषेक ने युवराज के साथ ट्रेनिंग की है, जिससे उन्हें आईपीएल में दमदार प्रदर्शन करने में मदद मिल रही है। अभिषेक और हेड ने शुरुआती 6 ओवर में 125 रन जोड़े, जो टी20 क्रिकेट का पावरप्ले में सबसे बड़ा स्कोर है। हैदराबाद ने 266/7 का विशाल स्कोर खड़ा किया।

नितीश रेड्डी ने 37 रन का योगदान दिया। शाहबाज अहमद ने नाबाद 59 रन की पारी खेली। जवाब में दिल्ली की टीम 199 रन पर ऑलरआउट हो गई। एसआरएच ने 67 रन से विजयी परचम फहराया। दिल्ली के लिए जेक फ्रेजर-मैकगर्क (65) ने सबसे ज्यादा रन बनाए। अभिषेक पोरेल ने 42 और कप्तान ऋषभ पंत ने 44 रन जुटाए।

# टी-20 वर्ल्ड कप में खेलने को तैयार दिनेश कार्तिक



**नईदिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में खेलने के लिए तैयार हैं। इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना कोलकाता नाइटराइडर्स के से होगा।

इस मैच से पहले आरसीबी के विकेटकीपर कार्तिक ने कहा, मेरे जीवन के इस पड़ाव पर, भारत का प्रतिनिधित्व करना सबसे बड़ी खुशी होगी। मैं इसके लिए 100त्न तैयार हूं। मैं टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टीम में शामिल होने के लिए हर संभव कोशिश करूंगा।

कार्तिक ने अपना आखिरी इंटरनेशनल मुकाबला 2022 टी-20 वर्ल्ड कप में खेला था। तब से उन्होंने भारत के लिए कोई भी मैच नहीं खेला। इस दौरान वे कमेंट्री करते नजर आए।

**आईपीएल के इस सीजन में 7 मैचों में दो अर्धशतक लगाए**

38 साल के दिनेश कार्तिक आईपीएल के इस सीजन में शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने 7 मैचों में 205.45 के स्ट्राइक रेट से 226 रन बनाए हैं। इसमें दो हाफ सेंचुरी शामिल है। वे मौजूदा सीजन में टीम के तीसरे टॉप स्कोरर हैं।

**टी-20 इंटरनेशनल में दिनेश कार्तिक**

कार्तिक ने टी-20 इंटरनेशनल में भारत के लिए अब तक 60 मैच खेले हैं। इस दौरान उन्होंने 686 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 142.62 रहा है। टी-20 इंटरनेशनल में उनके नाम एक अर्धशतक है।

**टी-20 वर्ल्ड कप में दिनेश कार्तिक का प्रदर्शन**

दिनेश कार्तिक ने तीन बार टी-20 वर्ल्ड कप में भारत का प्रतिनिधित्व किया। कार्तिक ने भारत के लिए 2007, 2010 और 2022 का वर्ल्ड कप खेला है। उन्होंने अब तक टी-20 वर्ल्ड कप में 10 मैच खेले हैं, इसमें उनके नाम केवल 71 रन ही हैं। यहां उनका स्ट्राइक रेट 97.26 है।

# दिल्ली में ट्रैविस हेड का तूफान, तोड़े कई रिकॉर्ड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** । आईपीएल 2024 में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच टूर्नामेंट का 35वां मैच दिल्ली में खेला गया। हालांकि, मैदान का वेन्यू जरूर बदला है लेकिन हैदराबाद की बल्लेबाजी का अंदाज नहीं।

सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल 2024 में बल्लेबाजी के नए रिकॉर्ड स्थापित करने की आदत बना ली है और यह दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ भी जारी रहा। पहले बल्लेबाजी करने उतरी एसआरएच की ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा की ओपनिंग जोड़ी ने पावरप्ले में ही बोर्ड पर 100 से अधिक रन जोड़ लिए। खासतौर पर हेड ने दिल्ली के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा दी। हेड 32 गेंदों पर 89 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने 278.11 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए जिसमें 11 चौके और 6 छक्के शामिल थे।

वहीं अभिषेक शर्मा ने 12 गेंदों पर 46 रन ठोक डाले जिसमें दो चौके और 6 छक्के शामिल थे। अभिषेक ने 383.33 के स्ट्राइक रेट से रन जोड़े।हैदराबाद ने तोड़े ये रिकॉर्ड्सटी20 में सबसे तेज 100 रन जो सिर्फ सिर्फ पांच ओवर में आए।किसी भी टी20 में पावरप्ले में सर्वाधिक स्कोर। इस जोड़ी ने पहले 6 ओवर में 125 रन का विशाल स्कोर बनाया।



# भारतीय निशानेबाजों की नजर पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने पर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पृथ्वीराज टोंडिमन, जोरावर संधू और विवान कपूर पुरुषों के ट्रैप में शेष उपलब्ध कोटा स्थान जीतने की कोशिश करेंगे, जबकि श्रेयसी सिंह, मनीषा कीर और नीरू महिलाओं की संबंधित स्पर्धा में भारत के पेरिस स्थानों को अधिकतम करने की कोशिश करेंगी।

निशानेबाजी में रिकॉर्ड 20 ओलंपिक कोटा स्थान पहले ही हासिल कर चुका भारत रविवार से दोहा में आईएसएसएफ फाइनल ओलंपिक क्वालीफिकेशन चैम्पियनशिप (शॉटगन) शुरू होने पर 2024 पेरिस स्थानों के लिए अपने अभियान की शुरुआत करेगा। पृथ्वीराज टोंडिमन, जोरावर संधू और विवान कपूर पुरुषों के ट्रैप में शेष उपलब्ध कोटा स्थान जीतने की कोशिश करेंगे, जबकि श्रेयसी सिंह, मनीषा कीर और नीरू महिलाओं की संबंधित स्पर्धा में भारत के पेरिस स्थानों को अधिकतम करने की कोशिश करेंगी।

भवनीश मेंदीरत्ता और राजेश्वरी कुमारी ने पिछली प्रतियोगिताओं में भारत के लिए पुरुष और महिला ट्रैप में एक-एक कोटा स्थान हासिल किया था। क्वालीफिकेशन तीन दिनों तक चलेगा और 23 अप्रैल को दोनों स्पर्धाओं के फाइनल के साथ समाप्त होगा। ट्रैप प्रतियोगिता के बाद पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए स्कीट स्पर्धा होगी, जहां भारत दो और कोटा स्थान जीत सकता है। भारत ने अब तक निशानेबाजी में 20 पेरिस कोटा स्थान जीते हैं, जिनमें राइफल और पिस्टल विषयों में अधिकतम आठ-आठ और शॉटगन में चार स्थान शामिल हैं। दोहा प्रतियोगिता के बाद, निशानेबाजों के पास उपलब्ध विश्व रैंकिंग स्थानों के माध्यम से पेरिस के लिए अर्हता प्राप्त करने का एक अंतिम मौका होगा।



# भोजपुरी सिने स्टार व गायक पवन सिंह ने देव सूर्य मंदिर में टेका मत्था, किया चुनाव प्रचार अभियान का आगाज

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद**। पश्चिम बंगाल के आसनसोल से भाजपा द्वारा दिए गए चुनावी टिकट को ठुकराने के बाद बिहार के काराकाट संसदीय सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान करने वाले भोजपुरी के सिने स्टार और गायक पवन सिंह चुनावी रण क्षेत्र में कूदने के पहले रविवार को औरंगाबाद के विश्व प्रसिद्ध सौर तीर्थस्थल देव पहुंचे। यहां उन्होंने अति प्राचीन त्रेतायुगीन सूर्य मंदिर में मत्था टेका। सूर्यदेव से चुनावी जीत के लिए आर्शीवाद मांगा। इसके बाद आज से ही काराकाट संसदीय क्षेत्र में चुनाव प्रचार अभियान का आगाज किया।

इस दौरान सूर्य मंदिर के पुजारी राजेश पाठक ने विधि विधान से पूजा-अर्चना कराई। सूर्य मंदिर में पूजा के दौरान दिव्य रूप में विराजमान भगवान ब्रह्मा, विष्णु, महेश की प्रतिमा का दर्शन कर पवन सिंह प्रफुल्लित हुए। वें मंदिर की भव्यता और सुंदरता को देखकर भाव विभोर दिखे। वही मंदिर परिसर में देव सूर्य मंदिर न्यास समिति के सचिव विश्वजीत राय, कोषाध्यक्ष सुधीर सिंह, सदस्य योगेंद्र सिंह एवं सुनील सिंह आदि ने पवन सिंह का माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही देव सूर्य मंदिर का प्रतीक चिन्ह और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद पवन सिंह ने अपने चुनावी अभियान का आगाज किया। नामांकन के पहले के रोड शो और जनसंपर्क अभियान का ऐलान किया।

गौरतलब है कि देव का ईलाका पवन सिंह का चुनाव क्षेत्र नही है। यह क्षेत्र औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र में है। इसके बावजूद समर्थकों और चाहने वालो के डिमांड पर उन्होंने चुनाव के लिए खासकर स्वरचित गाना-' सुना ए बड़की माई, सुना ए बड़का भाई, काकी-चाची- दादी बानी बात रखिहा ई याद, या, आइल काराकाट तोहर पहनवा, मांगेला घुमी घुमी आर्शीवाद' गुनगुनाया।

## पवन को देखने उमड़े हजारों लोग

इस दौरान पवन सिंह को देखने हजारों लोग देव में उमड़ पड़े। सभी पवन की एक झलक देखने को लालायित दिखे। जो नजदीक पहुंच गये उन्होंने सेल्फी भी खिंचवाई। सेल्फी खिंचवाने की भी होड़ मची रही। इस दौरान देव के कटैया निवासी इलाके के मशहूर गायक प्रवीण सिंह, सहयोगी सुमन सिंह, पवन के मैनेजर दीपक सिंह, रितिक सिंह, नवीन सिंह, सौरभ सिंह भी पवन सिंह के साथ रहे।

## दो दिनों तक क्षेत्र में करेंगे रोड शो

» कहा कि काराकाट संसदीय क्षेत्र में वह 23-24 अप्रैल को दो दिवसीय रोड शो करेंगे। यह उनकी 'जन आशीर्वाद यात्रा' होगी। यात्रा के प्रथम दिन 23 अप्रैल को वें आरा से सुबह 6.00 बजे प्रस्थान करेंगे। इसके बाद रोड शो की शुरुआत दनवार से सुबह 7:00 बजे होगी। इस दौरान 7:30 बजे तक समर्थकों और कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। इसके बाद रोड शो करते वें 7.40 बजे कछवा पहुंचेंगे जहां 8:00 बजे कार्यकर्ता संवाद होगा। इसके बाद नासरीगंज में 8:25 से 8:55 तक रोड शो एवं कार्यकर्ता संवाद, गोड़ारी में 9:15 से 09:35 तक रोड शो एवं कार्यकर्ता संवाद, काराकाट में 09:50 से 10:20 तक रोड शो एवं कार्यकर्ता संवाद

» बिक्रमगंज में 10:30 से 11:15 तक रोड शो एवं कार्यकर्ता संवाद, नोखा में 11:45 से अपराह्न 12:15 तक रोड शो एवं कार्यकर्ता संवाद, राजपुर में 12:40 से 01:00 बजे तक रोड शो एवं कार्यकर्ता संवाद, अकोढी गोला में 01:25 से 01:45 तक रोड शो एवं कार्यकर्ता संवाद, डेहरी ऑन सोन में 02:05 से 03:05 तक रोड शो एवं कार्यकर्ता संवाद

» बारुण में 03:18 से 03:33 बजे तक रोड शो एवं कार्यकर्ता संवाद, नबीनगर में संध्या 04:30 से 06:30 तक रोड शो एवं विशाल जनसभा होगी। इस दिन वें नबीनगर में ही रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन 24 अप्रैल को नबीनगर से ही सुबह 7.30 बजे प्रस्थान करेंगे और जन आर्शीवाद यात्रा करते हुए सुबह 9.00 बजे ओबरा पहुंचकर 9:30 बजे तक रोड शो एवं कार्यकर्ता संवाद करेंगे। इसके बाद दाउदनगर में 10:10 से 11:10 बजे तक रोड शो एवं लघु जनसभा करेंगे।

# अप्रैल माह मे ही पारा पहुंचा 43 डिग्री के पार, जन-जीवन अस्त व्यस्त

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद**। अमूमन मई और जून माह में जिले का तापमान 40 डिग्री पार होता था और लोग बेहाल होते थे। लेकिन इस बार अप्रैल माह में ही तापमान 43 डिग्री के पार है। अगामी दिनों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। अभी से ही गर्म हवा यानी लू चलने लगी है। खतरनाक लहर वाली लू देखकर लोगों को 2019 की जानलेवा गर्मी की याद आ रही है। गर्मी का सितम इस कदर बढ़ रहा है कि दोपहर तो दूर की बात सुबह 8 बजे की गर्मी असहनीय साबित हो रही है। बीते शनिवार को भी मौसम का हाल कुछ ऐसा ही रहा। जिले का तापमान 44 डिग्री रहा। ऐसे में सुबह 9 बजे से ही आसमान से आग बरसने लगी। हाइवे पर सुबह 10 बजे बाद से ही वाहनों की आवाजाही कम हो गई। लम्बी दूरी पर चलने वाले चालकों ने भी अपनी ट्रक हाइवे किनारे स्थित ढाबों व लोकलों के समीप खड़े कर दिए और शाम तक आराम किया। पिछले एक दशक में सबसे भयावह गर्मी साल 2019 में पड़ी थी। तब की गर्मी जिले में काफी खतरनाक साबित हुई थी और हीट वेव ने कई दर्जन जान ले ली थी। इस बार भी तेज गर्मी आती दिख रही है। अप्रैल माह में ही गर्मी ने अपना रुद्र रूप दिखा दिया है।

## घर से निकलना हुआ मुश्किल

भीषण गर्मी के कारण दोपहर में मार्केट में सन्नाटा पसर जा रहा है।इक्का-दुक्का लोग ही सड़क पर दिख रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी रात को हो रही है। न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी के कारण रातों की नींद गायब हो रही है। सूर्य की चिलचिलाती धूप व लू के थपेड़ों से बचने के लिए लोग सुबह 10:00 बजे से पहले ही घरों में दुबक जा रहे हैं। जबकि शाम में 4 बजे के बाद हीं लोग घरों से निकलते है। गर्मी से राहत के लिए लोग नारियल पानी डाव को भी खासा पसंद कर रहें हैं। लग्न होने के कारण जो लोग बाजार करने निकले थे हर कोई छाता तो कोई गमछा लेकर गर्मी से बचने की कोशिश कर रहा था। महिलाएं आंचल और दुपट्टा से बचने की कोशिश करती दिखी। गरमी मे सेहत पर विशेष असर ना पड़े और शरीर मे यानी कि मात्रा काफी हद तक बनी रहे लोग मौसमी रसदार युक्त फल कि खरीदारी कर उसका उपभोग कर रहें हैं।

## एक नजर

### गाली गलौज करने को ले मारपीट, एक घायल, चार नामजद

**रफीगंज(औरंगाबाद(नि.सं.)**। रफीगंज के अकौनी-रेगनियां गांव में गाली गलौज करने को लेकर मारपीट की घटना घटी। मारपीट में अशोक यादव की पत्नी निर्मला देवी घायल हो गई। घायल निर्मला देवी द्वारा गांव के ही संजू देवी, राम बदन यादव, कलावती देवी, सनोज यादव को नामजद आरोपी बनाया गया। उल्लेख किया है कि उक्त लोग आए और गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिया। जिससे मेरा हाथ टूट गया। थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### तेजस्वी व मुकेश सहनी की बांका, पूर्णिया व कटिहार में सभा आज

**पटना (नि.सं.)**। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव व वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी सोमवार को तीन जिलों बांका, पूर्णिया व कटिहार में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। दोनों नेता महागठबंधन के प्रत्याशियों के लिए वोट मांगेंगे। दोनों नेता सुबह 11.10 बजे चिरैया मोड़, कटोरिया, बांका से चुनाव प्रचार की शुरुआत करेंगे। इसके बाद 12:20 बजे प्राइमरी स्कूल चांदूटोला, कोढ़ा, कटिहार में एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। यहां से वे 1:25 बजे रौटाहाट, प्रखंड-बौंसा, पूर्णियां में और 2:30 बजे धमदाहा हाईस्कूल मैदान, पूर्णियां पहुंचेंगे जहां वे चुनावी सभा कर राजद के प्रत्याशी के लिए वोट मांगेंगे। 22 अप्रैल की रात दोनों नेता पूर्णिया में ही रात्रि विश्राम करेंगे। इस बात की जानकारी वीआईपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता देव ज्योति ने रविवार को दी।

### संगीत बिहान में सजी गीत और गजलों की महफिल

**पटना (नि.सं.)**। कला, संस्कृति एवं युवा विभाग व बिहार संगीत नाटक अकादमी की ओर से शुक्रवार को राजधानी वाटिका में संगीत बिहान का आयोजन किया गया। आकाशवाणी के शास्त्रीय संगीत व सुगम संगीत के कलाकार, प्रयाग संगीत समिति से शास्त्रीय संगीत में संगीत प्रवीण व कलाश्री सहित अन्य सम्मान से सम्मानित सरोज दास की ओर से प्रस्तुति दी गई। संगीत बिहान के दौरान गीत और गजलों की महफिल सजी। सुबह के खुशनुमा मौसम में कार्यक्रम की शुरुआत ख्याल पर आधारित राग बैरागी से हुई। राग बैरागी सुबह में गाया जाने वाला एक राग है जो की विलंबित एक ताल द्रुत व एक ताल में निबंध है जिसके बोल थे 'सुमिरन कर मन मेरो। इसके बाद राज जोग पर आधारित केदार पंडित की रचना 'हे गजवंदन गौरी नंदन रिद्धि सिद्धि के दाता तुम हो तुलसीदास रचित राग शिवरंजनी पर आधारित 'गाइए गणपति जगवंदन की प्रस्तुति दी। उपशास्त्रीय में ठुमरी में राग किरवानी में स्वरचित बंदिश 'मेरे नैना लग गई तुम पर, बलमा मोहे छोड़ न जाना, 'क्या करूं सजनी आये न बालम, जैसे गीत प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। सरोज दास ने राग चारुकेशी पर आधारित 'श्याम तेरी बंसी पुकारे राधा नाम व गजल 'साजन प्रीत लगत दूर देश मत जानों प्रस्तुत किये। दर्शकों की फरमाइश पर उन्होंने 'ये दौलत भी ले लो यह शोहरत भी ले लो भी गाया। कार्यक्रम के दौरान तबला पर उनके साथ शांतनु राय व तानपुरा पर समहिता ने संगत किया। मौके पर कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के उपसचिव सह बिहार संगीत नाटक अकादमी के सचिव अनिल कुमार सिन्हा समेत संगीत विधा के कलाकार, कला साधक और कला जगत के सुधी श्रोतागणों ने उपस्थित होकर संगीत बिहान को यादगार बनाया। कार्यक्रम संचालन सोमा चक्रबर्ती ने किया।

### फर्जी प्रमाणपत्र पर नौकरी कर रहे 4 गुरुजी बर्खास्त

**अररिया(नि.सं.)**। फर्जी बीटेट, सीटेट व एसटीईटी प्रमाणपत्र के सहारे जिले में वर्षों से नौकरी कर रहे चार गुरुजी को शिक्षा विभाग ने बर्खास्त कर दिया गया है। समक्षता परीक्षा के बाद विभागीय जांच से इस तरह के फर्जीवाड़ा का खुलासा हुआ। कार्रवाई की जद में आने वाले शिक्षकों में भरगामा प्रखंड स्थित आदर्श मवि सिमरबनी की प्रियंका कुमारी, भरगामा के ही उत्क्रमित मवि पैकपार की मंजू कुमारी, नरपतगंज प्रखंड स्थित मवि खाब्दह डूमरिया की ज्योति कुमारी व रानीगंज प्रखंड के प्रावि कोहबरा विशनपुर के संजय कुमार शामिल हैं। विभागीय निर्देश के आलोक में यह कार्रवाई स्थापना डीपीओ रवि रंजन ने की है। इसके साथ ही डीपीओ रंजन ने संबंधित नियोजन इकाई के सचिव को प्राथमिकी दर्ज करने के साथ-साथ सर्टिफिकेट केस भी दर्ज करने का निर्देश दिया है ताकि सरकारी राशि की भी वसूली की जा सके।

# डिहुरी पंचायत के वार्ड सदस्य प्रतिनिधि का अचानक निधन

निज संवाददाता



**गोह (औरंगाबाद)**। जिले के गोह प्रखंड के डिहुरी पंचायत के उदयपुरा वार्ड संख्या एक के वार्ड सदस्य प्रतिनिधि सह राष्ट्रीय लोक मोर्चा के छात्र विंग के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष 35 वर्षीय रविंद्र चंद्रवंशी का अचानक तबियत खराब होने के कारण मौत हो गई। चंद्रवंशी के मौत हो जाने से प्रखंड एवं पंचायत में शोकं की लहर व्याप्त है। इनके अकास्मिक निधन हो जाने से पार्टी और समाज के लिए अपूर्ण क्षति हुई है। छात्र नेता के निधन पर भाजपा नेता प्रमोद चंद्रवंशी, क्षेत्रीय प्रभारी इंदल चंद्रवंशी, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष निरंजन चंद्रवंशी , सुरेन्द्र सिंह, उतम चंद्रवंशी , कामदेव चंद्रवंशी, सहित दर्जनों लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

## शराब की 124 बोतलों के साथ तस्कर गिरफ्तार

**पटना(नि.सं.)**। रेल पुलिस ने रविवार को डाउन श्रमजीवी एक्सप्रेस की जनरल बोगी से विदेशी शराब की 124 बोतलों के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। शराब तस्कर हर्ष कुमार बख्तियारपुर थाना इलाके के बेलथान वार्ड नंबर-19 का है। आरोपित के विरुद्ध रेल थाना में केस दर्ज किया गया है। दरअसल, पटना जंक्शन पर जीआरपी थाने की पुलिस चेकिंग कर रही थी।

# तिलक समारोह में शामिल होने आए शख्स को बाइक ने मारी टक्कर, मौत

निज संवाददाता

**बारूण (औरंगाबाद)**। जिले में इन दिनों सड़क दुर्घटना से मौत में इजाफा हुआ है। बेपरवाह वाहन चालकों से सुरक्षित अब पैदल सवार भी नहीं रह गए हैं। ताजा मामला बारुण थाना क्षेत्र के मंगरहिया गांव की है। जहां तिलक समारोह में शामिल होने अपने ससुराल पहुंचे एक शख्स को तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि व्यक्ति कुछ दूर तक घसीटा हुआ चला गया परिजन उसे अस्पताल लेकर जाते तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के संबंध में बताया गया है कि जिले के बारुण थाना क्षेत्र के मंगरहिया गांव के समीप बारुण दाउदनगर मुख्य मार्ग तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। मृतक की पहचान इसी जिले के दाउदनगर थाना क्षेत्र के चौरम गांव के 40 वर्षीय रामलाल शर्मा के रूप में की गई है। पूर्व बीडीसी सदस्य सुनील यादव ने बताया कि मृतक अपने ससुराल मंगरहिया गांव आया हुआ था। शनिवार की दोपहर में बारुण दाउदनगर मुख्य मार्ग पर तेजगति और लापरवाही से जा रहे बाइक सवार ने धक्का मार दिया। जिससे कि रामलाल शर्मा की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। बताया जाता है कि रामलाल शर्मा का मंगरहिया गांव में ससुराल थी। जहां वे अपने साले के पुत्र के तिलक समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। वे गांव के सामने बारुण दाउदनगर मुख्य मार्ग पर खड़े थे तभी तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दिया। बारुण थानाध्यक्ष कुमार सौरभ ने बताया कि जिस प्लेटिना बाइक से दुर्घटना हुई थी पुलिस ने उसे जब्त कर लिया है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। दोषी बाइक सवार की तलाश की जा रही।

# तालाब में डूबने से अधेड़ की हुई मौत

निज संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)**। गोह के देवकुंड थाना मुख्यालय स्थित सहस्त्रोधारा तालाब में डूबने से एक अधेड़ की मौत हो गई। थानाध्यक्ष अनंत कुमार ने बताया कि सुबह स्थानीय दुकानदारों ने सूचना दिया कि पूजा करने आए एक अधेड़ तालाब में गिर गए है। इसके बाद गोताखोरों की टीम बुलाई गई। घंटो काफी मशक्कत के बाद अधेड़ को निकाला गया। तालाब से बाहर निकालने पर देखा गया कि अधेड़ की मृत्यु हो चुकी है। मृतक की पहचान गोह थाना क्षेत्र के भुरकुंडा निवासी भोला मेहता के पुत्र सरयू मेहता के रूप में हुई है। परिजनों को सूचित किया गया। बाद में शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों को रो रो कर बुरा हाल है। घटना से गांव में मातम छाया हुआ है।

# मारपीट व दहेज उत्पीड़न को ले विवाहिता ने पति समेत पांच के विरुद्ध दर्ज कराई प्राथमिकी

**रफीगंज(औरंगाबाद) (नि.सं.)**। रफीगंज प्रखंड के जाखिम-पड़रिया गांव के अभय कुमार सिंह उर्फ मृत्युंजय कुमार सिंह की पत्नी प्रियंका कुमारी ने रविवार को रफीगंज थाना में पति अभय कुमार सिंह उर्फ मृत्युंजय कुमार सिंह, भैसुर बृजनंदन सिंह, भैसूर जितेंद्र सिंह, आशा देवी एवं मधु देवी को नामजद आरोपी बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। उल्लेख किया है कि विगत 8 जून 2022 को हिंदू रीति रिवाज के साथ अभय कुमार सिंह के साथ मेरा विवाह हुआ। शादी के कुछ दिन बाद ही इन लोगों द्वारा बुलेट बाइक एवं दो लाख रुपये मांग की जाने लगी। इसे लेकर सभी मारपीट करते रहते हैं। रफीगंज थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# घर में आग लगने से पांच लोग झुलसे, चार पशुओं की मौत

निज संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)**। जिले से एक बड़ी घटना सामने आई है। जहां गोह प्रखंड के बंदेया थाना क्षेत्र के मलहद पंचायत के झगरू पीपर गांव में रविवार की दोपहर लगभग 3 बजे दिन में अचानक बिजली के शॉर्ट सर्किट से डोमन यादव के घर में आग लग गई। जिस समय आग लगी उस समय घर के सभी परिवार सोए हुए थे। पीड़ित के मकान से उठी धुआं को देखकर ग्रामीण चित्कार हो उठे। तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। घर में आग लगने की एहसास जब गृहस्वामी डोमन यादव को हुआ तो बीच-बचाव के दौरान 65 वर्षीय डोमन यादव,60 वर्षीय पत्नी सोनामति देवी, 26 वर्षीय पुत्र पिंटू यादव व उसके चार वर्षीय पुत्री शुभम कुमारी व तीन वर्षीय पुत्री चंचला कुमारी आग के चपेट में आने से गंभीर झूलस गए। देखते ही देखते ईंट व फूंस से बना मकान जलकर राख हो गया। घर में रखा नगद पचास हजार रुपए, अन्नाज, कपड़े तथा चार बकरी जलकर राख हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मसक़त के बाद ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। सभी घायलों को स्थानीय मुखिया संतोष रजक व उप मुखिया मोहम्मद आफताब आलम उर्फ शुडडू ने प्राथमिक उपचार के लिए गोह पीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद चार लोगों को बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज गया रेफर कर दिया। सूचना पर अस्पताल में पहुंची बंदेया थाना के एस आई कृष्णा राय ने घायलों की स्थिति परिस्थिति का जायजा लिया। वहीं मलहद पंचायत के मुखिया संतोष रजक ने पीड़ित परिवार को सहयोग राशि दी। घटना की सूचना मिलते ही अंचल अधिकारी सोनम राज व राजस्व कर्मचारी विकास कुमार ने पीड़ित का जायजा लिया और मुआवजा दिलाने का आश्वासन भी दिया।

# उच्चकों ने तेजस राजधानी से उतरते ही महिला के गले से चेन झपटी

निज संवाददाता

**पटना**। पटना जंक्शन पर तेजस राजधानी एक्सप्रेस से उतरते ही उचक्कों ने एक महिला के गले से चेन झपट ली, जबतक महिला शोर मचाती बदमाश रेलवे लाइन की तरफ कूदकर भाग गया। इस बाबत पीड़िता ने रेल थाने में केस दर्ज कराया है। रेल पुलिस मामले की जांच कर रही है। भोजपुर (आरा) जिले के तियर थाना इलाके के उत्तर दाहा वार्ड संख्या-दो निवासी जवाहर लाल सिंह की पुत्री डौली कुमारी नई दिल्ली से तेजस राजधानी एक्सप्रेस से पटना जंक्शन पहुंची थीं। उन्होंने रेल पुलिस को बताया है कि वह अपना सामान लेकर ट्रेन से प्लेटफार्म पर उतरी। बाहर जाने के ज्यूं ही बढ़ीं थी कि गेट नंबर तीन के पास एक बदमाश ने उनके गले से सोने की चेन झपट ली।

जन-जन की वाणी...
सोन वर्षा वाणी
2 राज्य | 4 संस्करण
केंद्र सरकार के डी.ए.वी.पी. तथा बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड राज्य सरकार के आईपीआरडी से मान्यता प्राप्त
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची (झारखंड) से प्रकाशित हिंदी दैनिक




आवश्यकता :
25 वर्षों से निरंतर प्रकाशित हो रहे प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचारपत्र सोन वर्षा वाणी को पेजिनेटर, कॉपी एडिटर, विज्ञापन प्रबंधक, मार्केटिंग प्रतिनिधि एवं प्रत्येक जिले से पत्रकार / संवाददाता की आवश्यकता है|
इच्छुक सम्पर्क करें : 7766886433, mail : svvpress@gmail.com
नोट : अनुभव के आधार पर पद सृजित किये जायेंगे।

प्रधान कार्यालय : सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) | मो. 9934957121
आरा कार्यालय : जयहिंद कॉलोनी, नाला मोड़, आरा (भोजपुर) बिहार | मो. 9142681546
रांची कार्यालय : 204, निर्मला एन्क्लेव, रानी बागान, बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, बरियातू, रांची (झारखंड) | मो. 7766886433